आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 223 | उज्जैन, बुधवार 26 अगस्त, 2026 | श्रावण शुक्ल 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### राहुल-खड़गे की मोदी को चिट्ठी जाति जनगणना के सवाल बदलें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने जाति जनगणना में जातियों के नाम दर्ज करने और डेटा जुटाने के तरीके का विरोध किया है। उन्होंने पीएम मोदी को लेटर लिखकर जनगणना में पूछे जाने वाले सवाल बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसे बनाने से पहले राजनीतिक दलों, विशेषज्ञों और जनता से सलाह ली जानी चाहिए। जनगणना के सवालों में पिछड़ा वर्ग शब्द नहीं होने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इससे देश में ओबीसी आबादी का सही आंकड़ा सामने आने में परेशानी हो सकती है। तेलंगाना और बिहार जैसी प्रक्रिया अपनाने की मांग की है। जाति का नाम पूछने के लिए सवाल रखने से एक ही जाति अलग-अलग नामों या उपजातियों के नाम से दर्ज हो सकती है।


### सुप्रीम कोर्ट से टीएमसी के बागी सांसदों को नोटिस

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से अलग होकर दूसरी पार्टी से जुड़ने वाले सांसदों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बागी सांसदों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने सांसदों से अपना पक्ष रखने को कहा है। अभिषेक बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर लोकसभा अध्यक्ष को दलबदल विरोधी कानून के तहत दाखिल अयोग्यता याचिकाओं पर जल्द फैसला लेने का निर्देश देने की मांग की थी। उनका आरोप है कि सांसदों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई पर फैसला लेने में अनावश्यक देरी हो रही है। बनर्जी ने पहले 20 सांसदों के खिलाफ अलग-अलग अयोग्यता याचिकाएं दाखिल की थीं।

### अमेरिका का ईरान की कमाई के पांच रास्तों पर प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था के 5 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। जिनका इस्तेमाल ईरान दूसरे देशों में अपनी आर्थिक गतिविधियों के लिए करता है। इनमें डिजिटल एसेट्स (जैसे क्रिप्टोकरेंसी), टेक्नोलॉजी, सोना, एविएशन और शिपिंग सेक्टर शामिल हैं। अमेरिका इन क्षेत्रों के जरिए ईरान की कमाई और अंतरराष्ट्रीय कारोबार को रोकना चाहता है। यानी अगर कोई देश इन क्षेत्रों में ईरान के साथ ऐसा कारोबार करता है जिससे उसे पैसा या आर्थिक फायदा मिलता है। तो अमेरिका उस देश पर भी प्रतिबंध लगा सकता है या उसे अमेरिकी डॉलर की वित्तीय व्यवस्था से बाहर कर सकता है। अमेरिका ने अभी यह साफ नहीं किया है कि किन देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

### जॉनी लीवर की बेटी की शादी की खबरें फेक



गोविंदा के बेटे के साथ एआई वीडियो आया जेमी ने यशवर्धन को कहा छोटा भाई

**मुंबई।** जॉनी लीवर की बेटी और एक्ट्रेस जेमी लीवर ने कहा कि उनकी शादी की खबरें फर्जी हैं। दरअसल, हाल ही में एक फर्जी एआई वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दावा किया गया कि जेमी और गोविंदा के बेटे यशवर्धन की शादी हो गई है। वीडियो में दोनों की शादी से जुड़े अकविजुअल भी दिखाए गए थे। जिसके बाद जेमी ने सोमवार को वीडियो शेयर कर कहा कि मेरी शादी के लिए मुझे पता है कि बहुत सारे लोग चिंतित हैं, सोच रहे हैं, हो रही है, कब हो रही है और इसके चलते कुछ एआई, फेक वीडियो बनाए गए हैं, जो इंटरनेट पर सकुर्लेट हो रहे हैं। पहले मुझे काफी हंसी आई, मैंने एंजॉय किया। हम लोग कजिन्स आपस में एक-दूसरे को वीडियो भेज रहे थे और हम काफी हंस रहे थे, लेकिन अब ऐसा हो गया है कि बहुत सारे कॉल आने लग गए हैं और मुझे बधाई देने के लिए। उन्होंने आगे कहा कि लेकिन ये सारे वीडियो और सारी जानकारी फेक है।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** 100% आटा लिखने पर लाइसेंस रद्द, कोर्ट ने रोक लगाई, एफएसएसएआई ने कंपनी के दावे पर एक्शन लिया था, 9 सितंबर को अगली सुनवाई।
- **नई दिल्ली:** गूगल ने प्ले स्टोर से हटाए 3 फर्जी लोन एप्स, डेटा चोरी और भारी ब्याज वसूलने की शिकायत पर एक्शन।
- **मध्यप्रदेश:** धार की बस में लगी भीषण आग, खिड़की तोड़कर बाहर निकले यात्री, कैश-जेवर, कपड़े जलकर खाक।
- **अयोध्या:** दो सितंबर को ट्रस्ट की बैठक पर टिकीं निगाहें, भरेंगे रिक्त पद, राम मंदिर को मिलेंगे नए सीईओ व प्रवक्ता।
- **नई दिल्ली:** दो महीने बाद फिर जेल से बाहर आया राम रहीम, लैंड क्रूजर-फॉर्च्यूनर के काफिले में सिरसा डेरे पहुंचा, 17वीं बार पैरोल मिली।
- **राजस्थान:** जेन जी के बाद अब जेन अल्फा के आंदोलन, नौ जिलों में बच्चों ने खोला स्कूलों की बदहाली के खिलाफ मोर्चा।

दिल्ली-एनसीआर में लगातार दूसरे दिन तेज बारिश से कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भराया

# गुरुग्राम में वर्क-फ्रॉम-होम, एमपी समेत 15 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन तेज बारिश हुई है। एम्स फ्लाईओवर, कनॉट प्लेस, आईटीओ और आरके पुरम समेत कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भर गया। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। दिल्ली-गुरुग्राम को जोड़ने वाले एनएच-48 पर महिपालपुर के पास ट्रैफिक जाम लगा। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की। सोमवार को करीब 390 फ्लाइट्स लेट हुईं, 15 डायवर्ट और 26 कैंसिल की गईं।



### बारिश से 4 लोगों की मौत, भोपाल में ट्रैफिक प्रभावित

- गुरुग्राम में कई जगह 3 फीट तक पानी भरने के बाद मंगलवार को सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में वर्क फ्रॉम होम लागू किया गया। सोमवार को कई स्कूल बसें 3-6 घंटों तक पानी में फंसी रहीं।
- यूपी के अयोध्या समेत 15 शहरों में बारिश हो रही है। वाराणसी में सोमवार रात 8 बजे से बारिश जारी है और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 4 लोगों की मौत हुई। मथुरा में सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न हैं।
- मध्य प्रदेश के भोपाल समेत कई जिलों में भी तेज बारिश हुई। विदिशा के बाजार में पानी भर गया और भोपाल में ट्रैफिक प्रभावित हुआ। प्रदेश में अब तक 28.75 इंच बारिश हुई है।
- मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक एमपी, यूपी, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, उत्तराखंड और केरल समेत 15 राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

गोम्मटगिरी चौराहे के समीप आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी जमीन को लेकर विवाद

# दीवार खड़ी कर रास्ता रोकने का आरोप

### जमीन पर कब्जे की कोशिश से गरमाया विवाद

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

गोम्मटगिरी चौराहे के समीप आकाश ग्रीन कॉलोनी से लगी जमीन को लेकर विवाद अब सड़क और जमीन के कथित अवैध कब्जे तक पहुंच गया है। अधिवक्ता डी.जी. मिश्र ने थाना गांधीनगर में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर दीवार तोड़कर कब्जे की कोशिश की गई और अब रास्ता बंद करने के उद्देश्य से कथित रूप से अवैध निर्माण कराया जा रहा है। शिकायत में आकाश ग्रीन कॉलोनी और विनायक सार्थक ग्रुप से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत के मुताबिक गोम्मटगिरी चौराहे से लगी यह भूमि करीब तीन दशक से मिश्र परिवार के कब्जे और स्वामित्व में है। आरोप है कि पिछले दिनों उनकी जमीन की सीमा पर बनी दीवार को तोड़कर जबरन रास्ता निकाला गया तथा जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। मिश्र परिवार ने इस मामले को लेकर जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न प्रशासनिक मंचों पर शिकायतें दर्ज कराईं।

मामला यहीं नहीं रुका। शिकायतकर्ता के अनुसार कॉलोनाइजर अश्विन मेहता और निलेश गुप्ता के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण भी विचाराधीन है। इसके बावजूद मंगलवार को विवादित स्थल पर फिर निर्माण गतिविधि शुरू किए जाने का आरोप है।



### न्यायालय में मामला लंबित तो फिर निर्माण क्यों?

सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब जमीन को लेकर विवाद न्यायालय में विचाराधीन है और विभिन्न स्तरों पर शिकायतें भी की जा चुकी हैं, तो विवादित स्थल पर निर्माण की नौबत कैसे आई। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जे और निर्माण पर तत्काल रोक लगाने तथा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस की जांच और न्यायालयीन कार्यवाही के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मौके पर किया जा रहा निर्माण वैध था या नियमों के विपरीत। फिलहाल जमीन, रास्ते और निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद इंदौर में एक बार फिर सुर्खियों में है।

### चार दशक पुराने पेड़ की कटाई का भी आरोप

शिकायत में आरोप लगाया गया कि मौके पर मौजूद करीब चार दशक पुराने बबूल के पेड़ को काट दिया गया और इसके बाद रास्ता रोकने के उद्देश्य से दीवार खड़ी करने का काम शुरू कर दिया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिस जमीन और रास्ते को लेकर पहले से विवाद न्यायालय में विचाराधीन है, वहां निर्माण शुरू करना पूरे मामले को और गंभीर बनाता है।

### पुलिस ने मौके से वाहन जब्त किए

मामले की सूचना मिलने पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद ट्रैक्टर और टैंकर-ट्रॉली को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस यह जांच कर रही है कि मौके पर चल रहा निर्माण किसकी अनुमति से किया जा रहा था और निर्माण सामग्री व वाहनों के संबंध में वैध दस्तावेज मौजूद थे या नहीं।

# दिल्ली में इन्फ्लूएंजा के 3 हजार से अधिक केस

सीएम ने बुलाई बैठक, मंत्री बोले- स्थिति नियंत्रित




**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इन्फ्लूएंजा के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि के बीच, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक आपातकालीन समीक्षा बैठक बुलाई है। मंगलवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए जनता को आश्वस्त किया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है और स्थिति पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में है। स्वास्थ्य विभाग, एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ या दवाओं की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने एक आपातकालीन समीक्षा बैठक बुलाई है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कोई समस्या नहीं है, सब कुछ नियंत्रण में है। आंकड़े साझा करते हुए मंत्री ने बताया कि दिल्ली में इस साल अब तक इन्फ्लूएंजा के लगभग 3,000 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से सबसे बड़ा हिस्सा एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) संक्रमण का है, जिसके 2,308 मामले सामने आए हैं। शेष मामले इन्फ्लूएंजा के अन्य स्ट्रेन के हैं।

## युवक ने गर्लफ्रेंड के 3500 किस प्रिंट से सजाई कार

पुलिस ने थमाया 5500 रुपये का चालान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ग्वालियर**

एमपी के ग्वालियर शहर में एक कार अपने मॉडल, कीमत या रफ्तार की वजह से नहीं, बल्कि अपने अनोखे लुक को लेकर चर्चा में है। सड़क पर निकली इस कार को देखकर लोगों की नजरें ठहर गईं। कार की पूरी बॉडी पर लाल लिपस्टिक से बने होंठों के निशान थे। दावा किया जा रहा है कि कार पर करीब 3400 किस के निशान बनाए गए थे। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद मामला ट्रैफिक पुलिस तक पहुंच गया। दरअसल, कबीर आश्रम (थाटीपुर) निवासी आदित्य सिंह सिकरवार ने रील वायरल करने कार एमपी 07 सीसी 9452 पर महिला मित्र से गहरे लाल रंग की लिपस्टिक से होंठों के 3500 निशान बनवाए और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सीएम हाउस का घेराव करने जा रहे छात्रों पर लाठीचार्ज

## पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल, वाटर कैनन चली

**एजेंसी ▶▶ पटना**

बीपीएससी टीआरई-4 में पीटी-मेन, नेगेटिव मार्किंग हटाने और 100% डोमिसाइल की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में छात्रों का आंदोलन जारी है। मंगलवार को ऑल बिहार स्टूडेंट यूनियन के छात्र सीएम हाउस का घेराव करने निकले।

छात्रों को रोकने के लिए जेपी गोलंबर पर पुलिस के साथ-साथ सीआरपीएफ जवानों को भी तैनात किया गया, लेकिन छात्र बैरिकेडिंग तोड़ते हुए डाकबंगला पहुंच गए। इस दौरान छात्रों की सीआरपीएफ जवानों के साथ धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शन के दौरान एक छात्र का सिर फट गया, जबकि एक छात्रा बेहोश हो गई। पुलिस ने छात्रों को रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। पानी की बौछार के बीच प्रदर्शन कर रहे छात्र शैंपू लगाकर नहाते भी दिखे। कुछ छात्रों ने पुलिस की ओर पत्थरबाजी भी की, जिसमें टाउन डीएसपी कामाख्या नारायण सिंह घायल हो गए। कई पुलिसकर्मियों को भी चोट लगी है। हालात बिगड़ता देख पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कुछ छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में भी लिया है। छात्रों के प्रदर्शन के बीच बख्तरबंद गाड़ी भी बुलाई गई। इस गाड़ी का इस्तेमाल आमतौर पर नक्सल प्रभावित इलाकों में किया जाता है। पटना के गर्दनीबाग में छात्र 18 अगस्त से धरने पर बैठे हैं।



## नई पीढ़ी को जिम्मेदारी देने का समय: नितिन गडकरी

**एजेंसी ▶▶ नागपुर**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 'जिम्मेदारी नई पीढ़ी के हाथों में सौंपने' वाले बयान पर मंगलवार को सफाई आई। गडकरी के ऑफिस ने कहा, 'उन्होंने अपने ट्रस्ट से जुड़े सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी नई पीढ़ी को सौंपने की बात कही थी।' ऑफिस ने कहा कि उनके बयान का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, गडकरी के इस बयान को उनके राजनीति से रिटायरमेंट लेने से जोड़ दिया था। गडकरी का यह बयान 23 अगस्त का है। उन्होंने पुणे में कहा था, अब ज्यादा काम नहीं कर सकता। जब कर सकता था, तब किया। नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए। नितिन 37 साल से ज्यादा राजनीति में हैं। पिछले 12 साल से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इनके पास सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय है।



## चीनी की कीमतें रिकॉर्ड हाई से 18 प्रतिशत तक घटीं

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

सरकार की ओर से चीनी के आयात को अनुमति दिए जाने के बाद दाम 18% तक गिरकर 55 प्रति किलो पर आ गए हैं। ये एक्स-मिल यानी कारखाने से निकलने वाले दाम है। पिछले हफ्ते चीनी का भाव 67 प्रति किलोग्राम के ऑल-टाइम हाई स्तर पर पहुंच गया था। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने पीटीआई से बातचीत में बताया कि सरकार ने चीनी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने 10 लाख टन कच्चे चीनी के आयात की अनुमति दी थी। इसके अलावा, बड़े खरीदारों पर स्टॉक लिमिट लागू की गई है और राज्यों को जमाखोरी रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में 6 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी ▶▶ श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने सोमवार रात चेकिंग के दौरान 6 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 2 हैंड ग्रेनेड और हिजबुल मुजाहिदीन के 5 पोस्टर मिले हैं। वहीं, पुलवामा में भी सुरक्षाबलों ने यरवान जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान दो संदिग्ध आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्तौल, 12 कारतूस और हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। सुरक्षा एजेंसियां हथियारों के सोर्स और इनके आतंकी नेटवर्क से संबंधों की जांच कर रही हैं। इससे पहले सोपोर के मंजसीर इलाके में सोमवार रात को सुरक्षाबलों ने जॉइंट सर्च ऑपरेशन में हथियार बरामद किए हैं।

तनाव के बीच भारत-पाक के बीच रिश्तों की डोर कमजोर पड़ गई थी अब जगी उम्मीद

# 150 पाकिस्तानी दुल्हनें भारत में पहुंचीं

### ठंडा पड़ा पहलगाम का गुस्सा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली**

अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान से जुड़ने वाली बॉर्डर को बंद कर दिया था। वाघा अटारी बॉर्डर बंद होने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच रिश्तों की डोर भी कमजोर पड़ गईं। तनाव के माहौल में एक-दूसरे देश में शादी की उम्मीदें कम हो गई थीं। करीब डेढ़ साल के लंबे इंतजार के बाद फिर से उम्मीदें जगी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक करीब





150 पाकिस्तानी दुल्हनें मस्कट, कोलंबो, ढाका, दुबई और कतर से कनेक्टिंग फ्लाइट लेकर नागपुर, जोधपुर, अहमदाबाद, रायपुर, पुणे और भोपाल जैसे भारतीय शहरों में पहुंचीं और शादी की रस्में निभाईं।

गृह मंत्रालय ने सिंध के एक सम्मानित धार्मिक स्थल के साथ मिलकर इन यात्राओं के लिए विशेष छूट दी।

### दुल्हनें करीब 450 रिश्तेदारों के साथ भारत आई

पाकिस्तानी रिश्तेदारों को दुल्हन के साथ आने की इजाजत तो थी, लेकिन उन्हें तय समय के अंदर वापस लौटना था, इसलिए शादियां सादगी से हुईं। टीओआई को पाकिस्तानी दुल्हनों के वीजा परमिट और दस्तावेज मिले हैं। सामान्य समय में भारत का वीजा रखने वाले पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर से आसानी से आ-जा सकते थे, लेकिन अब जमीनी बॉर्डर बंद होने के कारण उन्हें हवाई रास्ते से घूमकर आना पड़ा। इस साल अप्रैल से जून के बीच दुल्हनें करीब 450 रिश्तेदारों के साथ भारत आईं।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### जतन से पूर्व बरसे बदरा

इस बार मानसून पर अलनीनो का असर पहले से ही बताया गया है। इसके चलते पर्याप्त वर्षा के योग कमजोर ही हैं लेकिन फसलों को जितना पानी चाहिए उसकी जरूरत तो है ही। फसलों पर संकट की स्थिति पिछले डेढ़ सप्ताह से अधिक से बारिश नहीं होने के चलते बनने लगी थी। कीट, पतंगे, ईल्ली सब पनपने लगे थे। बारिश नहीं होने से मानव को प्रभावित करने वाले वायरस भी सक्रिय होने लगे थे। इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में तो भगवत् भजन की स्थिति शुरू हो चुकी थी। इसके साथ ही तमाम तरह के जतन भी किए जाने की तैयारी हो चुकी थी। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में उज्जैनी मनाने की तैयारी थी जिसके तहत गांव के घरों की बजाय जंगल में जाकर खेतों पर ही चुल्हा जलाना और वहीं पर भोजन पकाने से लेकर खाने की प्रक्रिया का पालन किया जाने की तैयारी कर ली गई थी। यही नहीं अन्य प्रकार के जतनों में टोटके के लिए भी तैयारी की गई थी। गधे पर नगर सेठ को उल्टा बैठाकर उनकी शोभायात्रा निकालना भी इसमें शामिल था। यही नहीं मेंढ़क-मेंढ़की का विवाह करवाने जैसे मामले भी इसमें शामिल हैं। इन तैयारियों के बीच ही जैसे-तैसे बादलों ने बारिश कर दी। खेतों की मिट्टी में तिड़कने के कारण से फसल के पौधों की जड़ें टूटने के आसार के पूर्व ही पानी बरसने से एक बार फिर से पौधों में ऊर्जा भर गई है और उनकी बढ़वार के लिए भी बहुत ही अच्छी स्थिति बनेगी। मानसून के दौरान इस बार अब तक जिले में नदियों के तट बंध तोड़ने की स्थिति नहीं बनी है। खुसूर-फुसूर है कि पर्यावरण के साथ निरंतर अत्याचार के हालात में अब प्रकृति भी अपने हिसाब से ही देने लगी है। इससे बारिश का सीधा संबंध है। पर्यावरण से भरपूर जिलों में खासी बारिश दर्ज की गई है। इस बार तो फिर भी प्रकृति ने मेहरबानी की है अगर अब भी अगर पर्यावरण को इसी तरह से बरबाद करते हुए नजरअंदाज किया जाता रहा और पेड़ों के प्रति बेरूखी और अत्याचार जारी रहा तो इसके परिणाम के रूप में आदमजात को सजा भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

## नैनो न्यूज

- **सिंधु जागृत समाज** ने 71 प्रतिभावान बच्चों और शिक्षाविदों का किया सम्मान, कालिदास अकादमी में आयोजित हुआ सिंधु प्रतिभा सम्मान, बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां।
- **अर्जी वाले हनुमान मंदिर** में 101 जोड़ों ने किया महारुद्राभिषेक, थाईलैंड, हांगकांग और सिंगापुर के विदेशी भक्त भी हुए शामिल, विद्वान पंडितों ने संपन्न कराया अनुष्ठान।
- **परीक्षा में असफलता पर** निराश न हों विद्यार्थी, दोगुने उत्साह से करें तैयारी, वरिष्ठ नागरिक दिवस पर लायंस क्लब सुरभि ने आयोजित की निबंध प्रतियोगिता, 50 विद्यार्थियों ने लिया भाग।
- **विक्रम उद्योगपुरी में** रक्तदान शिविर, 33 यूनिट रक्त एकत्रित, रोटरी क्लब और पुष्पा मिशन अस्पताल का संयुक्त आयोजन, कॉस्मॉस मॉल में भी जुटाया था 80 यूनिट रक्त।
- **अफसरों ने परखी** मुस्कुराके मंडली की तलवार की धार, राजसी वेशभूषा को सराहा, 39 वर्षों से श्रावण-भादौ मास की सवारी में शामिल हो रही मंडली, कलेक्टर सहित चार आईएएस अधिकारियों ने की प्रशंसा।
- **नई पहल के वार्षिक समारोह** में शिक्षा और समाजसेवा पर जोर, डॉ. पटेल ने की प्रयासों की सराहना, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने किया पौधारोपण, शहर में लगेंगे दो निशुल्क चश्मा शिविर।
- **चैतन्य भैरव नारी शक्ति** झांझ व डमरू मंडली उज्जैन ने महाकाल की सवारी में प्राप्त किया प्रथम स्थान, सनातन वेशभूषा में दी शानदार प्रस्तुति, तेज धूप में भी नहीं डिगा उत्साह।
- **अभिनंदन परिसर में** राखी मेला शुरू, सांसद फिरोजिया ने किया शुभारंभ, 26 अगस्त तक चलेगा मेला, महिलाओं द्वारा निर्मित राखियों और हस्तशिल्प उत्पादों की हो रही बिक्री।
- **पंचाक्षर मंत्र जाप** से शिवमय हुआ रिद्धि-सिद्धि गार्डन, भजनों पर झूमे 600 श्रद्धालु, श्री महाकाल नियमित दर्शन भोग आरती संगठन का सावन महोत्सव, सांसद समेत कई जनप्रतिनिधियों का हुआ स्वागत।

## ट्रेंडिंग




शिक्षक पात्रता परीक्षा पर असमंजस को लेकर आंदोलन में दिल्ली जाएंगे शिक्षक

# असमंजस बरकरार, शिक्षक दिल्ली में आंदोलन को बेकरार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

- परीक्षा के आवेदन ऑनलाइन शुरू
- शिक्षकों ने उठाए मूल मूद्दे के सवाल



शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर पात्रता को लेकर असमंजस बरकरार है। शिक्षक भी दिल्ली में जंतर मंतर पर आंदोलन को बेकरार हैं। परीक्षा को लेकर 21 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत हो चुकी है। सिलेबस के पते नहीं हैं। व्यापम से परीक्षा पास कर आए शिक्षकों ने मूल मुद्दे के सवाल उठाते हुए आंदोलन का झंडा उठा रखा है। दायरे में लिए गए शिक्षक टीईटी का विरोध करने 30अगस्त को दिल्ली के जंतर मंतर में जुटने वाले हैं।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, उज्जैन के शेख मोहम्मद हनीफ के अनुसार 23 अगस्त को हमने रैली का आयोजन रखा था लेकिन दिल्ली प्रदर्शन की जानकारी आने पर उसे निरस्त कर दिया गया और 30 अगस्त को शिक्षकों से दिल्ली चलने की तैयारी के लिए आग्रह किया है। उनके अनुसार मध्यप्रदेश के सभी अध्यापक शिक्षक साथी इस काला कानून को वापस लेने, टीईटी परीक्षा बंद करने हेतु जंतर-मंतर दिल्ली में पहुंच कर प्रदर्शन में भाग लेंगे।

स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार संबंधित शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। तय अवधि में परीक्षा पास नहीं करने वाले शिक्षकों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने का प्रावधान बताया गया है। उज्जैन जिले में करीब 2 हजार ऐसे शिक्षक सामने आ रहे हैं जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं। इनमें 788 माध्यमिक एवं 1133 प्राथमिक शिक्षक हैं। इनमें से 517 ऐसे हैं जिनकी सेवानिवृत्ति में 5 वर्ष से भी कम समय बचा है। इस मान से देखा जाए तो करीब डेढ़ हजार शिक्षकों को पात्रता परीक्षा पास करना अनिवार्य स्थिति में सामने आ रहा है। इन हालातों में अभी तक लोक शिक्षण संचालनालय से पात्रों की सूची को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### उज्जैन जिले पर एक नजर

| तहसील | मा.शि.टीईटी नहीं | प्रावि.शि.टीईटी नहीं |
|---|---|---|
| उज्जैन | 185 | 206 |
| घट्टिया | 72 | 120 |
| तराना | 126 | 234 |
| बड़नगर | 107 | 235 |
| खाचरौद | 200 | 184 |
| महिदपुर | 98 | 154 |

स्त्रोत-जिला शिक्षा कार्यालय।

### आक्रोश एवं असमंजस का माहौल

लोक शिक्षण संचालनालय अब तक यह सूची ही जारी नहीं कर पाया है कि आखिर इस अग्निपरीक्षा में किन किन शिक्षक को बैठना है। बस इतना भर बताया जा रहा है कि जिन शिक्षकों की अंकसूची पर शिक्षक पात्रता परीक्षा लिखा है, उन्हें परीक्षा नहीं देनी है। लेकिन, बड़ा सवाल यह है है कि 2005 से 2009 के बीच भर्ती शिक्षकों की व्यापम से कराई परीक्षा की अंकसूची पर संविदा शाला शिक्षक पात्रता परीक्षा लिखा है। अफसरों के इस तर्क ने पूरे मामले को सुलझाने के बजाय और उलझा दिया है। शिक्षक संघों का कहना है कि क्या सिर्फ इन तकनीकी शब्दों के फेर में इन अनुभवी शिक्षकों को भी दोबारा परीक्षा की कतार में खड़ा कर दिया जाएगा मूल सवालों में यह भी है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति उस समय के वैध नियमों के तहत हुई थी, उसे आज कैसे चुनौती दी जा सकती है? सरकार को आरटीई कानून में संशोधन करना चाहिए। असल में सरकार 2004 से पहले नियुक्त शिक्षकों से परेशान है। क्योंकि वे पुरानी पेंशन और मूल नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता के दायरे में आ रहे हैं। सरकार उन्हें परीक्षाओं में उलझाकर रखना चाहती है।शिक्षक संगठनों का तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ पात्रता परीक्षा पास होने की बात कही है, किसी नए सिलेबस की नहीं। सरकार ने 2005 से 2009 के बीच व्यापम के जरिए कठिन परीक्षा लेकर ही संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की थी, जिसका सिलेबस मौजूदा टीईटी जैसा ही था। ऐसे में इन शिक्षकों को बिना परीक्षा वाले (1999-2005) कैडर के बराबर खड़ा करना गलत है।

### प्रमोशन पा चुके को बख्शा तो भेदभाव होगा

प्रमोशन पा चुके शिक्षकों का मूल पद यथा-1999 से 2004 के बीच बिना परीक्षा भर्ती हुए कई प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक अब प्रमोट होकर उच्च माध्यमिक शिक्षक बन चुके हैं। संघों का आरोप है कि यदि इन्हें परीक्षा से बाहर रखा तो यह भेदभाव होगा। क्योंकि, मूल नियुक्ति बिना परीक्षा की थी। यदि परीक्षा दिलाई, तो प्रमोशन के नियम आड़े आएंगे। क्योंकि उनका मूल पद ही बदल चुका है। यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि वर्ष 2023 में उच्च पद प्रभार नीति के तहत कई जिलो में सैंकडों शिक्षक अपने से ऊंचे पदों पर पढ़ा रहे हैं। पेंच यह है कि परीक्षा मूल पद की होगी या वर्तमान प्रभार पद की? जो माध्यमिक शिक्षक अब हायर सेकेंडरी में पढ़ा रहें हैं, उन पर तो आरटीई कानून ही लागू नहीं होता है। क्योंकि वे कक्षा 8वीं से ऊपर जा चुके हैं।

### 12 अक्टूबर से परीक्षा

टीईटी के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 अगस्त से शुरू हो गई है और अभ्यर्थी 4 सितंबर तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में किसी तरह की त्रुटि होने पर 9 सितंबर तक ऑनलाइन सुधार किया जा सकेगा। परीक्षा मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 12 अक्टूबर से आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा मुख्य रूप से वर्ष 1998 से 2011 के बीच नियुक्त शिक्षकों के लिए रखी गई है।

शिप्रा नदी पर लापरवाही का नजारा...

# बैराज के ऊपर से जान जोखिम में डालकर निकल रहे लोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शिप्रा नदी के छोटे पुल को तोड़कर उसके स्थान पर नए पुल का निर्माण किया जा रहा है, छोटा पुल टूटने के बाद इस पर आवागमन बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है उन्हें शिप्रा नदी पार करने के लिए रास्ता नहीं मिल रहा है ऐसे में वह शॉर्टकट के चक्कर में शिप्रा नदी के बड़े पुल के पास बने संकरे पगडंडी वाले बैराज वाले मार्ग का उपयोग कर अपनी जान जोखिम में डालकर नदी पार कर रहे हैं।

संकरे बैराज के ऊपर से निकलते समय अगर जरा भी संतुलन बिगड़ा तो वह नदी में गिर सकते हैं और हादसे का शिकार हो सकते हैं। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सोमवार को सवारी के दिन भी शिप्रा नदी पर लापरवाही का नजारा देखने को मिला। सवारी देखने पहुंचे कई लोग इस संकरे बैराज के ऊपर से होते हुए निकल रहे थे जबकि सोमवार को चौथी सवारी के दिन शिप्रा नदी पर बड़ी संख्या में पुलिस व सुरक्षा कर्मियों तैनात थे। लेकिन उसके बावजूद भी लोग बेहिचक अपनी जान जोखिम में डालकर इस संकरे बैराज के ऊपर से निकल रहे थे। यहां ड्यूटी दे रहे पुलिस कर्मियों द्वारा उन्हें ऐसा करने से रोक टोका भी नहीं जा रहा था।

### निर्माणाधीन पुल से भी निकल रहे

छोटे पुल की जगह बनाया जा रहा नया पुल का कुछ हिस्सा बनकर तैयार हो गया है और आगे का कार्य जारी है लेकिन सबसे बड़ी परेशानी यह है कि इस निर्माणाधीन पुल से लोग नदी के इस पार से नदी के उस पार जाने की कोशिश कर रहे हैं जो कि लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है लेकिन फिर भी लोग इस निमार्णाधीन पुल के ऊपर चढ़कर नदी पार कर रहे हैं। पुल से निकलते समय हमेशा लोगों के नदी में गिरने का डर बना रहता है।लेकिन उसके बाद भी लोग इस निर्माणाधीन पुल से होकर इस पार से नदी के उस पार जा रहे हैं।

### पहले भी कई बार हो चुके हैं हादसे

1 वर्ष पूर्व शिप्रा नदी के बड़े पुल से पुलिस कर्मियों की कार भी नदी में गिर गई थी और इस घटना में तीनों पुलिस कर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई थी उस दौरान भी शिप्रा नदी के बड़े पुल पर बैरिकेट्स नहीं लगे थे ऐसे में संकरे बैराज के ऊपर से लोग शिप्रा नदी के इस पार से उस पार जा रहे हैं ऐसे में कभी भी शिप्रा को पार करते समय लोग नदी में गिर सकते हैं लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज का स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



दक्षिण पीठ नाणीजधाम, रत्नागिरी (महाराष्ट्र) के परमपूज्य जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज के इंदौर शुभागमन के पावन अवसर पर त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक त्रिशूलपाणी आदित्य नागर ने उनकी चरण-वंदना कर भेंट अर्पित की।

इस दिव्य भेंट में नागर ने जगतगुरु महाराज को मोक्षदायिनी क्षिप्रा (शिप्रा) नदी को पुनः प्रवाहमान बनाने तथा उज्जैन को पवित्र नगरी घोषित कराने हेतु चल रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही कार्तिक द्वादशी से कार्तिक पूर्णिमा तक त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा आयोजित शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा में सम्मिलित होने का विनम्र निमंत्रण भी दिया।

नागर ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित यह शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के प्रति जन-जागरण एवं जल-संवर्धन के महासंकल्प के रूप में निकाली जाती है। इसमें सैकड़ों साधु-संतों का समागम होता है तथा कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन सभी पड़ावों पर एक दिया शिप्रा के नाम अभियान चलाया जाता है। रामघाट पर आयोजित मुख्य समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

परमपूज्य जगतगुरु श्रीमद् रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज ने इस पुण्य प्रदक्षिणा में सम्मिलित होने की सहमति प्रदान कर पूरे आयोजन को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

## मासक्षमण की तपस्विनी किमी मयंक जैन का बहुमान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जैन सोश्यल ग्रुप अवन्तिका उज्जैन द्वारा मासक्षमण 31 उपवास की तपस्विनी श्रीमती किमी. मयंक जैन का श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ अरविन्दनगर के प्रवचन हाल में उनके तपस्यापूर्ण के उपरांत बहुमान किया गया। बहुमान ओमप्रकाश जैन, मप्र गृह निर्माण मण्डल उज्जैन के अध्यक्ष की उपस्थिति में अभयकुमार सेठिया, रविन्द्रकुमार कटारिया, जिनदेव जैन, राजेन्द्रकुमार पालरेचा, अजितकुमार कंकरेचा, अशोककुमार कटारिया, आशा पालरेचा, प्रमिला कटारिया, मीरा जैन, अलका जैन, निर्मला सेठिया अमिता जैन द्वारा शाल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र आदि द्वारा किया गया।

# रक्षाबंधन के अवसर पर श्रावणी उपाकर्म का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर शुक्रवार, 28 अगस्त को श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे मां कालिका माता मंदिर, गऊ घाट, जंतर-मंतर के पास, यंत्र महल मार्ग पर होगा।

श्रावणी उपाकर्म के दौरान गऊ घाट पर प्रायश्चित संकल्प, दशविधि स्नान एवं तर्पण की धार्मिक विधियां संपन्न कराई जाएंगी। इसके बाद मां कालिका माता मंदिर में यज्ञोपवीत धारण तथा ऋषि पूजन किया जाएगा।

संस्कार समिति ने समाजजनों एवं धर्मप्रेमियों से निर्धारित समय पर आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करने का आग्रह किया है। समिति के अनुसार श्रावणी उपाकर्म भारतीय धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं में विशेष महत्व रखता है तथा ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को संस्कारों और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी हैं।

आयोजन में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से आसन, लोटा, पंचपात्र, आचमनी तथा पहनने के लिए सोला-दुपट्टा साथ लाने का अनुरोध किया गया है।

# बेलगाम महंगाई के विरोध में कांग्रेस संगठन ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



बड़नगर क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं, सड़क निर्माण की अनियमितताओं, किसानों की परेशानियों और बेलगाम महंगाई के विरोध में स्थानीय कांग्रेस संगठन द्वारा एक प्रदर्शन किया गया। जिसमें ग्रामीण जनों का आक्रोश देखने को मिला बड़नगर के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत अनुविभागीय अधिकारी के नाम का ज्ञापन इंगोरिया तहसीलदार अनिल मोरे को सौंपकर क्षेत्र की जनता और अन्नदाताओं की समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की गई इस अवसर पर इंगोरिया थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने शासन-प्रशासन पर बात रखते हुए कहा कि मकड़ावन से जहांगीरपुर-इंगोरिया सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार की मनमानी से गरीब दुकानदारों की दुकानें तोड़ दी गईं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

यह प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम जहांगीरपुर बस स्टैंड पर संपन्न हुआ, जिसमें समस्याओं के शीघ्र और उचित समाधान की मांग की गई ताकि क्षेत्र की जनता को राहत मिल सके।

इस अवसर पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पटेल, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, सरपंच लाखनसिंह राठौर, पूर्व जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष करण मोरवाल,जनपद सदस्य राधेश्याम परमार, मंडलम वीरेन्द्रसिंह गोयल, केसरसिंह पटेल, सुरेश मालवीय, मनोज परमार, मोहनलाल पाटीदार, सहित बड़ी सख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन गोविन्द सरवटे ने किया आभार उमेन्द्रसिंह सोलंकी ने माना पूर्व युवा कांग्रेस बड़नगर विधानसभा अध्यक्ष मनोज पाटीदार ने दी।

# श्रावण मास में झूलों का आनंद



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्रावण मास की धार्मिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के बीच मालीपुरा स्थित नवनारायण मंदिर में इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का मनोहारी वातावरण बना हुआ है। श्री गुजराती रामी माली समाज उज्जैन पंच के तत्वावधान में श्रावण मास के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिदिन भगवान को झूला विहार करवाया जा रहा है। श्रावण मास में भगवान के झूला विहार की यह परंपरा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।









# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार, 26 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का भविष्य हैं

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लखनऊ में चुनावी साक्षरता क्लब और ईसीआईएनईटी पर दूसरा क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का उद्देश्य युवा नागरिकों के बीच चुनावी साक्षरता और लोकतांत्रिक जागरूकता को मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और शिक्षकों सहित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, विद्यार्थियों को राष्ट्र का भविष्य बताते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनावी प्रक्रियाओं के ज्ञान और समझ को आगे बढ़ाने और लोकतंत्र को समृद्ध करने के लिए चुनावी परिषदें अनिवार्य हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि भारत में चुनाव संविधान, कानून और चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ही कराए जाते हैं और राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों की समवर्ती लेखापरीक्षा के तहत सभी चरणों में पारदर्शिता के साथ संचालित होते हैं।

### अधिकारियों के निरीक्षण की रिपोर्ट पर मिलेंगे शीघ्र परिणाम

**इंदौर।** शासकीय संस्थाओं में अधिकारियों द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले निरीक्षणों के परिणाम अब जल्द ही निराकरण में सामने आयेंगे। इसके लिए शासन द्वारा परख ऐप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से कलेक्टर द्वारा निगरानी कर संस्था की वस्तुस्थिति सामने होगी। इसके लिए हर विभाग की प्रकृति के अनुसार प्रश्नावली तैयार है। इस प्रश्नावली में निरीक्षण की वस्तुस्थिति दर्ज होगी। यह स्थिति एप के कलेक्टर डेशबोर्ड पर दिखाई देगी। इसके बाद कलेक्टर द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। आज इस संबंध में संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने संभाग के सभी कलेक्टर्स, जिला पंचायत सीईओ और संभागीय अधिकारियों को परख ऐप का प्रशिक्षण दिया प्रशिक्षण में संभागायुक्त लक्षकार ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान-2026 के तहत विभिन्न स्तरों पर किये जा रहे कार्यों से निगरानी की जा रही है।

### बच्चों का केवाईसी नहीं करना दुकानदार को पड़ा भारी

**इंदौर।** पीडीएस हितग्राही के बच्चों की ई-केवाईसी नहीं करने, राशन से वंचित रखने तथा उपभोक्ता से अभद्र व्यवहार एवं मारपीट करने के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई जांच के बाद महालक्ष्मी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित, इंदौर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड क्रमांक 0809302 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर शिवम वर्मा ने जिला आपूर्ति नियंत्रक को तत्काल जांच दल भेजकर मामले की जांच के निर्देश दिए थे। जिला स्तर से गठित संयुक्त जांच दल द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

### मां रेणुका वेलफेयर द्वारा 'तिरंगा कावड़ यात्रा' निकाली



**इंदौर।** सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अग्रणी संस्था मां रेणुका वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर भव्य 'तिरंगा कावड़ यात्रा' का आयोजन बेहद धूमधाम से किया गया। संस्था द्वारा आयोजित इस गौरवपूर्ण यात्रा का यह सातवां वर्ष है। इस वर्ष की यात्रा ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और शिव भक्ति की एक अभूतपूर्व मिसाल पेश की है। यात्रा का शुभारंभ भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब जी के द्वारा पवित्र नर्मदा जल की पूजा-अर्चना कर किया गया। इस दौरान पूरा मार्ग बम-बम भोले, ?हर-हर महादेव और भारत माता की जय के गगनभेदी उद्घोषों से गुंजायमान रहा। कांवड़िए अपने कंधों पर पवित्र कांवड़ के साथ-साथ देश की शान तिरंगा झंडा थामे हुए पूरी ऊर्जा और अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहे थे। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पर स्थानीय निवासियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और वरिष्ठ नागरिकों द्वारा कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। यात्रा में शामिल देशभक्ति के गीतों और शिव भजनों की धुनों पर युवा, महिलाएं और बच्चे पूरी तरह थिरकते नजर आए। रास्ते में संस्था की ओर से कांवड़ियों के लिए शुद्ध पेयजल और फलाहार के विशेष प्रबंध किए गए थे।

## नैनो न्यूज

- **देवास मंडी में सोयाबीन की आवक** – देवास मंडी में आज सोयाबीन, रायड़ा, मूंग, मक्का, बटला और मसूर समेत कई कृषि जिंसों की आवक और भाव अपडेट हुए हैं।
- **मंदसौर में लहसुन भाव चर्चा में** – मंदसौर मंडी में आज देशी लहसुन की कीमतों को लेकर बाजार में हलचल रही।
- **नीमच में सोयाबीन में तेजी** – नीमच मंडी के आज के अपडेट में सोयाबीन के भाव में तेजी की बात सामने आई है।
- **शाजापुर मंडी में प्याज तेज** – शाजापुर मंडी में आज प्याज के भाव में करीब एक से डेढ़ रुपये की तेजी का मंडी अपडेट सामने आया।
- **मंदसौर अस्पताल में अनोखी घटना** – जिला अस्पताल से करीब चार लाख रुपये के जेवर वाला बैग कुत्ता ले गया, जिसे पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बरामद किया।
- **शाजापुर में युवा कांग्रेस प्रदर्शन** – छात्रों के मुद्दे को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प हुई और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया।
- **आगर में पंचायत विवाद** – आगर-मालवा में ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान विवाद और सरपंच से मारपीट की खबर सामने आई है।

प्रशासनिक तंत्र से जुड़े मामलों में सामने आ रही अनियमितताओं ने एक बार फिर पारदर्शिता पर सवाल खड़े

# मप्र में घोटालों का नया दौर? गेहूं से लेकर छात्रावास तक उठे सवाल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मध्यप्रदेश में सरकारी योजनाओं, खरीदी व्यवस्था, निर्माण कार्यों और प्रशासनिक तंत्र से जुड़े मामलों में सामने आ रही अनियमितताओं ने एक बार फिर व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिछले कुछ समय में अलग-अलग जिलों से ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें कहीं फर्जी किसानों के नाम पर सरकारी खरीद का आरोप है, तो कहीं करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप जांच के घेरे में हैं। सवाल यह है कि सरकारी धन की निगरानी करने वाली मशीनरी आखिर कहां है? हालांकि इन सभी मामलों को अभी सीधे तौर पर घोटाला कहना उचित नहीं होगा। कई प्रकरणों में जांच चल रही है और अंतिम जिम्मेदारी जांच तथा न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही तय होगी। लेकिन लगातार सामने आ रहे आरोपों ने सरकार और प्रशासन के सामने जवाबदेही का बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया है।

### सवाल सिर्फ घोटाले का नहीं, निगरानी का है


मध्यप्रदेश में सामने आ रहे इन अलग-अलग मामलों को एक साथ देखें तो सबसे बड़ा सवाल यही है कि सरकारी व्यवस्था में निगरानी कितनी प्रभावी है? किसान पंजीयन से लेकर गेहूं खरीदी तक कई स्तरों पर सत्यापन होता है। छात्रावास मरम्मत में विभागीय अधिकारी, इंजीनियर और भुगतान व्यवस्था होती है। सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा के लिए अलग तंत्र है। पुलिस विभाग में भी वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था है।

### गेहूं खरीदी में फर्जी किसानों का खेल

मध्यप्रदेश में इस साल समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी को लेकर भिंड और राजगढ़ में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए। रिपोर्टों के अनुसार कुछ मामलों में कथित फर्जी किसान पंजीयन के जरिए सरकारी व्यवस्था में गेहूं की बिक्री दिखाई गई। मामले में पटवारियों के निलंबन और एफआईआर जैसी कार्रवाई की खबरें सामने आई हैं।



यह मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि एमएसपी व्यवस्था का सीधा संबंध किसान और सरकारी खजाने से है। यदि रिकॉर्ड में ऐसे किसानों के नाम दर्ज किए गए जिनके पास वास्तविक उत्पादन या पात्रता नहीं थी, तो इसका अर्थ है कि सरकारी खरीद व्यवस्था की कई स्तरों वाली जांच प्रणाली सवालों के घेरे में आ गई। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जिलों में एमएसपी पर खरीदे गए गेहूं की मात्रा और भंडारण को लेकर भी सवाल उठे हैं। कुछ रिपोर्टों में हजारों टन गेहूं के हिसाब-किताब में अंतर का दावा किया गया है। ऐसे आरोपों की स्वतंत्र और आधिकारिक जांच जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वास्तविक नुकसान कितना हुआ और जिम्मेदार कौन है।




### तीन करोड़ के छात्रावास मरम्मत कार्य पर सवाल

रीवा-मऊगंज क्षेत्र में करीब 3 करोड़ रुपये के छात्रावास मरम्मत कार्य को लेकर भी मामला विवादों में है। रिपोर्ट के अनुसार इस प्रकरण में दो बाबुओं को निलंबित किया जा चुका है और



मऊगंज के अऊट पी.के. पांडे के जवाब से असंतुष्ट होकर रीवा कलेक्टर ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए कमिश्नर को पत्र भेजा है। सरकारी छात्रावासों का निर्माण और मरम्मत सीधे विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़ा विषय है। इसलिए यहां यदि गुणवत्ता, भुगतान, कार्य की वास्तविकता या प्रक्रिया में गड़बड़ी साबित होती है तो मामला केवल वित्तीय अनियमितता नहीं, बल्कि सरकारी व्यवस्था की संवेदनशीलता पर भी सवाल होगा।

### फर्जी दस्तावेजों से प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती

अलीराजपुर में मुख्यमंत्री के कथित फर्जी लेटरहेड का इस्तेमाल कर आयुष अधिकारी के तबादले की कोशिश का मामला भी सामने आया है। संबंधित अधिकारी ने कथित फर्जी दस्तावेज को पकड़ लिया, जिसके बाद मामला जांच के दायरे में आया। सरकारी लेटरहेड और उच्च पदस्थ अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग केवल एक व्यक्ति को प्रभावित करने का मामला नहीं है। यह प्रशासनिक व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा सवाल है। यदि कोई व्यक्ति फर्जी दस्तावेज बनाकर सरकारी आदेश जैसा माहौल तैयार कर सकता है तो यह पूरे तंत्र के लिए गंभीर चेतावनी है।

### सागर में करोड़ों की नकदी ने बढ़ाई सनसनी



सागर में एक ऑटो चालक के घर से करोड़ों रुपये की नकदी मिलने के मामले ने भी जांच एजेंसियों का ध्यान खींचा है। रिपोर्ट के अनुसार बाद में सेवानिवृत्त ढहऊ इंजीनियर दंपति सहित चार लोगों के खिलाफ ऋक्ष्ऋ दर्ज की गई और लोकायुक्त ने जांच के लिए रक्ळ गठित की। अब जांच का अहम बिंदु यही है कि इतनी बड़ी रकम वहां कैसे पहुंची और उसका वास्तविक स्त्रोत क्या था। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि नकदी बरामदगी ने सरकारी विभागों से जुड़े लोगों और निजी व्यक्तियों के बीच संभावित वित्तीय लेनदेन की जांच का रास्ता खोल दिया है। हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

### कटनी में जमीन सौदे और रिश्वत के आरोप

कटनी में पुलिस अधिकारियों पर जमीन सौदे में कथित हस्तक्षेप, जांच में लापरवाही और रिश्वत के आरोपों ने पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्टों के मुताबिक सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर और निलंबन की कार्रवाई हुई है।

पुलिस पर भ्रष्टाचार या निजी विवादों में पद का दुरुपयोग करने का आरोप सामान्य शिकायत से कहीं अधिक गंभीर होता है। क्योंकि जिस व्यवस्था से आम आदमी न्याय की उम्मीद करता है, उसी पर यदि पक्षपात या आर्थिक लेनदेन के आरोप लगें तो जनता का भरोसा प्रभावित होता है।



### फिर बार-बार शिकायतें सामने आने के बाद ही कार्रवाई क्यों होती है?

क्या विभागीय ऑडिट केवल कागजों तक सीमित है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की व्यवस्था पर्याप्त है? और सबसे महत्वपूर्ण–सरकारी धन के नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

**कार्रवाई सिर्फ निलंबन तक सीमित न रहे** भ्रष्टाचार या वित्तीय अनियमितता के मामलों में निलंबन को अंतिम कार्रवाई मान लेना पर्याप्त नहीं है। यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं तो सरकारी धन की रिकवरी, आपराधिक कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। सरकार को चाहिए कि जिन मामलों में करोड़ों रुपये की अनियमितता के आरोप हैं, उनकी समयबद्ध जांच कराई जाए और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। इससे यह संदेश जाएगा कि सरकारी खजाना किसी की निजी संपत्ति नहीं है। मध्यप्रदेश की जनता को अब कार्रवाई की खबर नहीं, कार्रवाई का परिणाम चाहिए। एक के बाद एक मामले सामने आते रहें और हर बार जांच के नाम पर मामला ठंडे बस्ते में चला जाए, तो इससे व्यवस्था पर भरोसा कमजोर होगा। सवाल विपक्ष का हो या सत्ता पक्ष का–सरकारी धन की निगरानी और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि जनता के अधिकार का मुद्दा है।

ग्वालियर में पहचान छिपाकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर बड़ी कार्रवाई

# 13 को लेकर इंटरनेशनल बॉर्डर रवाना हुई विशेष टीम

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर ग्वालियर में सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ा और कड़ा एक्शन लेते हुए लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत से बॉर्डर की तरफ रवाना कर दिया है। गृह मंत्रालय के देशव्यापी और सख्त निर्देशों के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान के बीच यह कार्रवाई सुरक्षा तंत्र की मुस्तैदी को साफ दशार्ती है। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान गोपनीयता और सुरक्षा के कड़े मानकों का पालन किया गया है।



करीब 20 दिन पहले ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सुनियोजित तरीके से दबिश देकर इन 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था। गिरफ्तारी के बाद से ही पुलिस और अन्य खुफिया एजेंसियां इनसे लगातार पूछताछ कर रही थीं। इनके पास से बरामद दस्तावेजों की प्रामाणिकता जांचने के लिए केंद्रीय और स्थानीय एजेंसियों की मदद ली गई। पहचान और नागरिकता के कागजात पूरी तरह फर्जी पाए जाने और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, सुरक्षा के कड़े घेरे में विशेष टीम को इन्हें अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर तक छोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पहचान छिपाकर रह रहे थे संदेही

पुलिस के अनुसार सभी संदेही ग्वालियर के अलग-अलग संवेदनशील इलाकों में झुग्गियों में पहचान छिपाकर रह रहे थे। सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच ने 3-4 अगस्त की रात चिन्हित ठिकानों पर दबिश देकर महिला और बच्चों समेत 13 लोगों को हिरासत में लिया था। क्राइम ब्रांच ने सभी संदेहियों से पूछताछ कर उनके पहचान पत्र, भारत में प्रवेश और स्थानीय संपर्कों से जुड़ी जानकारी की जांच की। कानूनी औपचारिकताएं और शुरूआती जांच पूरी होने के बाद डिपोर्टेशन की प्रक्रिया शुरू की गई।

### पहले भी मिले हैं संदिग्ध बांग्लादेशी

सुरक्षा एजेंसियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये लोग ग्वालियर जैसे अंदरूनी शहर तक कैसे पहुंचे और इन्होंने किस प्रकार अपनी वास्तविक पहचान को छुपाकर आधार कार्ड या अन्य स्थानीय दस्तावेज हासिल किए। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इनमें से कई लोग स्थानीय स्तर पर मजदूरी या अन्य काम की आड़ में लंबे समय से जड़े जमाए हुए थे। ग्वालियर में इस तरह का यह कोई पहला मामला नहीं है; इससे पहले भी शहर के विभिन्न हिस्सों से 9 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा जा चुका है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने स्थानीय प्रशासन और पुलिस के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं, जिसके चलते अब खुफिया तंत्र को और अधिक सक्रिय कर दिया गया है।

भोपाल के जहांगारीबाद में जमकर बवाल

# थाने में भिड़ गए टीआई और हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

भोपाल में जहांगीराबाद थाने में थाना प्रभारी राजन सिंह और हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। नाबालिग हिंदू लड़की के कथित अपहरण के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने शुक्रवार को जहांगीराबाद थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया था।

शनिवार को दोनों के बीच हुई बहस का वीडियो सामने आने के बाद मामला फिर चर्चा में है। बहस थाना प्रभारी के केबिन के अंदर हुई। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि एक मुस्लिम युवक नाबालिग लड़की को कथित तौर पर अपहरण कर कुरावर से भोपाल ले आया, लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने अपेक्षित कार्रवाई नहीं की। इसी को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता थाने के बाहर जुटे थे और नाबालिग की जल्द बरामदगी तथा आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी दौरान थाना प्रभारी के कमरे में चंद्रशेखर तिवारी और राजन सिंह के बीच तीखी बहस हो गई। बातचीत के दौरान एसीपी उमेश तिवारी भी कमरे में मौजूद थे और दोनों पक्षों को समझाइश देते नजर आए।

# इंदौर पुलिस में अचानक बड़ा बदलाव

## 3 थानों के टीआई बदले और कई अफसर अटैच

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर पुलिस महकमे में सोमवार शाम को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने इस संबंध में आधिकारिक सूची जारी की है। हाल ही में टीआई से डीएसपी पद पर पदोन्नत हुए 3 अधिकारियों को पुलिस आयुक्त कार्यालय में अटैच किया गया है। वहीं 3 प्रमुख थानों में नए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त डीआरपी लाइन में मौजूद 2 अधिकारियों को क्राइम ब्रांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

रावजी बाजार थाने से डीएसपी उमेश यादव, परदेशीपुरा थाने से आरडी कानवा और छोटी ग्वालटोली थाने से संजू कामले को पुलिस आयुक्त कार्यालय में अटैच किया गया है। पदोन्नति के बाद इन अधिकारियों के स्थान पर नए प्रभारियों की तैनाती की गई है। अब रावजी बाजार थाने की कमान दीप सिंह को, परदेशीपुरा की कमान पंकज द्विवेदी को और छोटी ग्वालटोली थाने की कमान जितेंद्र यादव को सौंपी गई है। प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीआरपी लाइन से लोकेन्द्र सिंह खडैत और राजकुमार रघुवंशी को क्राइम ब्रांच में पदस्थ किया गया है। पंकज द्विवेदी को दूसरी बार परदेशीपुरा थाने की जिम्मेदारी दी गई है। वह वरिष्ठ टीआई हैं, लेकिन विभागीय जांच की प्रक्रिया जारी होने के कारण हालिया सूची में उनका प्रमोशन नहीं हो सका।

# रात 1 बजे भी खुला मोनिका गैलेक्सी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। क्षेत्र स्थित मोनिका गैलेक्सी रात 1 बजे तक संचालित होती नजर आई, जिससे देर रात तक दुकान संचालन को लेकर जिम्मेदारों की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। सख्ती दिखाने वाली पुलिस के सामने अब सवाल यह है कि आखिर मोनिका गैलेक्सी पर कार्रवाई का डंडा कब चलेगा?

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि दुकान देर रात तक खुली रहती है और कथित तौर पर रात 2 से 3 बजे तक भी कारोबार चलता है। मामले में दुकान संचालक पंकज रिजवानी का नाम भी चर्चा में है। सूत्रों के हवाले से यह भी दावा किया जा रहा है कि उसके खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में पूर्व में मामले दर्ज रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब आम दुकानदारों के लिए नियम एक हैं, तो फिर देर रात तक दुकान संचालन पर मोनिका गैलेक्सी के लिए क्या अलग व्यवस्था है? रात के सन्नाटे में जब शहर के अधिकांश बाजार बंद हो जाते हैं, तब मोनिका गैलेक्सी का कथित तौर पर खुले रहना नियमों के साथ खुलेआम खिलवाड़ जैसा नजर आता है। अब देखना यह होगा कि अन्नपूर्णा पुलिस और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लेते हैं या फिर यह दुकान इसी तरह देर रात तक नियमों को मुंह चिढ़ाती रहेगी।

# भाजपा पार्षद ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को लिखा खुला पत्र

### जीतू यादव की सदस्यता तुरंत निरस्त करने की मांग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 65 से भाजपा पार्षद कमलेश कालरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पत्र लिखकर पूर्व पार्षद जीतू जाटव (यादव) की पार्टी में पुनः सदस्यता/वापसी का विरोध किया है। 20 अगस्त 2026 को लिखे पत्र में कालरा ने पार्टी नेतृत्व से जीतू जाटव की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 65 से भाजपा पार्षद कमलेश कालरा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पत्र लिखकर पूर्व पार्षद जीतू जाटव (यादव) की पार्टी में पुनः सदस्यता/वापसी का विरोध किया है। 20 अगस्त 2026 को लिखे पत्र में कालरा ने पार्टी नेतृत्व से जीतू जाटव की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

पत्र में कालरा ने उस घटना का उल्लेख किया है, जिसमें उनके अनुसार जीतू जाटव और उनके साथ आए 50 से अधिक लोगों ने खातीवाला टैंक स्थित उनके निवास पर पहुंचकर उनके किशोर पुत्र दीपेश के साथ मारपीट की थी। कालरा ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनके पुत्र को निर्वस्त्र किया गया और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया। पत्र में यह भी कहा गया है कि घटना के दौरान उनकी 75 वर्षीय माता देवकी कालरा और पत्नी अरुणा कालरा भी मौजूद थीं।

### पाक्सो सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज होने का दावा

पार्षद के पत्र के अनुसार, मामले में जीतू यादव और उनके साथियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। कालरा ने पत्र में बताया कि घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आश्वासन और निर्देश पर जीतू जाटव को भाजपा से निष्कासित किया गया था तथा मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। कालरा के मुताबिक मामला फिलहाल न्यायालय में लंबित है और एसआईटी की वॉइस सैंपल रिपोर्ट अभी आना बाकी है।

### राजनीतिक संरक्षण का लगाया आरोप

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लिखे पत्र में कालरा ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक संरक्षकों द्वारा गलत जानकारी दिए जाने के कारण जीतू जाटव की पार्टी में दोबारा वापसी कराई गई है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से उनका परिवार ही नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ता और इंदौर का समाज भी आहत हुआ है। कालरा ने प्रदेश अध्यक्ष से मांग की है कि मामले की गंभीरता और न्यायालयीन प्रक्रिया को देखते हुए जीतू जाटव की भाजपा सदस्यता तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। उन्होंने कहा कि इससे संगठन के मूल्यों की रक्षा होगी और गंभीर आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति को राजनीतिक संरक्षण मिलने का संदेश नहीं जाएगा।

न्यूज कालम



## सिद्धनाथ महादेव से 5 किमी की पदयाात्रा कर मेलडरेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक

**खरगोन।** श्रावण मास के चौथे सोमवार शहर के अधिष्ठाता देव श्री सिद्धनाथ महादेव से कसरावद रोड़ स्थित त्रिवेणी संगम पर विराजित अतिप्राचीन मेलडेरेश्वर महादेव के करीब 5 किमी के रास्ते तक बोल बम, हर-हर महादेव का जयघोष गूंजायमान होता रहा। अवसर था शहर के पत्रकारों की कावड़ यात्रा का। शहर में लगातार चौथे वर्ष पत्रकार एकता कावड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें पत्रकारों सहित शहरवासियों का उत्साह देखते ही बना। सुबह 10 बजे पत्रकारो ने श्री सिद्धनाथ महादेव का पूजन.अर्चन कर कावड यात्रा की शुरूआत की। ढोल.ताशे, बैंड-बाजे और डीजे की धून पर बज रहे भक्ति गीतों पर जहां उत्साही पत्रकार नाचते गाते चल रहे थे, वही कावड लिए करीब 100 से अधिक पत्रकार बोल बम, हर.हर महादेव का जयकारा लगाते चल रहे थे। पत्रकार मोहन जोशी अश्व सवार होकरकावड़ यात्रा की अगुवाई कर रहे थे। शोभायात्रा में शिवजी की वेशभूषा में श्रृंगारित पत्रकार प्रवीण पाल आकर्षण का केंद्र रहा। यात्रा के बावड़ी बस स्टेंड के समीप नवग्रह पुल पहुंचने पर मुस्लिम सद्भावना मंच ने पुष्पवर्षा कर स्वागत.-सत्कार किया।

## दोपहर 12 बजे तक टांडा पूरी तरह रहा बंद, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**टांडा (धार)।** भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तरह पालन नहीं किए जाने के आरोप को लेकर सकल हिंदू समाज के आह्वान पर सोमवार को टांडा नगर दोपहर 12 बजे तक पूरी तरह बंद रहा। बंद के दौरान नगर के सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले और हिंदू समाज के आह्वान का समर्थन करते हुए शांतिपूर्ण बंद में सहभागिता की। बंद के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों से लोगों ने एकजुट होकर भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किए जाने की मांग उठाई। दोपहर करीब 11.30 बजे डाक बंगला परिसर से सकल हिंदू समाज के समाज प्रमुखों के मार्गदर्शन में एक रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग शामिल हुए। जय श्री राम, एवं प्रशासन तेरी तानाशाही नही चलेगी नारा लगते हुए रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई थाना परिसर पहुंची। थाना परिसर पहुंचने के बाद सभी समाजजनों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात समाज की ओर से प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखते हुए कहा गया कि भोजशाला मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निदेर्शों का प्रशासन द्वारा अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। रैली के बाद सकल हिंदू समाज की ओर से जिलाधिकारी के नाम उप पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी संजय रावत को सभी समाज प्रमुखों द्वारा सौपा गया।

# कलेक्टर ने जन सुनवाई में नागरिकों की सुनी समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर



जिला कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने आमजन की शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए।

इस जनसुनवाई में ग्राम फाटा एवं वास्कल के ग्रामीणों एवं पात्र हितग्राहियों ने शासकीय उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण में अनियमितता के संबंध में आवेदन दिया। उन्होनें बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान फाटा एवं वास्कल के सेल्समैन द्वारा पिछले 3 से 4 महीनों से कई हितग्राहियों को खाद्यान्न का नियमित वितरण नहीं किया जा रहा है साथ ही पीओएस मशीन अथवा राशन कार्ड में कई महीनों की राशन वितरण संबंधी एंट्री दर्ज कर ली जाती है, जबकि वास्तविक रूप से हितग्राहियों को केवल एक माह का ही राशन अथवा निर्धारित मात्रा से कम खाद्यान्न दिया जाता है। इस पर कलेक?टर श्रीमती माथुर ने संबंधित अधिकारी उक्त शिकायत की जॉच कर एवं सही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख?त कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इस तरह ग्राम अम्बरी, तहसील आलीराजपुर निवासी श्री पातलिया पिता लालसिंह ने वृद्धावस्था पेंशन न मिलने के संबंध में आवेदन दिया उन?होंनें बताया कि मुझे वृद्धावस्था पेंशन का लाभ पिछले चार महीनों से प्राप्त नहीं हो रहा है। पेंशन नहीं मिलने के कारण मुझे कई आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेरी वृद्धावस्था पेंशन पुनः प्रारंभ करवायी जाए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित विभाग को जांच कर द्य संबंधित को पात्रता अनुसार पेंशन दिलवाने के निर्देश दिए। इसी तरह जनसुनवाई में आर्थिक सहायता,सीमांकन करवाने, मजदुरी का भुगतान करने, अतिक्रमण,जमीनपर कब्जा, पीएम किसान सम?मान राशि नहीं मिलने आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, डिप?टी कलेक?टर सुश्री निर्मला कलमें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सुनीं 73 आवेदकों की समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

प्रति मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने दूर-दराज से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार जनसुनवाई में कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए।

ग्राम पंचायत जोगवाड़ा के ग्रामवासियों ने आवेदन देकर बताया कि ग्राम की पोषण वाटिका का कार्य समूह द्वारा किया गया। जिसका 1 लाख 51 हजार रुपये की राशि का बिल लगने के बाद भी समूह को अभी तक राशि प्राप्त नही हुई है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने सीईओ निवाली को प्रकरण में निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम मंदिल निवासी रेशमाबाई पति श्रवण ने आवेदन देकर बताया कि उनकी आयु 30 वर्ष है, परन्तु उनका आधार कार्ड में फिंगर प्रिंट नही आने की वजह से आधार कार्ड नही बन पा रहा है। आधार कार्ड नही होने की वजह से उन्हे गर्भावस्था के दौरान मिलने वाले शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर जनसुनवाई कर रही कलेक्टर श्रीमति जयति सिंह ने आवेदन में जिला ई-गर्वनेंस प्रबंधक को निराकरण हेतु निर्देशित किया।



## भोजशाला विवाद को लेकर बाग में आधे दिन का बंद, हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग

भोजशाला से जुड़े विवाद एवं प्रशासनिक व्यवस्था के विरोध में हिंदू संगठनों के आह्वान पर मंगलवार को बाग नगर में आधे दिन का बंद रखा गया। बंद को हिंदू समाज और विभिन्न सामाजिक संगठनों का समर्थन मिला। इस दौरान नगर के कई बाजारों में दोपहर तक व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित रहीं।

बंद के दौरान हिंदू संगठनों एवं समाज जनों ने रैली निकालकर प्रशासन के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। रैली के पश्चात प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भोजशाला से जुड़े मामले में हिंदू समाज की आस्था एवं भावनाओं का सम्मान करते हुए उचित व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हिंदू समाज भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर मानता है और इस विषय से जुड़ी न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करता है। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि भोजशाला से संबंधित याचिका में कुछ तथ्यों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही भूमि सर्वे नंबर 596 पर नमाज के लिए की गई व्यवस्था को लेकर भी हिंदू समाज ने आपत्ति जताई। हिंदू संगठनों का कहना है कि वे न्यायालय के आदेशों का सम्मान करते हैं, लेकिन प्रशासन को ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, जिससे किसी भी पक्ष की धार्मिक भावनाएं आहत न हों और क्षेत्र में शांति एवं सदभाव बना रहे। रैली के दौरान बड़ी संख्या में समाज जन मौजूद रहे और विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी भी की गई।

# शिव डोला उत्सव की तैयारियों को लेकर पुलिस-प्रशासन और समिति की संयुक्त बैठक संपन्न

## 31 अगस्त को निकलेगा भव्य शिव डोला

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागृह में भगवान श्री रामकुल्लेश्वर महादेव शिव डोला उत्सव को शांतिपूर्ण एवं भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशासन और उत्सव समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 31 अगस्त 2026 को निकलने वाले शिव डोला की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, बिजली, जल आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

सड़क एवं सफाई व्यवस्थाः नगर पालिका सीएमओ सोनाली शर्मा को डोला मार्ग के गड्ढों की मरम्मत करने, पर्याप्त सफाई और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्युत व्यवस्थाः एमपीईबी के अधिकारियों को जुलूस मार्ग में निर्बाध बिजली, ढीले तारों व पोल को दुरुस्त करने और पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य एवं आपातकालीन सेवाएंः कालका माता मंदिर, मोती माता मंदिर एवं विवेक अल्ट्रासोनोग्राफी के पास एम्बुलेंस, प्राथमिक उपचार किट और स्वास्थ्य कर्मियों के मेडिकल कैंप तैनात रहेंगे।

ड्रोन से निगरानीः भीड़भाड़ और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर अस्थायी पुलिस चौकियां बनाई जाएंगी। यातायात एवं पार्किंगः प्रमुख चौराहों पर बैरिकेडिंग और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें।

?जिलेभर में शांति समिति की बैठकेंः जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समितियों के साथ बैठक कर आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई है।

पुलिस की साइबर सेल सोशल मीडिया पर भ्रामक व अफवाह फैलाने वाली पोस्ट पर पैनी नजर रखेगी। नागरिकों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

एसडीएम श्री भूपेंद्र रावत, एसडीओपी श्री महेश सुनैया, थाना प्रभारी श्री बलजीत सिंह बिसेन, नपा सीएमओ सोनाली शर्मा, एमपीईबी एई श्री आनंद मोहन, जेई श्री जनक गंगराड़े, तहसीलदार श्री राहुल सोलंकी एवं अन्य अधिकारी। संदीप गुप्ता, श्री राम यादव, मनोज पुरोहित, जयंती काका आदि उपस्थित थे।

## मैंटेनेंस के कारण बिजली बंद रहेगी

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के सहायक यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 27 अगस्त बुधवार को प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक 11 केव्ही एमजी रोड़ फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिस कारण से एमजी रोड़, रणजीत क्लब, यूनिटी एक्सरे, मोटी माता, अस्पताल चौराहा, झण्डा चौक, सिरवी मोहल्ला, तिरछी पुलिया, साकेत कालोनी, रेवा धाम, पाटी नाका, कारंजा चौक, जिला जेल व आसपास के क्षेत्र में विद्युत बंद रहेगी । निर्धारित समय सीमा घटाई या बढाई जा सकती है।

## 3 सितम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**खण्डवा ।,** आगामी 3 सितंबर गुरुवार को रोजगार. स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि यह रोजगार मेला शासकीय आई.टी.आई खण्डवा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेगा।

## औटला परिवार द्वारा आयोजित भजन संध्या में झूमा भक्तगण एवं परिवार के सदस्य

**निरंतर दूसरे वर्ष भी जारी रहा भजन संध्या का दौर**



**अलीराजपुर।** पूरे श्रावण माह एक माह तक निरंतर चलती है भजन संध्या रात्रि में झूम उठते हैं परिवार के सदस्य गण सावन के पवित्र मास में निरंतर एक माह तक चलने वाले इस भजन संध्या के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के दूसरे कोने से भी लोग पधार कर अपने आप को झूमने पर रोक नहीं सकते औटला परिवार कि यह परंपरा शहर मैं आस्था का प्रतीक बन चुकी है औटला परिवार का कहना है यह आयोजन ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं समाज में एकता का संदेश देता है भजन संध्या के बाद रात्रि में भव्य आरती उतारी गई एवं भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

## राज्य मुख्य परीक्षा हेतु संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**बड़वानी ।** राज्य मुख्य परीक्षा का आयोजन 7 सितम्बर से 12 सितम्बर तक प्रातः 10 बजे से दोपहर एक बजे तक पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक महाविद्यालय बड़वानी में किया जायेगा। इस परीक्षा हेतु सेवानिवृत्त आईएएस श्री शेखर वर्मा को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय पर्यवेक्षक के लायजनिंग अधिकारी श्री तेरसिंह मण्डलोई, सहायक संख्यिकी अधिकारी जिला योजना कार्यालय बड़वानी को नियुक्त किया गया है। विद्यार्थियों को गुजरना होगा त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया से राज्य मुख्य सेवा परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान त्रिस्तरीय नवीन जांच प्रक्रिया (सीसीटीवी सर्विलेंस, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्रवेश पत्र की स्कैनिंग, एचएचएमडी के माध्यम से तलाशी एवं वीओआई पी की व्यवस्था)आयोग द्वारा अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से प्रारंभ की गई है।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, मरीजों ने लिया लाभ

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा 24 अगस्त 2026 सोमवार को एचडीएफसी बैंक के पास स्थित ऑल इज वेल सुपर क्लिनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 70 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के जनरल सर्जरी विशेषज्ञ गौरव परदेसी ने मरीजों को परामर्श दिया और मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर जानकारी दी। शिविर में मरीजों की निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर जांच और सोनोग्राफी स्क्रीनिंग की गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ऑल इज वेल हॉस्पिटल संचालक कबीर चौकसे के निर्देशन में किया गया।



## कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण बोरलाई में संपन्न

**बड़वानी ।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और शासकीय विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 24 अगस्त को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरलाई में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले भर से आए 45 आईसीटी कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर्स ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ज्ञान पहुँचाने, कंप्यूटर लैब में स्क्रैच कोडिंग सिखाने, कंप्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान देने तथा विभिन्न शैक्षणिक मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

# बुरहानपुर में मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर बड़ी कार्रवाई

**बुरहानपुर।** जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जांच और कार्रवाई जारी है। अलग-अलग प्रतिष्ठानों से लिए गए नमूनों की जांच में कुछ नमूने अमानक और मिथ्याछाप पाए जाने पर मामलों को एडीएम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां 7 प्रकरणों में कुल 2 लाख 65 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने अलग-अलग प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक भोपाल भेजे थे। रिपोर्ट में दत्त दूध डेयरी प्रतापपुरा के दूध का नमूना अमानक मिलने पर ५० हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। इसी तरह हरि गोपाल फूड प्रोडक्ट्स के पाम ऑयल और वीरेन आइसक्रीम, सिंधीपुरा गेट के



आइसक्रीम नमूने भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिले। दोनों मामलों में 50-50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। मिथ्याछाप पाए गए खाद्य पदार्थों के मामलों में भी कार्रवाई की गई। ट्रैफिक जाम होटल, नेपानगर के मावा रोल पर ३० हजार रुपए, रामकृष्ण मिडवे, असीरगढ़ के नमकीन पर 30 हजार रुपए और प्रकाश होटल, नेपानगर की मावा बर्फी पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। वहीं, एसबी किराना, खातला से लिए गए सोयाबीन तेल के मामले में 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

## सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को किया श्रृंगार

**खंडवा।** मेडिकल कॉलोनी, प्रोफेसर कॉलोनी स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रति श्रावण सोमवार की तरह आज विशेष फूलों का श्रृंगार किया पुजारी श्री आशीष गीते एवं श्री सत्य साई जिलाध्यक्ष तरुण झवर ने बताया इस सोमवार को प्रातः काल से फूलों से श्रृंगार सोनल अग्रवाल, हिमानी माहेश्वरी, वर्षा तायडे,रंजू तायडे, कविता अरोरा,सरिता माहेश्वरी, रीना राठी,बीना कुशवाह, रामेन्द्री झा के अथक प्रयास से फूलों के श्री तिरुपति बालाजी बनाए गये एवं मंदिर में शिवजी के मुकुट रख दर्शनीय सज्जा की गई,कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र से हजारों दर्शनार्थी दर्शन करने आ रहे है,और सुंदर फूलों की सज्जा एवं झांकी को निहार रहे है।

## रणजीतसिंह ने नाथ कालबेलिया समाज के पारिवारिक विवाद को सुलझाया

**पिपलिया मंडी।** दिनांक 25 अगस्त को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत जिले के असंगठित कामगार जो कि झंगरिया गांव निवासी कातु नाथ (कालबेलिया) के पुत्र एवं नीमच जिले के धनेरिया कला निवासी कृष्णा नाथ (कालबेलिया) की लड़की जो कि पति पत्नी के रूप में हैं एवं किसी पारिवारिक विवाद के चलते दोनों परिवारों में विवाद एवं कलह व्याप्त हो गया था। यह सब स्थिति को देखते हुए दोनों ही परिवारों के लोग पिपलिया मंडी स्थित पावागढ़ माताजी मंदिर पर उपस्थित हुए। जहां पर कुंवर शक्तावत ने दोनों ही परिवारों को समझाइए देकर और दोनों ही परिवारों में सामान्यजस बिठाकर दोनों परिवारों में समझौता करवाने के साथ ही साथ दोनों ही परिवारों को सकुशल अपने-अपने घर भेजने का काम किया और संगठित कामगारों को कोर्ड कचहरी से दूर रहकर आपसी तालमेल बनाकर सामाजिक विवादों को समाज में और परिवार में बैठकर सुलझाने हेतु समझाइश दी इस अवसर पर सैकड़ो नाथ (कालबेलिया) समुदाय के वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाओं के साथ ही साथ पप्पू नाथ अमावली महल,देवा नाथ,बादल नाथ,मिठ्ठु नाथ अंबु नाथ फोरू नाथ एवं नौजवान युवा साथी उपस्थित थे।



# बड़वानी में होगा राष्ट्रीय महामंत्री श्री पटेल का भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी



खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री पद पर नियुक्त किए जाने के बाद उनके प्रथम जिला आगमन को लेकर जिलेभर में भव्य स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री श्री पटेल बुधवार, 26 अगस्त को ठीकरी से होते हुए बड़वानी पहुंचेंगे। उनके स्वागत के लिए जिलेभर में मंडल स्तर पर बैठकों का दौर जारी है और पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि क्षेत्र के सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किया जाना बड़वानी जिले सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनके प्रथम जिला आगमन पर कार्यकताओं में विशेष उत्साह है और ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद गजेंद्र सिंह पटेल 26 अगस्त को सुबह 11 बजे ठीकरी से जिले में प्रवेश करेंगे। ठीकरी में स्वागत कार्यक्रम के बाद उनका काफिला उमरदा फाटा, घटवा, कुआं, दाबड़ फाटा, दवाना, रणगांव, लखनगांव फाटा, सेमल्दा फाटा, तलवाड़ा, फत्यापुर, मंडवाड़ा एवं छापरी फाटा होते हुए दोपहर करीब 3.30 बजे अंजड़ पहुंचेगा।

अंजड़ में मंडल अध्यक्ष ऋतुराज सिंह तोमर के नेतृत्व में श्री पटेल का नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकारियों तथा सामाजिक एवं अन्य संगठनों द्वारा स्वागत मंच लगाकर उनका अभिनंदन किया जाएगा। अस्पताल चौक पर सुरेंद्र गेहलोत मित्र मंडल द्वारा मंच से श्री पटेल का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद काफिला धनोरा बसाहट, बोरलाय, तलून एवं करी होते हुए शाम करीब 6 बजे बड़वानी के मां रेवा सर्कल पहुंचेगा। यहां से राष्ट्रीय महामंत्री श्री पटेल को ढोल-ताशों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कराया जाएगा। स्वागत यात्रा रात्रि करीब 8 बजे राजघाट रोड स्थित साखी रिसोर्ट पहुंचेगी, जहां जिला अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# रक्षाबंधन पर्व पर राखी निर्माण एवं सजावट प्रतियोगिता

**बड़वानी।** राजकुमार खण्डेलवाल स्मृति हायर सेकेण्डरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण एवं सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, रिबन, सितारों, कुंदन, सजावटी सामग्री एवं अन्य रचनात्मक वस्तुओं का उपयोग करते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखियाँ तैयार कीं। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का वातावरण रचनात्मकता, उत्साह और भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक से भर गया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को हमारी समृद्ध परंपराओं एवं त्योहारों से जुड़ने का अवसर मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य माधव खंडेलवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास, कलात्मक कौशल तथा भारतीय संस्कारों का विकास करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




**नेत्रदान पखवाड़ा ८ सितंबर तक मनाया जायेगा**

**खंडवा ।,** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक मनाया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

पश्चिमी रेलवे
संशोधन
निविदा सूचना संख्या: MMCT-SnT-STTD-25-2026. मौजूदा निविदा बंद होने की तिथि और समय 25.08.2026 को 15:00 बजे है। दिनांक और समय में संशोधन: 01.09.2026, दोपहर 3:00 बजे। अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगी।
0531
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे
विविध टीआरडी कार्य
पश्चिमी रेलवे के उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), डीआरएम कार्यालय, एनेक्स बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, दो-बत्ती, रतलाम (मध्य प्रदेश), 457-001, निविदा सूचना संख्या: EL-C-RTM-2026-06-RT आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: रतलाम डिवीजन, पश्चिमी रेलवे के विभिन्न खंडों के लिए निर्माण इकाई के अंतर्गत 25 केवी सिस्टम एसी ओएचई के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण सहित विविध टीआरडी कार्य, एसपी/एसएसपी/एफपी संशोधन और अन्य विविध कार्य। अनुमानित मूल्य: ₹4,66,10,018.06। बोली जमा राशि: ₹9,32,200/-। ऑनलाइन बोली प्रक्रिया। प्रारंभ तिथि: 01.09.2026. निविदा समापन तिथि दिनांक: 15.09.2026 को दोपहर 3:00 बजे। वेबसाइट अधिक जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर जाएं।
0519
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

## न्यूज -कॉलम

### बेटी के चोरी हुये आभूषण मिलने पर भावुक हुआ पिता



**उज्जैन।** अक्टूबर 2025 में नागदा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहना पिपलिया में रहने वाले जगदीशसिंह के मकान में चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाश डिलेवरी के लिये आई बेटी के आभूषण चुराकर ले गये थे। जिसकी कीमत करीब 4 लाख के लगभग थी। बेटी के आभूषण चोरी होने पर पिता मायूस हो गये थे। उनकी बेटी का घर टूटने की नौबत तक आ गई थी। इस बीच कुछ दिन पहले नागदा पुलिस ने खरगोन के सिगनूर निवासी रतलामसिंह सिकलीगर, दीपक सिकलीगर और शिवराज छाबडा निवासी गंधवानी धार को गिरफ्तार किया था, तीनों से पूछताछ में जगदीशसिंह के साथ सुनील नगर में हुई चोरियों का खुलासा हुआ था। पुलिस ने तीनों सिकलीगरों की निशानदेही पर 28 लाख से अधिक के आभूषण बरामद किये थे। जिसमें जगदीशसिंह के घर से चोरी हुये आभूषण भी शामिल थे। 11 माह बाद सभी आभूषण पुलिस द्वारा बरामद करने और बदमाशों को पकडने की खबर जगदीश को मिली तो वह भावुक हो गया। उसने थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी का आभार माना, वहीं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में हुई कार्रवाई को देखते हुये मंगलवार को उज्जैन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक का भी आभार मानकर पुष्पगुच्छ भेंट किया। थाना प्रभारी गवरी ने बताया कि जगदीश दिहाडी मजदूरी करता है, उसने बमुश्किल आभूषण बनवाये थे और बेटी की शादी की थी। वह भी चोरी हो गये थे। बदमाशों से बरामद आभूषणों की पहचान उसके द्वारा कर ली गई है। जल्द न्यायालय से उसे सुपुर्दगी दिलवाई जायेगी।

### ब्रिज के नीचे चाकू लेकर घूम रहा था बदमाश



**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के पांड्याखेडी ब्रिज के नीचे नाग महाराज मंदिर के पास एक बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था। जिसे देखकर लोगों में दहशत फैल रही थी। कुछ लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। प्रधान आरक्षक मंगल टैगोर टीम के साथ ब्रिज के नीचे पहुंचे और घेराबंदी कर बदमाश को हिरासत में लिया। जिसके पास से धारदार तडतडीदार चाकू बरामद किया गया। प्रधान आरक्षक टैगोर के अनुसार बदमाश नागदा की जबरन कालोनी शहनवाज उर्फ शानू पिता सलीम खान है। जिसके खिलाफ पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

### 14 वर्षीय बालिका को मृत अवस्था में लाये अस्पताल

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम बनबना से मंगलवार शाम 14 वर्षीय बालिका निशा पिता विक्रम को परिवार के लोग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित करते हुये शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाया। बताया जा रहा था कि बालिका ने जहरीला पदार्थ खाया था। मामले की सूचना ड्युटी कंपाउंडर द्वारा कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है। बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जायेगा। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। फिलहाल बालिका के जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है।

### छात्रावास में 12 वीं की छात्रा को बिच्छू ने काटा

**उज्जैन।** मक्सीरोड स्थित बजरंग नगर में रहने वाले विक्रमसिंह अहिरवार की 17 वर्षीय पुत्री अंजली पानबिहार स्थित शासकीय बालिका छात्रावास में रहकर 12 वीं का अध्ययन कर रही है। शाम को हुई बारिश के बाद वह अन्य छात्राओं के साथ छात्रावास परिसर में टहल रही थी, उसी दौरान उसे बिच्छू ने काट लिया। बिच्छू को देख अन्य छात्राएं दहशत में आ गई। छात्रावास अधिकारियों को खबर मिली तो बालिका को उपचार के लिये चरक अस्पताल भेजा गया। छात्रा के परिजन खबर मिलने पर अस्पताल पहुंच गये थे। डॉक्टरों ने छात्रा को उपचार के लिये भर्ती किया है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। मंगलवार शाम एक मामला पंवासा क्षेत्र से सामने आया, लता पति अरविंद 28 साल को चरक अस्पताल लाया गया, उसे सांप ने डंस लिया था, जिसकी उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 470-1 | 179-7 |
| मेन बाजार | 389-0 | 390-2 |
| कल्याण नाइट | 156-2 | 579-1 |
| मिलन डे | 170-8 | 280-0 |
| मिलन नाइट | 249-5 | 569-0 |
| मधुर डे | 390-2 | 158-4 |
| मधुर नाइट | 588-1 | 145-0 |
| शुभांक | 5 6 | 1 |

## हिरासत में आये 2 बदमाशों से बरामद हुई 7 बाइक...

# तराना-घट्टिया के बदमाश चाबी लगाकर खोलते थे लॉक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल मंदिर क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात करने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों की निशानदेही पर 7 बाइक बरामद की गई है। 2 बाइक पिछले दो दिनों में चोरी की थी। बुधवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सोमवार को इंदौर स्थित क्षिप्रा से मनोहर परमार पुत्र के साथ महाकाल की सवारी में शामिल होने आया था। उसने अपनी बाइक कार्तिक मेला ग्राउंड में खडी की थी। शाम को उसकी बाइक चोरी होना सामने आया था। श्रद्धालु की बाइक चोरी होने पर बदमाशों का पता लगाने के लिये एसआई चंद्रभानसिंह, एएसआई रेणुका मिश्रा, प्रधान आरक्षक मनीष यादव, सुनील पाटीदार, मुनेंद्रसिंह भदौरिया को कमान सौंपी गई। मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया और कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये गये। मंगलवार सुबह खबर मिली कि बाइक चोरी में शामिल एक बदमाश कर्कराज पार्किंग के पास खडा है, संभवत- वह चोरी की फिराक में है। तत्काल पुलिस टीम ने घेराबंदी की और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसका नाम विशाल पिता ईश्वरसिंह 21 साल निवासी खेरखेडी घट्टिया सामने आया। उससे बाइक चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की गई तो उसने बाइक चोरी करना कबूल लिया, उसने बाइक चोरी में मंजूर पिता शहजाद खान निवासी बिछडोद तहसील तराना के शामिल होने की जानकारी दी। पुलिस ने मंजूर की तलाश कर उसे भी हिरासत में लिया। उसने 22 अगस्त को अन्नक्षेत्र में ड्युटी करने वाले नारायण सोलंकी की सरफेस पार्किंग में खडी बाइक चुराई थी। पुलिस टीम ने दोनों से बरामदगी के प्रयास शुरू किये तो उनकी निशानदेही पर दोनों ब्राइ के साथ पांच अन्य बाइक भी बरामद हो गई। 7 बाइक बरामद होने पर दोनों के खिलाफ वाहन चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। पूछताछ में पांच बाइक ग्रामीण क्षेत्रों से चोरी करना कबूल किया है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों को बताया कि वह चाबी लेकर चोरी करने निकलते थे। जिस बाइक में चाबी लग जाती थी उसे चुराकर ले जाते थे।

### चोरी के बाद आसपास छुपाते थे बाइक

पुलिस पूछताछ में पता चला कि बाइक चोरी करने के बाद वह पहले आसपास के क्षेत्र में छुपा देते थे, उसके कुछ दिन बाद उसे अपने साथ ले जाते थे। महाकाल थाना क्षेत्र से चुराई दोनों बाइक भी बदमाशों ने रंजीत हनुमान मंदिर क्षेत्र के सूनसान स्थान पर छुपाई थी। पुलिस दोनों के अपराधिक रिकार्ड भी पता कर रही है।

## बाइक नम्बर से हुई खंती में मिली लाश की पहचान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



गरोठ हाइवे सर्विस लेन के पास खंती में मंगलवार सुबह एक युवक की लाश पडी होने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, मृतक के पास बाइक और छोटा गैस सिलेंडर पडा था। बाइक नम्बर से पुलिस ने उसकी पहचान की और परिजनों को सूचना दी। मृतक युवक देवास जिले के बांगर का रहने वाला था और वर्तमान में किराये से उज्जैन में निवास कर रहा था।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सुबह कुछ लोगों ने बताया था कि गरोठ हाइवे पर खंती में एक युवक की लाश पडी है। घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि सर्विस लेन पर बाइक फिसलने या फिर किसी वाहन से टकराने पर युवक बाइक सहित गिरा है। उसके पास से पहचान को कोई दस्तावेज नहीं मिला। बाइक नम्बर एमपी 13 डीक्यू 4013 के आधार पर जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि देवास के ग्राम बांगर का रहने वाला रोहित पिता मुकेश चौहान 22 साल है। परिजनों को सूचना दी गई। बुआ का पुत्र और रिश्तेदार घटनास्थल पहुंचे और उन्होने पहचान की। प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला के साथ बॉडी को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों की मौजदूगी में पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है। इस दौरान बुआ के पुत्र ने बताया कि रोहित ने प्रेम विवाह किया था और वह टूर एंड ट्रेवल्स का काम करता था। वह प्रेमनगर में किराये से रहने लगा था। संभवत- गैस सिलेंडर भराने गया था, उसी दौरान घटना हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में घटनाक्रम का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल मामला सडक हादसा सामने आ रहा है।

निवेश के नाम पर किसानों को मुनाफे का देते थे झांसा........

## 7 साल बाद गिरफ्त में आये 70 लाख ठगने वाले दंपति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



कृषि उत्पाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के साथ निवेश के नाम पर हर माह मुनाफे का झांसा देकर किसानों से 70 लाख की धोखाधडी करने वाले दंपति को 7 साल बाद ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों ने अपने गिरोह के साथ अन्य जिलों में करीब 15 करोड की ठगी को अंजाम दिया था।

ईओडब्ल्यू एसआई सचिन्द्रपालसिंह सेंधव ने बताया कि वर्ष 2019 में महेश पटेल, जितेन्द्र पाटीदार, राकेश प्रजापत, सतीश परमार, महेश सारा और शांतिलाल परमार के बयान दर्ज कर ग्रीन लीफ सॉइल फर्टिलाइजर एनहांसर प्रायवेट लिमिटेड के प्रेमनारायण दांगी, अंकिता पति प्रेमनारायण दांगी, सुधीर मिश्रा, जयचंद्र झा, ओमप्रकाश सोनी, सुनील शेरा, तरूण सूर्यवंशी और लालसिंह गुणवान के खिलाफ किसानों को कृषि उत्पाद और कीटनाशक उपलब्ध कराने के साथ कंपनी में निवेश करने पर प्रतिमाह मुनाफा देने का झांसा देकर 70 लाख से अधिक की धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया गया था। सात सालों से मामले में आरोपियों की तलाश जारी थी। तकनीकी साक्ष्यों से प्रेमनारायण दांगी और उसकी पत्नी अंकिता की जानकारी सामने आने पर एक टीम उदयपुर और दूसरी इंदौर रवाना की गई। उदयपुर से प्रेमनारायण और इंदौर से अंकिता को गिरफ्तार कर मंगलवार को उज्जैन लाया गया। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है। उनके साथ कंपनी में काम करने वाले अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एसआई सेंधव के अनुसार मुख्य आरोपी प्रेमनारायण दांगी है, 3 साल पहले उसके साथ दुर्घटना हुई थी, जिसके चलते वह लकवाग्रस्त हो चुका है।

**15 करोड से अधिक की कर चुके थे ठगी**

बताया जा रहा है कि उज्जैन जिले के साथ मंदसौर, नीमच, आगर, देवास, धार सहित शातिर आरोपियों ने राजस्थान, गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश में भी अलग-अलग नाम से कंपनियां खोलकर 15 करो? से अधिक की ठगी को अंजाम दिया है। उज्जैन ईओडब्ल्यू ने कंपनी के संचालकों और प्रमोटरों के खिलाफ धारा 409, 420, 120 बी, में प्रकरण दर्ज किया था। उज्जैन जिले में किसानों से निवेश कराने के लिये चैन सिस्टम बनाया था, कुछ को मुनाफा भी दिया और चेन लम्बी होने के बाद निवेश की राशि लेकर फरार हो गये थे।

# टापरी को बनाया था जुएं का अड्डा, 12 हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मजदूरी करने वाले अधेड ने घर के पीछे टापरी में जुएं का अड्डा बना लिया था। सोमवार-मंगलवार सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी तो 12 लोग हिरासत में आ गये। जिनके पास से 21 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की गई है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि रात 11 बजे के लगभग खबर मिली थी कि अशोक कॉलोनी में अनिल भाटिया के घर के पीछे टापरी में कई लोग छुपकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर एसआई शांतिलाल मौर्य, एएसआई भुरिया मोहरे, दयाशंकर, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक संदीप यादव, अर्पित कायस्थ, सौरभ और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों की टीम बनाकर टापरी के आसपास घेराबंदी कर दबिश मारी गई। मौके से अनिल पिता रंजीत भाटिया के साथ प्रवीण पिता जगदीश, घनश्याम पिता शंकरलाल, दीपक पिता बाबूलाल चंदन, भीम पिता नंदू प्रसाद, निश्चय पिता भरतलाल, दिनेश पिता रामचंद्र, त्रिलोक पिता राजकुमार, सुमित पिता विनोद, लोकेश पिता हीरालाल, रफीक पिता अब्दुल और मदन पिता बाबूलाल को हिरासत में लिया गया। सभी बिरलाग्राम क्षेत्र के रहने वाले है, जो जमीन पर फड लगाकर ताशपत्ती से दांव लगा रहे थे। पुलिस ने फड से ताशपत्ती के साथ 21 हजार 300 रूपये नगद बरामद कर सभी के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया। पूछताछ में सामने आया कि अनिल ने कुछ दिनों से घर के पीछे टापरी में जुएं का अड्डा बना लिया, जुआ खेलने वाले सभी आरोपी मजदूरी करते है। थाना प्रभारी के अनुसार सभी के खिलाफ दर्ज प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा।

### रूपये नहीं दिये तो 2 बदमाशों ने युवक को चाकू मारा

**उज्जैन।** लोहे का पुल कोट मोहल्ला में रहने वाला फरहान पिता शाकीर कुरैशी 18 साल सोमवार रात 11.30 बजे खाराकुआ क्षेत्र से पैदल घर की ओर लौट रहा था। उसे 2 बदमाशों ने रोका और शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगे। फरहान ने रूपये देने से मना किया तो बदमाशों ने मारपीट शुरू कर दी। उसने मोबाइल निकालकर पुलिस को कॉल करने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उसका मोबाइल भी तोड दिया और चाकू मारकर भाग निकले। खाराकुआ थाना पुलिस ने मामले में घायल हुये फरहान की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और पहचान के प्रयास शुरू किये। बदमाश शाहदत उर्फ फैजान हुसैन और अदनान उर्फ अद्दू होना सामने आये। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम को शाहदत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ कर दूसरे बदमाश की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## आज निकलेगा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस, कल होगा जलसा

**आज जामा मस्जिद से सुबह 9 बजे शुरू होगा जुलूस, शहर के विभिन्न मार्गों से होकर शाम 5 बजे वापस पहुंचेगा**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आज बुधवार को मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस सुबह 9 बजे जामा मस्जिद से प्रारंभ होगा और शहर के विभिन्न मार्गों से होकर शाम करीब 5 बजे पुन: जामा मस्जिद पहुंचकर समाप्त होगा।

सीरत कमेटी के सरपरस्त शहर काजी खलिकुर्रेहमान, अध्यक्ष सूफी जाकिर हुसैन चिश्ती, जनरल सेक्रेटरी अखलाक अहमद कुरैशी एडवोकेट तथा मुख्तियार खालवाला गुलरेज कुरैशी ने बताया कि जुलूस जामा मस्जिद से भार्गव मार्ग, केडी गेट, कमरी मार्ग, ढाबा रोड, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, लोहे का पुल, तोपखाना, मदार गेट, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कंठाल, तेलीवाड़ा, मिर्जा नईम बेग मार्ग, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, मावा बाजार होते हुए टंकी चौराहा पहुंचेगा। इसके बाद जुलूस जामा मस्जिद पहुंचकर समाप्त होगा।

**27 अगस्त को टंकी चौराहे पर जलसा-** सीरत कमेटी की ओर से कल गुरुवार, 27 अगस्त को रात 9 बजे टंकी चौराहे पर जलसे का आयोजन किया जाएगा। जलसे में भीलवाड़ा, राजस्थान से मौलाना मुजम्मिल हुसैन अजहरी, मौलाना हसन नूरी गोंडवी और मौलाना वसीम कादरी सहित स्थानीय उलेमा तकरीर करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में मिलादुन्नबी के संदेश और धार्मिक विषयों पर तकरीरें होंगी।

## युवा कांग्रेस का बेटर सिटीज अभियान शुरू, हर वार्ड में जाकर उठाएंगे मूलभूत मुद्दे

### संवाद, संघर्ष और समाधान के संकल्प के साथ नगर निगम से मांगेंगे जवाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर की बदहाल सड़कों, नालियों और सफाई व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उज्जैन शहर एवं जिला युवा कांग्रेस ने बेटर सिटीज (मेरा शहर-मेरा हक) मुहिम का शंखनाद किया है। इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस नेता शहर के हर वार्ड में जाकर कमेटियों का गठन करेंगे और जनता के साथ मिलकर नगर निगम व जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगेंगे।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित देवव्रत यादव ने बताया कि बेटर सिटीज मुहिम का मुख्य संकल्प संवाद, संघर्ष और समाधान है। युवा कांग्रेस का उद्देश्य सिर्फ समस्याओं को उठाना नहीं है, बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर लोकतांत्रिक तरीके से उनका समाधान करवाना है। वार्ड स्तर पर जाने के लिए 8 प्रमुख मुद्दे तय किए गए हैं, जिनमें साफ-सफाई, गड्ढे मुक्त सड़कें और ड्रेनेज जैसी बुनियादी जरूरतें शामिल हैं। इन मुद्दों को लेकर संबंधित अधिकारियों की घेराबंदी की जाएगी। अभियान से जुड़े पोस्टर भी जारी किए गए। इसके जरिए सफाईकर्मी, घरेलू कामगार, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, सुरक्षा गार्ड, ऑटो व ई-रिक्शा चालक और गिग वर्कर्स की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस इन वर्गों के लिए पक्की नौकरी, न्यूनतम वेतन, पीएफ-ईएसआई, सुरक्षा और सम्मान जैसे अधिकारों की मांग को लेकर भी सड़क पर उतरेगी। अभियान से जुड़ने के लिए एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया गया है। इस दौरान मुख्य रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, आनंद मीणा, रहीम लाला, संचित शर्मा, योगेश दाहिमा, अश्विन मावरी, करण सूर्यवंशी, पीयूष सारवान, रिजवान लाला, बलराम तिवारी और शाहनवाज पठान सहित युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भस्मारती से लौट रहे 2 युवक दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होने के बाद मंगलवार सुबह बाइक से लौट रहे चार युवक स?क दुर्घटना में घायल हो गये। 2 को गंभीर चोंट लगने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चरक अस्पताल में सुबह बिहार के बेगूसराय में रहने वाले विवेक कुमार पिता सुनील भदौरिया, बड़नगर निवासी कृष्णा पिता जगदीश सुमन, नितेश पिता ओमप्रकाश शर्मा और एक अन्य को लाया गया था। विवेक और कृष्णा को गंभीर चोंट होने पर उन्हे निजी अस्पताल ले जाया गया। 2 को प्राथमिक उपचार दिया गया। बताया जा रहा था कि चारों बड़नगर से बाबा महाकाल की भस्मारती में शामिल होने आये थे। मंदिर से वापस बाइक पर सवार होकर बड़नगर लौट रहे थे। उसी दौरान हरिफाटक ब्रिज पर तेजगति से आई तूफान गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। दुर्घटना के बाद चालक तूफान लेकर मौके से भाग निकला था। पुलिस द्वारा घायलों के बयान दर्ज कर मामले में जांच की बात कहीं गई है।

# विचार से आजाद मन



अक्सर मुझसे यह सवाल किया जाता है कि मन को स्थिर कैसे किया जाए? प्रश्न मन की निश्चलता का नहीं है, सवाल यह है कि कोई समस्या सामने आते ही उसके सत्य को कैसे देखा जाए? मन एक सरोवर के समान है, जो वायु के स्थिर होते ही शांत हो जाता है। हमारा मन क्षुब्ध है, क्योंकि हमारे पास समस्याएं हैं और समस्याओं से बचने के लिए हम मन को शांत बनाते रहते हैं, जबकि मन ने ही इन समस्याओं का प्रक्षेपण किया है। मन से अलग कोई समस्या नहीं है। जब तक मन संवेदनशीलता की किसी भी धारणा का प्रक्षेपण करता रहता है, वह निश्चल नहीं हो पाता। जब मन को यह एहसास हो जाता है कि स्थिर होने से ही समझ संभव है, तब वह नितांत मौन हो जाता है। वह मौन थोपा हुआ नहीं होता, अनुशासनजन्य नहीं होता, बल्कि वह एक ऐसी शांति होती है, जिसे बेचैन मन समझ ही नहीं सकता। मन की शांति की तलाश में कई लोग सक्रिय जीवन त्यागकर किसी गांव, आश्रम या पहाड़ों का रुख करते हैं या फिर किसी विश्वास में खुद को कैद कर लेते हैं या अपने को परेशान करने वाले लोगों से बचते रहते हैं। ऐसा अलगाव मन की निश्चलता नहीं है। किसी अवधारणा, विचार में मन को बंद कर लेना या उन लोगों से बचते रहना, जो जीवन को और जटिल बना दिया करते हैं, इन सबसे मन की शांति नहीं आ सकती। मन की निश्चलता का आगमन तो तभी होता है, जब अनुभव-संचयन द्वारा अलगाव की प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि जब संबंध की समस्त प्रक्रिया को पूर्णतया समझ लिया जाता है। यह संचयन मन को जीर्ण बना देता है; जब मन ताजा होता है, संचयन की प्रक्रिया से मुक्त और नवीन होता है, तभी उसके प्रशांत होने की संभावना है। ऐसा मन मृतप्राय नहीं, अति सक्रिय होता है।

निश्चल मन सर्वाधिक सक्रिय मन होता है, किंतु यदि आप गहराई से इसकी जांच करें, तो देख पाएंगे कि इस निश्चलता में विचार का कोई प्रक्षेपण नहीं है। विचार सभी स्तरों पर स्मृति की प्रतिक्रिया होता है और विचार सर्जन की अवस्था में कभी नहीं हो सकता। विचार सर्जनशीलता को अभिव्यक्ति दे सकता है, लेकिन वह स्वतः कभी भी सर्जनशील नहीं हो सकता। मन सचमुच मौन होता है, तब उस मौन में असाधारण गतिविधि होती है, जिसे विचार से क्षुब्ध मन कभी नहीं जान सकता। निश्चल मन में कोई विचार नहीं होता, कोई स्मृति नहीं होती। यह सृजन की अवस्था है, जिसकी अनुभूति तभी हो सकती है, जब ह्यमैंह्व की समस्त प्रक्रिया का पूर्ण बोध हो, पूरी समझ हो; नहीं तो निश्चलता का कोई अर्थ नहीं है। इसी निश्चलता, इसी शांति में उस चिरंतन का अन्वेषण हो पाता है, जो काल से परे है।

**सम्पादकीय**

## बारिश का असर

भारत के कम से कम छह राज्यों में मूसलाधार तेज बारिश का क्रम बना हुआ है। ध्यान रहे, भारत के मौसम विज्ञान विभाग ने अगले चार दिन के लिए देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान लगाया है। कम दबाव का क्षेत्र बनने की वजह से हो रही इस बारिश ने अनेक जगहों पर जनजीवन को प्रभावित किया है। खासकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में बारिश के चलते स्थानीय जनजीवन प्रभावित हुआ है या हो सकता है। आम लोगों और विशेष रूप से किसानों को बहुत सावधान रहना होगा। एक अनुमान के अनुसार, अनेक जगह 20 प्रतिशत तक फसल प्रभावित हुई है। प्रयागराज क्षेत्र की ही बात करें, तो वहां सामान्य से करीब 123 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है, जिससे परेशानियां बढ़ी हैं। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी जमकर बारिश हुई है और हवा भी तेज चली है, जिससे सामान्य जनजीवन व परिवहन व्यवस्था सर्वाधिक प्रभावित हुई है। तेज बारिश का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली हवाई अड्डे से 15 उड़ानें दूसरी जगह भेजी गई हैं। करीब 26 उड़ानों को रद्द किया गया है और करीब 250 उड़ानें विलंब से चली हैं।

चूंकि तेज बारिश और जलभराव का स्पष्ट अनुमान नहीं था, इसलिए स्कूल गए छोटे बच्चों को अनेक इलाकों में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा है। बड़े शहरों में स्थानीय प्रशासन के साथ ही, मौसम विभाग को भी सचेत रहना होगा। शहरों में जलभराव की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, अतः तेज बारिश की आशंका होने पर छोटे बच्चों की कक्षाओं को ऑनलाइन करना ही बेहतर है। यह एक निंदनीय और चिंताजनक बात है कि ऊंचे माने जाने वाले इलाकों में भी तीन से चार फीट पानी भर जाता है। नियोजित घरों-दुकानों में पानी घुस जाता है। वाहनों को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। बहरहाल, उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के निचले इलाकों में कमोबेश बाढ़ जैसे हालात देखे गए हैं। प्रयागराज ही नहीं, काशी में भी गंगा का पानी अनेक घाटों पर चढ़ चुका है। ऐसे पर्यटकों की अधिकता या भीड़ वाले शहरों में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। यह अफसोस की बात है, सामान्य सड़कों के साथ ही, एक्सप्रेसवे की सड़कों को भी जगह-जगह नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश डामर की सड़कों की दुश्मन है, सड़कें जगह-जगह उखड़ जाती हैं, अतः ऐसे समय में, बहुत सतर्कता से ही सड़क पर चलना या वाहन चलाना चाहिए।

### भारत को रीसाइक्लिंग केंद्र बनना है, दुनिया का कूड़ाघर नहीं

# मुनाफे के कंटेनर में बंद भारत की आने वाली पीढ़ियां



किसी देश की सीमाएं केवल नक्शे की रेखाएं नहीं; वे मिट्टी, पानी, हवा और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा की चौकी हैं। जब समुद्र पार से आया जहाज माल नहीं, दूसरे देश का कचरा उगलता है, तो मामला सीमा शुल्क से उठकर राष्ट्र की अस्मिता तक पहुंच जाता है। जून 2026 में तमिलनाडु के तूतीकोरिन बंदरगाह पर वेस्ट पेपर बताकर लाए कंटेनरों से इस्तेमाल प्लास्टिक बोतलें, डिब्बे, थैलियां और विदेशी सड़कों की झाड़-पोंछ निकलना इसी सच्चाई का प्रमाण है। मद्रास हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डी. भारथा चक्रवर्ती ने इसे नियमों की धज्जियां उड़ाना नहीं, बल्कि भारत की धरती पर कचरा उड़ेलने वाला देशद्रोह का गंभीर रूप कहा। यह शब्द चौंकाते हैं, क्योंकि हम पर्यावरणीय अपराध को अभी तक राष्ट्रीय अपराध की तरह देखना नहीं सीख पाए हैं। विडंबना की इससे बड़ी तस्वीर क्या होगी—जिस देश में रोज लगभग 1.7 लाख टन नगरपालिका कचरा पैदा होता है, लैंडफिल कराह रहे हैं, नदियां प्लास्टिक से घुट रही हैं और मिट्टी में जहर उतर रहा है, वही भारत विदेशों का कचरा खरीद रहा है। 2024-25 में पुनर्चक्रण योग्य कचरे और स्क्रैप का आयात 12.74 अरब डॉलर पहुंच गया, जबकि 2021 से 2023 के बीच करीब दो करोड़ किलोग्राम प्लास्टिक कचरा (आधिकारिक और अवैध/गलत घोषणा वाले दोनों स्रोतों को मिलाकर) देश में आया। सवाल यह नहीं कि कितना कचरा काम आ सकता है; सवाल है कि जब देश में रीसाइक्लिंग उद्योग के लिए पर्याप्त सामग्री है, तो विदेशी कचरे की जरूरत किसे? यदि जवाब कारोबारी मुनाफा है, तो यह व्यापार नहीं, मुनाफे की पैकिंग में छिपा पर्यावरणीय शोषण है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

यहां एक नए किस्म का उपनिवेशवाद जन्म लेता है। पहले शक्तिशाली देश गरीब देशों की जमीन और संसाधन हड़पते थे, अब अपने कचरे के लिए उन्हीं देशों की कमजोर निगरानी और सस्ते श्रम को खोजते हैं। विकसित देशों में पर्यावरणीय नियम जितने कठोर होते जाते हैं, जहरीला बोझ कमजोर व्यवस्थाओं वाले देशों पर डालने का लालच उतना बढ़ता है। भारत यदि इसे स्वीकार करता है तो वह केवल विदेशी कचरा नहीं खरीद रहा, बल्कि अपने लोगों का स्वास्थ्य, मिट्टी की उर्वरता और नदियों का भविष्य गिरवी रख रहा है। इसे वेस्ट कोलोनियलिज्म कहना अतिशयोक्ति नहीं। कचरा भी सत्ता का औजार हो सकता है—बस उसकी भाषा व्यापार और पुनर्चक्रण की होती है।

मद्रास हाईकोर्ट का महत्व यही है कि उसने सवाल को केवल यह कचरा कहां जाए तक सीमित नहीं किया। अदालत ने न दुबई भेजने, न भारत में जलाने-दफनाने की अनुमति स्वीकार की। बासेल कन्वेंशन और खतरनाक अपशिष्ट नियम, 2016 की भावना स्पष्ट है—अवैध कचरा उसी देश को लौटना चाहिए जहां से वह आया है। उसे किसी तीसरे देश के गरीब हिस्से में भेजना समाधान नहीं, अपराध की जिम्मेदारी खिसकाना है। घरेलू भट्टियों में जला देना भी नैतिक विजय नहीं, क्योंकि वही विष धुएं के रूप में लौटेगा। अदालत ने केंद्र से बायोमेडिकल और नगरपालिका कचरे के पुनः निर्यात संबंधी प्रावधानों को स्पष्ट और कठोर बनाने का आग्रह कर जिम्मेदारी को नीति के दरवाजे तक पहुंचा दिया है।

सबसे बड़ा विरोधाभास हमारे नारों में छिपा है। एक ओर स्वच्छ भारत, प्लास्टिक नियंत्रण और आत्मनिर्भरता की घोषणाएं हैं; दूसरी ओर बंदरगाहों पर विदेशी कचरे के कंटेनर खुलते हैं। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ उत्पादन में आत्मनिर्भर होना है, तो क्या कचरे में आत्मनिर्भर होने का गौरव नहीं? हम अपना कचरा नहीं संभाल पा रहे और दूसरों का कचरा संभालने को बंदरगाह खोल रहे हैं। मिट्टी, पानी और खाद्य श्रृंखला में घुलते विष आज न दिखें, पर आने वाली पीढ़ियां उनकी कीमत स्वास्थ्य, बीमारी और घटती जीवन-गुणवत्ता से चुकाएंगी। ऐसी विकास-रफ्तार किस काम की, जिसके पीछे जहरीला पदचिन्ह छूटे?

समाज की चुप्पी इस कारोबार की सबसे बड़ी ताकत है। यह मामला उतनी बड़ी सार्वजनिक बहस नहीं बन पाया, जितनी बननी चाहिए थी। पर्यावरण सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग देखना अब पुरानी सोच है। जैसे सीमा पार हथियारों की तस्करी खतरा है, वैसे ही जहरीला कचरा भी। फर्क इतना—हथियार एक दिन में मारते हैं, कचरा वर्षों में। उद्योगपति मुनाफा गिनता है, अधिकारी कागज, नागरिक अस्पताल की पर्ची। इस त्रिकोण को तोड़े बिना कोई स्वच्छता अभियान सफल नहीं होगा। अदालत की चेतावनी को महज न्यायिक टिप्पणी समझना भूल होगी; यह उस सार्वजनिक विवेक को जगाने का प्रयास है, जो धीरे-धीरे सुविधा का आदी हो गया है।

रास्ता कठिन है, अस्पष्ट नहीं। संदिग्ध या गलत घोषित कचरे पर कठोर दंड हो, बंदरगाहों पर वैज्ञानिक और स्वतंत्र जांच हो, आयात नियमों की आड़ में छिपे रास्ते बंद हों और पुनर्चक्रण उद्योग को विदेशी कचरे पर निर्भर बनाने के बजाय देश में पैदा कचरे के वैज्ञानिक उपयोग की ओर मोड़ा जाए। पूर्ण प्रतिबंध पर विचार करना होगा, खासकर उन कचरा श्रेणियों पर जिनका घरेलू प्रबंधन संकट में है। सर्कुलर इकोनॉमी का अर्थ दुनिया भर का कचरा भारत में घुमाना नहीं; संसाधनों का बार-बार उपयोग और अपशिष्ट न्यूनतम करना है। 2047 का विकसित भारत कचरे के आयात से विकसित नहीं होगा। वह तब विकसित कहलाएगा, जब बंदरगाह माल के लिए खुलें, कचरे के लिए नहीं।

मद्रास हाईकोर्ट की टिप्पणी का गहरा अर्थ यही है कि पर्यावरणीय स्वतंत्रता भी स्वतंत्रता का रूप है। राजनीतिक आजादी हमें शासन चुनने का अधिकार देती है; पर्यावरणीय संप्रभुता यह अधिकार देती है कि अपनी धरती के साथ क्या करना है, इसका फैसला हम करें। भारत की जमीन किसी दूसरे देश की सफाई का सस्ता विकल्प नहीं हो सकती। विदेशी कचरा लौटाना केवल कंटेनर लौटाना नहीं; उस मानसिकता को लौटाना है, जिसमें गरीब देश को अमीर दुनिया का कूड़ाघर मान लिया जाता है। अब फैसला भारत को करना है—वह अपनी शर्तों पर दुनिया का रीसाइक्लिंग केंद्र बनेगा या कूड़ाघर। इन दोनों रास्तों का फर्क केवल नीति का नहीं, राष्ट्रीय आत्मसम्मान का है।

## पुराना लाल बस्ता

तहसील के पटवारी दफ्तर के ऊँचे आले पर रखा वह पुराना लाल बस्ता पूरे कसबे के लिए कौतूहल और रहस्य का विषय बना हुआ था क्योंकि हमारे देश में फाइलों का वजन जितना बढ़ता है जनता की उम्मीदें उतनी ही पतली होती जाती हैं। उस बस्ते का कपड़ा धूप और धूल की मार से पूरी तरह मटमैला हो चुका था और उसकी सूती डोरियाँ घिसकर बिल्कुल पतली पड़ चुकी थीं जैसे ईमानदारी की सरकारी परिभाषा बार बार घिसने से पारदर्शी हो जाती है। दफ्तर का हर कर्मचारी उस तरफ एक अजीब सी झिझक और अचरज भरी निगाहों से देखता था क्योंकि भ्रष्टाचार के मंदिर में पुरानी फाइलें अक्सर भूत बनकर डराती हैं। उसी दफ्तर के मुख्य दरवाजे के पास बिछी लकड़ी की पुरानी बेंच पर हर सोमवार की भोर होते ही दीनानाथ काका आकर चुपचाप बैठ जाते थे क्योंकि भारत में न्याय की प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ घोषित कर दिया गया है। सफेद खद्दर की फटी धोती कुर्ता पहने और कांपते हाथों में लकड़ी की लाठी थामे काका दिन भर उस आले पर रखे लाल बस्ते को एकटक टकटकी लगाकर ताकते रहते थे जैसे कोई भक्त उस भगवान को देख रहा हो जो खुद रिश्वत के इंतजार में पत्थर का हो गया है। गाँव का कोई भी किसान जब अपने खेत का खसरा खतौनी या नामांतरण कराने दफ्तर आता तो काका को उसी निश्चल मुद्रा में बैठा पाता था क्योंकि दफ्तरों में मेजें खिसकती हैं कुर्सियाँ घूमती हैं पर आम आदमी का भाग्य वहीं जमा रहता है जहाँ पिछली सरकार छोड़ गई थी। दफ्तर का पुराना चपरासी रामू जब भी साहब की मेज पर पानी का जग रखकर बाहर निकलता तो काका उससे बड़े सहेज कर पूछते कि क्यों रे रामू आज उस आले वाले लाल बस्ते का मुआयना हुआ क्या क्योंकि इस लोकतंत्र में मुआयना केवल फाइलों का होता है इंसान तो बिना मुआयने के ही मर जाता है। रामू बस अपनी नजरें झुका लेता और एक लंबी ठंडी साँस भरकर चुपचाप अपने काम में लग जाता था क्योंकि सरकारी सेवा में सत्य बोलना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 अगस्त 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:11 सूर्यास्त 18:46
श्रावण मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 07:59 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - श्रवण 24:48 उपरांत धनिष्ठा
योग - सौभाग्य 07:59 उपरांत शोभन
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 12 तारिख

**मेष-** नौकरी में नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा। पुराने ग्राहकों से बिजनेस में फायदा होगा।

**वृषभ-** बातचीत के दौरान कड़वे शब्दों के इस्तेमाल से बचें। परिवार पर अचानक खर्च हो सकता है।

**मिथुन-** डिजिटल मीडिया और मार्केटिंग से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ मिल सकता है।

**कर्क-** कारोबारी हैं तो संपर्कों का विस्तार होगा। साथी के साथ वैचारिक तालमेल बेहतर होगा। नए

**सिंह-** वित्तीय विकल्पों पर विचार करेंगे। आपके आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता से नए काम की शुरूआत होगी।

**कन्या-** कारोबारी हैं तो मुनाफे का दिन रहेगा। पार्टनर को अपनी व्यस्तता के बारे में समझाएं, नाराजगी दूर होगी।

**तुला-** धन लाभ होगा, परंतु खर्चों पर नियंत्रण रखें। पेट का ध्यान रखें। आंखों को आराम दें।

**वृश्चिक-** काम में एकाग्रता बनी रहेगी। नई जिम्मेदारी के लिए तैयार रहें। कारोबारी हैं तो निवेश सोच-समझकर करें।

**धनु-** आपसी विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। धन की स्थिति मजबूत होगी।

**मकर-** व्यावहारिक सोच से निर्णय लें। पुराने सौदों से लगातार लाभ होता रहेगा।

**कुंभ-** गंभीर विषयों पर घर में चर्चा हो सकती है। वित्तीय स्थिति संतुलित रहेगी। जोड़ों की देखभाल करें।

**मीन-** कारोबारी हैं तो यह मुनाफे का दिन साबित होगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। प्रेम संबंध मधुर रहेंगे।

**समसामयिक**

## राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम से विरोध कैसा?

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में वंदे मातरम हर धर्म, जाति और वर्ग के भारतीयों के लिए राष्ट्रीय चेतना, संघर्ष और बलिदान का प्रतीक रहा है। इस तथ्य को भी नकारा नहीं जा सकता कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सभी धर्मों के भारतीयों में राष्ट्रभक्ति और स्वाधीनता की भावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हजारों स्वतंत्रता सेनानियों के लिए यह मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता की आकांक्षा का स्वर था। 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने घोषणा की थी कि जन गण मन भारत का राष्ट्रगान होगा और वंदे मातरम को भी राष्ट्रगान के समान सम्मान दिया जाएगा। इस प्रकार वंदे मातरम् स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संघर्ष की विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा बना।



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

2026 में वंदे मातरम को लेकर एक महत्वपूर्ण नया अध्याय जुड़ा है। गृह मंत्रालय के 28 जनवरी 2026 के दिशानिर्देश के अनुसार छह पदों वाले वंदे मातरम के पूर्ण संस्करण को आधिकारिक प्रोटोकॉल में स्थान दिया गया। इसके बाद आकाशवाणी ने 26 मार्च 2026 से छह पदों वाले पूर्ण संस्करण का प्रसारण प्रारंभ किया। यह परिवर्तन केवल गीत के अधिक व्यापक स्वरूप को सामने लाने वाला कदम नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन की इस ऐतिहासिक धरोहर को उसके मूल स्वरूप में समझने और सम्मान देने का अवसर भी है।

इसी वर्ष राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2026 के माध्यम से वंदे मातरम को भी राष्ट्रीय सम्मान से संबंधित वैधानिक संरक्षण प्रदान किया गया। जानबूझकर राष्ट्रगीत के गायन को रोकना अथवा उसके प्रदर्शन में व्यवधान उत्पन्न करना अब कानून के दायरे में आता है। इसलिए यह कहना अधिक उचित होगा कि 2026 में वंदे मातरम के सम्मान और उसके पूर्ण संस्करण के आधिकारिक प्रयोग को लेकर कानूनी एवं प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। सही अर्थ और निष्पक्ष भाव से विचार किया जाए तो वंदे मातरम् किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है और न ही किसी एक विचारधारा का निजी प्रतीक। यह भारत के स्वतंत्रता संघर्ष की सामूहिक स्मृति का हिस्सा है तथा मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता, समर्पण और सम्मान व्यक्त करने का ऐतिहासिक माध्यम है।

लोकतंत्र में संविधान सर्वोपरि है वहीं व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और उसकी व्यक्तिगत आस्था का सम्मान लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। साथ ही राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय विरासत के प्रति सम्मान भी नागरिक दायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। असहमति का अधिकार लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन राष्ट्रीय प्रतीकों को अनावश्यक राजनीतिक टकराव का विषय बनाना सामाजिक समरसता के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। वंदे मातरम का अर्थ मातृभूमि के प्रति वंदन और सम्मान की भावना से जुड़ा है। इसमें भारत भूमि को माता के रूप में देखने की भारतीय सांस्कृतिक दृष्टि अभिव्यक्त होती है। इसलिए इसे केवल धार्मिक दृष्टि से देखना या किसी एक समुदाय से जोड़ना इसके ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व को सीमित करना होगा। राष्ट्रगीत का सम्मान किसी धर्म, जाति अथवा राजनीतिक विचारधारा के प्रति निष्ठा की परीक्षा नहीं है, बल्कि उस स्वतंत्रता संघर्ष के प्रति सम्मान है जिसमें असंख्य भारतीयों ने अपना जीवन समर्पित किया। यह प्रश्न भी विचारणीय है कि हम राष्ट्रीय प्रतीकों को राजनीतिक चश्मे से क्यों देखने लगते हैं? वंदे मातरम् का सम्मान करने वाला व्यक्ति किसी विशेष राजनीतिक विचारधारा का समर्थक है और उससे असहमति रखने वाला व्यक्ति राष्ट्रविरोधी—ऐसी सरलीकृत धारणाएं लोकतांत्रिक समाज के लिए उचित नहीं हैं। राष्ट्र और राष्ट्रीय विरासत किसी राजनीतिक दल या विचारधारा से कहीं बड़े हैं।

# जिम शुरू करने से पहले कराएं ये जरूरी जांच



खुद को फिट रखने के लिए जिम और एक्सरसाइज का चलन तेजी से बढ़ा है। नियमित व्यायाम शरीर में रक्त संचार बेहतर करने, पाचन और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने के साथ कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है। आमतौर पर वयस्कों के लिए सप्ताह में कम से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि की सलाह दी जाती है। हालांकि, अगर आप लंबे समय से एक्सरसाइज नहीं कर रहे हैं और अचानक भारी वर्कआउट शुरू करने जा रहे हैं, तो शरीर की मौजूदा स्थिति को समझना जरूरी है। खासकर पहले से कमजोरी, थकान, कोई बीमारी या हृदय संबंधी जोखिम वाले लोगों को बिना सलाह के हाई-इंटेंसिटी एक्सरसाइज शुरू नहीं करनी चाहिए।

### जिम शुरू करते ही थकान और चक्कर आएं तो सावधान

कई लोगों को वर्कआउट शुरू करने के कुछ दिनों बाद अत्यधिक थकान, चक्कर, मांसपेशियों में ऐंठन या दिल की धड़कन तेज महसूस हो सकती है। इसे हमेशा सामान्य मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

अगर आप लंबे समय से सक्रिय नहीं रहे हैं, उम्र अधिक है, पहले से कोई बीमारी है या लगातार कमजोरी और थकान रहती है, तो एक्सरसाइज की शुरूआत डॉक्टर की सलाह से करना बेहतर है। कंप्लीट ब्लड काउंट एक सामान्य रक्त जांच है। इससे लाल रक्त कोशिकाओं, सफेद रक्त कोशिकाओं और प्लेटलेट्स समेत कई महत्वपूर्ण चीजों की जानकारी मिलती है।

हीमोग्लोबिन कम होने पर कमजोरी, जल्दी थकान, सांस फूलना और चक्कर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में भारी वर्कआउट करना मुश्किल हो सकता है। जिन लोगों को पहले से लगातार थकान, कमजोरी, पीलिया या सांस फूलने की शिकायत है, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर ही जिम शुरू करना चाहिए।

### लिपिड प्रोफाइल से समझें हार्ट का जोखिम

अचानक भारी एक्सरसाइज शुरू करने से पहले हृदय संबंधी जोखिमों को समझना भी महत्वपूर्ण है। लिपिड प्रोफाइल के जरिए बैड और गुड कोलेस्ट्रॉल के साथ ट्राइग्लिसराइड्स के स्तर की जानकारी मिलती है।

जिन लोगों का वजन अधिक है, जो धूम्रपान करते हैं या जिनके परिवार में कम उम्र में हृदय रोग का इतिहास रहा है, उनके लिए यह जांच विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो सकती है। रिपोर्ट में कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड्स बढ़ा हुआ मिले तो डॉक्टर से सलाह लेना चाहिए।

### सोडियम-पोटैशियम की कमी भी बन सकती है परेशानी

सोडियम और पोटैशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स नसों और मांसपेशियों के सामान्य कामकाज के लिए जरूरी होते हैं। बार-बार मांसपेशियों में ऐंठन, कमजोरी या अत्यधिक पसीना आने की स्थिति में डॉक्टर इलेक्ट्रोलाइट्स की जांच की सलाह दे सकते हैं।

इनका स्तर बहुत कम या बहुत अधिक होना दोनों ही परेशानी पैदा कर सकते हैं। इसलिए जरूरत होने पर जिम शुरू करने से पहले इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस की जांच कराना उपयोगी हो सकता है।

**ईद-ए-मिलादुन्नबी पर विशेष**

# पैगम्बर हजरत मोहम्मद ने इंसानियत को भलाई का रास्ता दिखाया



सज्जाद अहमद कुरेशी
(दैनिक अवन्तिका)

जब-जब दुनिया में इंसानी मूल्यों का ह्रास हुआ, तब ईश्वर ने भटकती इंसानियत को सीधा रास्ता दिखाने के लिये पैगम्बर (दूत) भेजे। हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम भी इन्हीं में से एक है। आपका जन्मदिन मुस्लिम समुदाय ईद की तरह मनाते है ।

जिस समय आपका जन्म हुआ उस काल में मध्य एशिया में बर्बरता, अज्ञानता, व अंधविश्वास, वासनावृत्ति, नशाखोरी, जुआ, हिंसक घटनाओं का बोलबाला था। ऐसे गहरे काले अंधेरे में एक चिराग रोशन हुआ, जिसकी रोशनी से इंसानियत जिंदा हुई। अल्लाह ने पैगम्बर नबी रसुल हजरत मोहम्मद (स.अ.वसल्लम) को कामिल दीन तथा जामे शरीयत देकर भेजा जिसने भटकती इंसानियम को सीधा, सच्चा, रास्ता दिखाया।

रिवायत के मुताबिक आपका जन्म इस्लामी कैलेण्डर के तीसरे माह 12 रबिउल अव्वल ( 23 अप्रैल 571 ई.) सोमवार (पीर) के दिन मक्का शहर में हुआ था। आपके वालिद का नाम अब्दुल्लाह और वाल्दा (माता) का नाम आमना बिन्ते वहब था। बचपन से ही मां -बाप का साया सर से उठ गया। आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब ने आपकी परवरिश की। जब हजरत मोहम्मद की उम्र आठ साल की हुई तो दादा ने भी इस फानी जहान से कुच किया। आपके चचाजान अबुतालिब ने आपकी देखभाल की। आपकी पैदाइश व वफात दोनों समान तारीख और समान माह ( 12 रबिउल अव्वल ) में आती है, इसलिये आपके जन्मदिन को ईद मिलादुन्नबी कहा जाता है। पैंगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्ललाओं अलैहे वसल्लम ने स्वयं के बारे में कहा कि अनाबशारोकुम मिसालेकुम युहा इल्लैय्या अर्थात मैं भी तुम्हारी तरह इंसान हुं। मुझमें और तुममे फर्क इतना है कि मुझ पर वैही (ईशवाणी) नाजिल होती है, और तुम पर नहीं। पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्ललाओं अलैहे वसल्लम की शख्सियत की खासियत यह है कि आपके द्वारा इंसानियत को दी गई आसमानी किताब कुरआन का एक अक्षर व मात्रा के अंतर के बिना दुनियां के हर हिस्से, हर शोबे, हर खित्ते में आज भी मौजूद है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्ललाओं अलैहे वसल्लम की पुरी जिदंगी, उनकी पुरी शिक्षा सुरक्षित होने के साथ आमतौर पर वैसे ही प्रचलित है। पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्ल. ने इस्लाम को जीवन पद्वति बनाया जो जिंदगी के हर मोड पर मार्गदर्शन करता है। आप फरमाते हैं कि मैं इंसान हूं, जिस तरह दूसरे इंसान है। सख्त से सख्त दुश्मन व प्यारे से प्यारे दोस्त के इंसाफ में कोई फर्क नहीं करते ।

अस्ल मुजाहिद वह है जो खुदा की फरमाबरदारी करें। अपने नफस (मन) से लड़े और असली मुहाजिर वह है जो उन कामों को छोड़ दे जिन्हें खुदा ने मना किया है। यह फरमान है पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद का जिन्होंने उसी का पैगाम दिया जिस पर खुद भी अमल किया। दुनिया में बहुत से नेक मुस्लेहीन तशरीफ लाए सभी ने अखलाकियात का पैगाम दिया लेकिन देखना यह है कि उन्होने उस पर खुद कितना अमल किया । इसके बरअक्स मक्के का मुअल्लिमे अखलाक नबी सल्लाहो अलैहे व सल्लम पुकार कर कहता है। जो करते नहीं कहते क्यों हो। वह नबी खुद अपनी तालीम का नमुना था, इन्सानों के मज्में में जो कहता घर के खिल्वत कदे में उसी तरह नजर आता था।

आज से चौदह सौ बरस पहले पैगम्बर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्ललाओं अलैहेवसल्लम की जुबान मुबारक से कहे गए फरमान आज भी इम्तियाजी अहमियत का अहसास कराते है। उन्होनें फरमाया कि पानी अल्लाह की अजीम नेमत है, इसकी हमें कद्र करना चाहिए। उन्होनें फिजुल पानी बहाने को गुनाह ए अजीम बताया। उन्होने फरमाया कि ईमान वाले की शान यह है कि वह पानी की एक-एक बूंद की अहमियत को समझे नमाज से पहले वजु के दौरान बे मकसद ज्यादा पानी बहाने को मकरूह (घृणित) बताया। आपने यह भी हिदायत दी कि जो शख्स किसी प्यासे को पानी पिलाएगा, उसे बेहद सवाब (पुण्य) से नवाजा जाएगा। दुनिया के इतिहास में ऐसा कोई अजीम शख्स नजर नहीं आता जो खुदा का पैगम्बर भी हो और सेना का जनरल भी, हुक्मरा भी हो, न्यायधीश भी हो, सियासत दा भी हो, काबिल ताजिर (व्यापारी) भी , दार्शनिक, उपदेशक और समाज सुधारक भी।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6650 विशाल 6350 से 6425 डंकी चना 6000 से 6100मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7600 से 7800 महाराष्ट्र लाल 7900 से 8100 कर्नाटक 8000से 8200 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7000 से 7200 मूंग बेस्ट बोल्ड - 7400 से 7600 मीडियम बोल्ड 7300 से 7400 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9100 से 9200 उड़द गर्मी 8600 से 9000 ग्रेविटी क्लीन 9300 से 9700 हल्का उड़द 4000 से 6000काबुली डॉलर 7500 से 8900 काबुली रशियन 6200 से 6400 बिटकी 5890 से 6000सरसों निमाड़ी 8100 से 8200 रायडा 7100 से 7300 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 6700 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से 2700 लोकवन 2900 से3100 पूर्णा 2750 से 2800 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 2325 से 2350 चना दाल 7450 से 7550 मीडियम 7850 से 7950 बेस्ट 8050 से 8350 तुअर दाल 7000 से 7100 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 9600 से 9900 एक्स्ट्रा बेस्ट 10700 से 10800 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 8700 से 8800 बेस्ट 8900 से 9000 मूंग मोगर 10700 से10800 बेस्ट 10900 से 11000

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300 रवा- 1,58,000 चांदी- टंच- 2,42,000 पाट- 2,41,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## बागली में बच्चों से काम कराने का वीडियो, प्रधानाध्यापक निलंबित

**खातेगांव।** देवास जिले के बागली जनपद अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय भिकुपुरा में स्कूली बच्चों से काम कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। डीईओ राजीव सूर्यवंशी ने मामले का संज्ञान लेते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक हुकुमचंद परमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही संस्था में पदस्थ शिक्षिका रुक्मा भदौरिया को स्पष्टीकरण का नोटिस जारी किया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद शनिवार को संकुल प्राचार्य मानक हरनिया, जनशिक्षक महेश चौहान और नरसिंह सोलंकी की संयुक्त जांच टीम स्कूल पहुंची थी। टीम ने प्रधानाध्यापक का लिखित और मौखिक पक्ष दर्ज किया था, जिसके आधार पर सोमवार को निलंबन आदेश जारी किया गया।

## 24 घंटे में खातेगांव बैलगाड़ी लूट का खुलासा, 81 हजार के दो बैल बरामद

**खातेगांव।** खातेगांव पुलिस ने अजनास रोड पर हुई बैलगाड़ी लूट का 24 घंटे में खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए दोनों बैल बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों बैलों की कीमत करीब 81 हजार रुपए है। पुलिस के मुताबिक, हरसूद तहसील के सिरपुर निवासी संतोष पिता झापु मोरे 21 अगस्त को बैलगाड़ी से जा रहे थे। खातेगांव-अजनास रोड पर पटेल ढाबे के पास 4 लोगों ने उनकी बैलगाड़ी रोक ली। आरोपियों ने संतोष के साथ मारपीट की। इसके बाद बैलगाड़ी में बंधे दोनों बैल, जेब में रखे 1 हजार रुपए और आधार कार्ड लेकर फरार हो गए। संतोष की शिकायत पर खातेगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। इसके बाद सबूतों के आधार पर संदिग्धों की जानकारी जुटाई गई। जांच में नयापुरा बजगांव निवासी शिवप्रसाद, गणेश, विकास और परवेज के नाम सामने आए।

## चांदी की पालकी में निकले बाबा बैजनाथ

**आगर-मालवा।** सावन के अंतिम सोमवार को आगर नगर बाबा बैजनाथ की भक्ति में रंगा नजर आया। राजाधिराज बाबा बैजनाथ महादेव चांदी की आकर्षक पालकी में सवार होकर राजसी ठाट-बाट के साथ नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी से पहले कलेक्टर डा. शेर सिंह मीना ने सपत्नीक और एसपी दिलीप कुमार सोनी ने बाबा का जलाभिषेक व पंचामृत अभिषेक किया। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक माधव सिंह मधु गहलोत सहित जनप्रतिनिधियों ने भी पूजन-अर्चन कर महाआरती की। इसके बाद पालकी को कंधा देकर सवारी रवाना किया गया। मंदिर परिसर और जिला जेल के सामने बाबा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्करः 6 लोग घायल

**अकोदिया।** अकोदिया के बोलाई-अकोदिया मार्ग पर मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे पाटीदार कॉलोनी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली में सवार 4 पुरुष एक महिला और एक युवती घायल हो गई। गनीमत रही कि ट्रॉली सड़क किनारे मौजूद नाले में गिरने से बच गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि भाटखेड़ी गांव से महिलाएं, पुरुष और बच्चे ट्रैक्टर-ट्रॉली से दास्ताखेड़ी में आयोजित देव महाराज की कथा सुनने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रॉली में सवार लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के दौरान ट्रॉली सड़क किनारे नाले की ओर चली गई, लेकिन नाले में गिरने से पहले एक बाबुल के पेड़ से टकराकर रुक गई। इससे बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही गुलाना तहसीलदार रितेश जोशी भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के समय ट्रक चालक और क्लीनर शराब के नशे में थे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया और ट्रक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### दो आरोपियों को न्यायालय ने पुलिस को रिमांड पर सौंपा

# बर्थडे पार्टी के बहाने बुलाकर बनाया वीडियो, युवाओं को ब्लैकमेल कर ऐंठे तीन लाख रुपए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



शहर के एक गणमान्य नागरिक को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने और पांच लाख रुपए की मांग कर तीन लाख रुपए वसूलने के मामले में शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन और एक एसयूवी कार जब्त की है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि अजय केवट निवासी राणोगंज एवं राकेश मराठा निवासी फ्रीगंज शुजालपुर ने उसे वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया जा रहा है। आरोपियों ने पांच लाख रुपए की मांग की थी, जिसमें से तीन लाख रुपए वह दे चुका था। इसके बाद भी आरोपी उससे और रुपए की मांग कर रहे थे। शिकायत पर शुजालपुर मंडी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपियों का एक गिरोह है जो कि अपने परिचित जो कि प्रतिष्ठित व सम्पन्न परिवार से है उन्हें बर्थडे पार्टी के नाम पर शहर से बाहर बुलाते थे, इस पार्टी में खाने पीने के इंतजाम रहता था और बाहर से डांसर भी बुलाई जाती, आरोपी चुपचाप सम्पन्न परिवार के युवाओं का डांसरों के साथ नाचते हुए वीडियो बनाते थे, हालांकि इस वीडियो में कोई अश्लीलता नहीं है, लेकिन वीडियो में ऑडियो जोड़कर समाचार के रूप में बनाते हुए यह वीडियो दिखाकर समाज में प्रतिष्ठा खराब करने की धमकी देते हुए वसूली की जा रही थी। इस मामले में जहां एक एफआईआर हुई है वहीं इस तरह की पार्टी अकोदिया रोड, जेठड़ा जोड के आसपास व आष्टा में होने की बात सामने आई है और इन पार्टियों में अलग-अलग लोगों को बुलाया गया था, कुछ लोग शुजालपुर के बाहर के भी है। टीआई शिवकुमार यादव ने बताया कि सम्पूर्ण मामले में पूछताछ और जांच की जा रही है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, तीसरे की तलाश

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय के नेतृत्व एवं एसडीओपी शुजालपुर निमेष देशमुख के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शिवकुमार यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए 23 अगस्त को अजय केवट एवं राकेश मराठा को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त दोनों मोबाइल फोन और एसयूवी कार भी जब्त की गई। पुलिस मोबाइल फोन की जांच कर रही है। जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आने पर उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में आरोपी अंकित अग्रवाल फ रार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय शुजालपुर में पेश किया गया। जहां न्यायालय ने दोनों आरोपियों को दो दिवस के लिए पुलिस रिमांड पर सौपा। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### एक पुलिस कर्मी की भूमिका भी संदिग्ध

शहर के एक गणमान्य नागरिक को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने और तीन लाख रुपए वसूलने के मामले में पुलिस की कार्रवाई के बीच अब एक पुलिसकर्मी की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मामले से जुड़ा एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें एक पुलिसकर्मी ब्लैकमेलिंग के आरोपी युवक से बातचीत करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो में कुछ पुलिसकर्मियों को झूठे प्रकरण में फंसाने सहित अन्य षड्यंत्र रचने की बातचीत होने का दावा किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह ऑडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंचने के बाद पुलिस अधीक्षक शाजापुर प्रियंका शुक्ला ने मामले में सख्ती दिखाते हुए अकोदिया पुलिस थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी अभिषेक परमार को निलंबित कर दिया है। हालांकि, ऑडियो की वास्तविकता और उसमें हुई बातचीत की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



## हेमंत सक्सेना पुनः बने पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के विभिन्न शहरों से बैठक में शामिल हुए प्रतिनिधि

**शुजालपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव परिषद मध्यप्रदेश राज्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक शुजालपुर में आयोजित हुई। बैठक में अधिवक्ता हेमंत सक्सेना को सर्वसम्मति से पुनः राज्य समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। केंद्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंददास मोदानी मुख्य अतिथि रहे, जबकि केंद्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बद्रीलाल चौधरी ने अध्यक्षता की। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के महामंत्री लक्ष्मीनारायण नीमा, प्रदेश समिति सदस्य एवं पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी नटवरलाल राठी, राज्य समिति अध्यक्ष हेमंत सक्सेना एवं सचिव ब्रजेश तलाटी सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। राज्य समिति अध्यक्ष के मनोनयन के लिए बद्रीलाल चौधरी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान राज्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शरद काबरा ने हेमंत सक्सेना के नाम का प्रस्ताव रखा। इसका समर्थन कार्यकारी अध्यक्ष विजयवर्गीय सहित उपस्थित सदस्यों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों ने किया। सभी सदस्यों ने प्रस्ताव पर सर्वसम्मति जताई, जिसके बाद हेमंत सक्सेना को पुनः प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी गतिविधियों तथा विभिन्न शाखाओं के माध्यम से किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। हेमंत सक्सेना ने अपने पूर्व कार्यकाल में समिति द्वारा किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी साझा की। उपस्थित सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में परिषद मध्यप्रदेश में संगठन को और मजबूत एवं व्यापक बनाने की दिशा में कार्य करेगी। बैठक में राजगढ़, ब्यावरा, देवास, उज्जैन, शाजापुर, जबलपुर, पिपरिया, आष्टा, सीहोर, इंदौर, पोलायकलां, शुजालपुर एवं मोहन बड़ोदिया सहित विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष पेट्रोलिंग दल तैनात

## एसपी ने दिखाई हरी झंडी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर



आगामी त्यौहार रक्षाबंधन के मद्देनजर शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शाजापुर पुलिस ने एक नई पहल की है। पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला ने करीब 25 महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के एक विशेष पेट्रोलिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह टीम त्यौहार के दौरान शहर के प्रमुख और संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त कर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। यह विशेष महिला पुलिस दस्ता शहर के बड़ा चौक, छोटा चौक, सराफा बाजार, सोमवारिया, भूतेश्वर पाइंट, राधा टॉकीज चौराहा, बस स्टैंड, चाट चौपाटी और मगरिया सहित अन्य प्रमुख बाजारों में मुस्तैद रहेगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीड़भाड़ वाले इलाकों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही मनचलों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखना है, जिससे आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके।

इस शुभारंभ पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, यातायात थाना प्रभारी मोनिका ठाकुर, लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुन मुजाल्दे, सूबेदार दीपिका डाबर सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### त्यौहारों पर साइबर ठगी से सतर्क रहने की हिदायत

त्यौहारों के समय बढ़ती ऑनलाइन खरीदारी और डिजिटल लेनदेन के बीच शाजापुर पुलिस ने नागरिकों को साइबर ठगी से बचने की भी सख्त सलाह दी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी या बैंक खाते से जुड़ी कोई भी गोपनीय जानकारी साझा न करें। नागरिकों को आगाह किया गया है कि वे किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ऐप डाउनलोड न करें और केवाईसी अपडेट, बैंक खाता बंद होने या लॉटरी के नाम पर आने वाले फर्जी फोन कॉल्स व मैसेजेस के झांसे में न आएं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि कोई भी नागरिक रिमोट एक्सेस या स्क्रीन शेयरिंग ऐप के जरिए अपने मोबाइल का नियंत्रण दूसरों को न दें। लोगों को यह ध्यान रखना चाहिए कि यूपीआई के माध्यम से पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी पिन डालने की आवश्यकता नहीं होती है, पिन केवल भुगतान करने के लिए उपयोग होता है।

### महाकाल की सवारी में बिगड़ी तबीयत

# डीजे पर नाचते-नाचते गिरने से युवक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



सोमवार शाम शिव मंदिर से बाबा महाकाल की सवारी निकलने वाली थी। मंदिर परिसर में भक्त डीजे और ढोल की धुन पर नाच रहे थे। सवारी निकलने में करीब 10 मिनट ही बाकी थे, तभी अमोना निवासी गोपाल प्रजापति अचानक नाचते-नाचते जमीन पर गिर पड़े।

मौके पर मौजूद परिजन और साथियों ने उन्हें तुरंत संभाला और जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गोपाल को मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से सवारी की तैयारियों के बीच मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए माहौल गमगीन हो गया।

### सवारी से पहले भक्तों के साथ नाच रहे थे गोपाल

सोमवार शाम बाबा महाकाल की सवारी निकलने की तैयारी चल रही थी। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। ढोल और डीजे की धुन पर श्रद्धालु नाच रहे थे। गोपाल प्रजापति भी अन्य भक्तों के साथ नृत्य कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नाचते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे जमीन पर गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाया और परिजनों को सूचना दी।

### अस्पताल पहुंचने से पहले ही बिगड़ गई हालत

गोपाल को परिजन और साथी तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उनकी जांच की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। डॉक्टरों ने गोपाल को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल उनकी मौत की वजह स्पष्ट नहीं हुई है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल सप्ताह का शुभारंभ आयोजन के तहत होगी विभिन्न गतिविधियां



**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग की ओर से महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को खेल सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, खेल उपलब्धियों और भारतीय हॉकी में उनके अतुलनीय योगदान की जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन, नियमित अभ्यास और खेल भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि खेल सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## संत रविदास के जयकारों से गूंजा शहर, कलश यात्रा के साथ संकल्प अभियान का शंखनाद

**शाजापुर।** सामाजिक एकता और सद्भाव का संदेश देते हुए को शाजापुर की सड़कें संत रविदास के जयकारों से गूंज उठीं। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में शहर में एक भव्य समरसता कलश यात्रा निकाली गई। राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से शाजापुर पहुंचे इस पवित्र कलश के स्वागत में आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम श्रद्धालु शामिल हुए। दोपहर करीब 3 बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर से शुरू हुई यह धार्मिक यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा का काफिला भाजपा कार्यालय, लक्ष्मी नगर, विजय नगर, एबी रोड, मगरिया चौराहा, सोमवारिया बाजार और महूपुरा चौराहा होते हुए आगे बढ़ा। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कलश पर पुष्पवर्षा कर इसका भव्य स्वागत किया। शहर भ्रमण के पश्चात यात्रा गायत्री मंदिर पहुंची, जहां पूरे विधि-विधान के साथ इसका समापन हुआ। इस मौके पर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि मध्य प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य समाज के हर वर्ग में समरसता की भावना को मजबूत करना और हमारी पुरातन परंपरा व सांस्कृतिक वैभव को सहेजना है।

## दुर्घटना में पैर गंवाने वाले युवक को मिली 62.33 लाख की क्षतिपूर्ति

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होकर एक पैर गंवाने वाले युवक को मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने 62 लाख 33 हजार 642 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने का आदेश दिया है। वहीं दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मोटर साइकिल के लिए 80 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति स्वीकृत की गई है। इस तरह कुल 63 लाख 13 हजार 642 रुपए बीमा कंपनी से दिलाए जाएंगे। साथ ही आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देने का आदेश दिया गया है।

जानकारी के अनुसार 30 जुलाई 2024 की रात करीब 10 बजे ब्रजनगर शुजालपुर निवासी आर्यन परमार अपने मित्रों के साथ अकोदिया-शुजालपुर रोड पर सोयाबीन प्लांट के सामने लहसुन ग्रेडिंग मशीन के पास खड़ा था।

# उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर मां-बेटी की मौत ड्राइवर ने खोया कंट्रोल, कार ट्रक में घुसने से यूपी के 3 लोग घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़ौद



उज्जैन-गरोठ फोरलेन पर मंगलवार सुबह करीब 6 बजे ग्राम रामाखेड़ी के समीप एक भीषण सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश नंबर की अर्टिगा कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार सवार मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस पायलट संदीप गोस्वामी और अमरीश तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उपचार के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौद पहुंचाया। हादसे में एक महिला वाहन में बुरी तरह फंस गई थी, जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

बड़ौद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू की। एनएचएआई की एंबुलेंस से दोनों मृत महिलाओं के शव शासकीय अस्पताल बड़ौद लाए गए। पुलिस ने बताया कि परिजनों के पहुंचने के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### जिला अस्पताल रेफर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ौद में डॉक्टर विजेंद्र चूड़िहार ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल आगर रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान सारिका (पत्नी श्यामलाल) और छवि (पुत्री श्यामलाल) के रूप में हुई है। घायलों में सूरजपाल, सचिन और श्याम शामिल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अर्टिगा चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका, जिसके कारण कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। हादसे के बाद कुछ समय तक फोरलेन पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।


## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मकान नम्बर 28, खुदीरामबौस मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में श्याम यादव का मकान, पश्चिम में रामेश्वर गोयल का मकान, उत्तर में मकान लखन सेन का, दक्षिण में सरकारी रौड, जिसका कुल क्षेत्रफल 55.29 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति श्रीमती ललिता चौहान पिता स्व. दुर्गा गोयल, श्रीमती विमलादेवी परमार पिता पिता स्व. दुर्गा गोयल, श्रीमती माया कसेरा पिता स्व. दुर्गा गोयल, श्रीमती लाजवंती कुमारावत पिता स्व. दुर्गा गोयल, से ओमप्रकाश गोयल पिता स्व. दुर्गा गोयल, नरेन्द्र गोयल पिता स्व. दुर्गा गोयल, को रजिस्टर्ड रिलीज डीड क्रमांक MP432022024A1841186 दिनांक 11/10/2023 के माध्यम से प्राप्त हुई थी। उपरोक्त वर्णित संपत्ति पर ओमप्रकाश गोयल पिता स्व. दुर्गा गोयल, नरेन्द्र गोयल पिता स्व० दुर्गा गोयल, द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 25/08/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन/होटल स्वामी रजिया बी पति अच्छु खान, निवासी- 25/4, अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन के एकांकी स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 25/4 स्थित अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन में स्थित है, भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 48.19 वर्गमीटर अर्थात 518.71 वर्गफीट है, जो तीन मंजिला आरसीसी का बना हुआ है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर विक्रय अनुबंध का संपादन कर लिया है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत ई विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 24-08-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-7, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन मोबाईल नंबर 99264-66157**

## जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन
## शाखा व तहसील महिदपुर

आमसभा/2026 दिनांकः-22-08-2026

## वार्षिक साधारण आमसभा की सूचना

शाखा महिदपुर से संबंधित समस्त बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के सदस्य महानुभावों को सूचित किया जाता है, कि निम्नानुसार सहकारी संस्थाओं की वार्षिक आमसभा निम्न दिनांक में स्थान व समय पर आयोजित की गई हैं। संस्थाओं से संबंधित सदस्य अपनी संस्थाओं की मीटिंग में उपस्थित होने हेतु सादर आमंत्रित हैं। सदस्यों को व्यक्तिगत सूचना विषय सूची संस्था कार्यालय में चस्पा की गई हैं। कोरम के अभाव में मीटिंग आधा घंटा बाद पुनः आयोजित की जाएगी जिसमें गणपूर्ति पर विचार नहीं किए जाएंगे।

| क्र. | नाम संस्था आमसभा | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बहु प्राथ. कृषि साख. संस्था भीमाखेड़ा | 05/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 2 | बहु. प्राथ. कृषि साख, संस्था बैजनाथ | 06/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 3 | बहु. प्राथ. कृषि साख संस्था बरखेड़ा बुजुर्ग | 06/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 4 | बहु प्राथ. कृषि साख संस्था धाराखेड़ा | 07/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 5 | बहु. प्राथ. कृषि साख. संस्था चितावद | 06/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 6 | बहु. प्राथ. कृषि साख संस्था सैमल्या | 07/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 7 | बहु. प्राथ. कृषि साख, संस्था कासौन | 07/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 8 | बहु प्राथ. कृषि साख. संस्था खेड़ामद्दा | 07/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 9 | बहु. प्राथ. कृषि साख. संस्था आक्याघांगा | 07/09/2026 | 12 बजे | संस्था कार्यालय |
| 10 | बहु. प्राथ. कृषि साख संस्था काजीखेड़ी | 05/09/2026 | 2 बजे | संस्था कार्यालय |
| 11 | बहु. प्राथ. कृषि साख संस्था डोंगला | 06/09/2026 | 2 बजे | सस्था कार्यालय |
| 12 | बहु प्राथ. कृषि साख संस्था धनोड़िया | 06/09/2026 | 2 बजे | संस्था कार्यालय |

**समिति प्रबंधक**
**सेवा सहकारी संस्थाएं**
**शाखा महिदपुर**

**प्रशासक**
**सेवा सहकारी संस्थाएं**
**शाखा महिदपुर**

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
BHOPAL-GWALIOR REGIONAL


# अजय देवगन को लॉन्च करने वाले कुकू कोहली का निधन

**मुंबई।** अजय देवगन को फिल्म फूल और कांटे से लॉन्च करने वाले वेटरन फिल्ममेकर कुकू कोहली का मंगलवार को 77 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुकू कोहली को हार्ट अटैक आया था। फिल्ममेकर अशोक पंडित ने इसकी पुष्टि की। अजय देवगन को फिल्म फूल और कांटे कुकू कोहली की भी डायरेक्टर के तौर पर पहली फिल्म थी। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। इसके बाद कुकू कोहली ने कोहराम, सुहाग, हकीकत और जुल्मी जैसी फिल्में बनाईं। कुकू कोहली ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत राज कपूर की फिल्म 'बॉबी' में असिस्टेंट के तौर पर काम करके की थी। उन्होंने कई साल उनके साथ रहकर फिल्म बनाने की बारीकियां सीखीं। बाद में वह फिल्म बेताब में सेकेंड यूनिट डायरेक्टर रहे। सनी देओल और अमृता सिंह स्टारर यह फिल्म हिट थी। इसके बाद उन्होंने अर्जुन में भी काम किया। 1991 में कुकू कोहली ने फूल और कांटे से बतौर डायरेक्टर शुरुआत की। फिल्म हिट रही और अजय देवगन को बॉलीवुड में पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने कोहराम और सुहाग जैसी फिल्में बनाईं। सुहाग में अजय देवगन और अक्षय कुमार पहली बार साथ नजर आए थे। 1995 में उनकी फिल्म हकीकत रिलीज हुई। इसमें अजय देवगन और तब्बू थे। फिल्म को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सात कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला। कुकू को बेस्ट डायरेक्टर के लिए भी नॉमिनेशन मिला।

# कलेक्टर कार्यालय में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**सागर।** सागर कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार दोपहर जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब शिकायत लेकर पहुंचे एक युवक ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक को उल्टियां करते देख आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मी तुरंत उसके पास पहुंचे और उसे संभाला। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। फिलहाल उसका इलाज जारी है। युवक ने अपना नाम विजय कुमार निवासी गढ़ाकोटा बताया है। उसका आरोप है कि उसने गढ़ाकोटा के एक व्यक्ति से रुपए उधार लिए थे। विजय के मुताबिक उसने संबंधित व्यक्ति को पूरी रकम वापस कर दी है। इसके बावजूद वह व्यक्ति जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विजय ने बताया कि रुपए वापस करने के बावजूद जमीन को लेकर विवाद खत्म नहीं हुआ। उसका आरोप है कि संबंधित व्यक्ति लगातार जमीन पर कब्जा करने का दबाव बना रहा था। इसी परेशानी के चलते उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी विजय के बयान दर्ज करेंगे। उसके बयानों के आधार पर जमीन विवाद और रुपए के लेन-देन से जुड़े तथ्यों की जांच की जाएगी।

# बिना चीरे युवती के पेट से निकाली 12 सीएम की गांठ

**कोटा।** कोटा में लंबे समय से पेट दर्द से परेशान एक युवती के पेट में 12 सेंटीमीटर की बड़ी गांठ मिली। डॉक्टरों ने आधुनिक तकनीक से बिना बड़ा चीरा लगाए करीब डेढ़ घंटे में ऑपरेशन कर गांठ निकाल दी। सर्जरी के बाद युवती पूरी तरह स्वस्थ है और उसे लंबे समय से हो रही दर्द की समस्या से राहत मिली है। मेडिकल कॉलेज के यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र गोयल ने बताया कि 20 साल की रूबी नामक मरीज पेट दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंची थी। जांच के दौरान दाहिनी एड्रिनल ग्रंथि (अधिवृक्क ग्रंथि) में लगभग 12 सेंटीमीटर आकार का बड़ा ट्यूमर पाया गया। डॉ. गोयल ने बताया कि इस उम्र में इतना बड़ा ट्यूमर दुर्लभ और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। जरूरी जांचों के बाद ट्यूमर को लेप्रोस्कोपिक तकनीक से निकालने का निर्णय लिया गया और यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। युवती को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती किया गया था। दूसरे दिन शुक्रवार को उसे ऑपरेट किया गया।

# कानपुर में एक्सपायरी चॉकलेट कार वाले लूट ले गए

**कानपुर।** कानपुर में कूड़े के ढेर में पड़ी एक्सपायरी चॉकलेटों और टॉफियों को लूटने की होड़ मच गई। बाइक और कार सवार लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर चॉकलेट-टॉफी बटोरने में जुट गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। वीडियो में दिख रहा कि कूड़े के ढेर में टॉफियों और चॉकलेटों के बॉक्स पड़े हैं। कुछ लोग बोरियों में चॉकलेट के डिब्बे भर रहे हैं। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो जाती है। बाइक सवारों के बीच चॉकलेट उठाने की होड़ मच जाती है। लड़कियां और महिलाएं थैलियां भर-भरकर चॉकलेट ले जाने लगीं। लोग ज्यादा से ज्यादा डिब्बे उठाकर भागने लगे। कोई थैलियों में तो कोई पूरा गत्ते का डिब्बा उठाकर ले गया। ट्रक और कार सवारों ने भी अपनी गाड़ियां रोककर चॉकलेट उठाना शुरू कर दिया।

# इमरान के बेटे का दावा- पाकिस्तान तानाशाही की ओर

**इस्लामाबाद** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटे सुलैमान ईसा खान ने दावा किया है कि पाकिस्तान तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने अपने पिता के लंबे समय से जेल में होने को इसका उदाहरण बताया। न्यूज एजेंसी के साथ वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुलैमान ने कहा कि पिछले कई साल से उनके पिता के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है और इसमें सेना की बड़ी भूमिका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान खान की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चर्चा की गई। सुलैमान के साथ उनके भाई कासिम खान, अंतरराष्ट्रीय वकील जेरेड जेनसर और अंतरराष्ट्रीय मामलों तथा मीडिया के सलाहकार सैयद बुखारी भी शामिल हुए।

# बरसते पानी में निकली कलश-कांवड यात्रा

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय के जयघोष से मंगलवार को नगर का माहौल शिवमय हो गया। नगर विकास प्रस्फुटन समिति फ्रीगंज द्वारा वार्ड क्रमांक 2 स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से कलश एवं कांवड़ यात्रा निकाली गई। ढोल-डीजे की धुन पर महिलाओं ने बरसते पानी के बीच श्रद्धा और भक्ति के साथ जयकारे लगाते हुए यात्रा में सहभागिता की। यात्रा वार्ड 2 से प्रारंभ होकर बाबा जटाशंकर महादेव मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान वार्ड के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। कलश यात्रा का सुरेश कुशवाहा एवं वार्ड 2× के पार्षद नीलेश मालवीय ने स्वागत किया। जन अभियान परिषद की सदस्य अनीता माली, आशा जीवन चोरे, 'योति कुशवाहा, रेखा ठाकुर, बसंती ठाकुर, शैलेंद्र ठाकुर सहित वार्ड की महिलाओं ने यात्रा में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। आयोजकों ने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।




## तीन छात्रों का अखिल भारतीय स्तर पर चयन

**शुजालपुर।** मंडी के चार छात्र क्षेत्रीय ताइकांडों प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए जो भाटा पारा छत्तीसगढ़ में आयोजित हुई, जिसमें बाल वर्ग में गुनगुन बिलवान प्रथम रही तथा किशोर वर्ग में नेतिक मालवीय और आन्नद मालवीय ने प्रथम स्थान तथा अंशुल मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय ताइकांडों प्रतियोगिता में मध्यक्षेत्र की और से सम्मिलित होंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है, शुजालपुर महाविद्यालय स्थापना समिति अध्यक्ष राम गोविंद नेमा, उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी, सचिव डॉ. महेन्द्र सितपरा, कोषाध्यक्ष हरबान सिंह मालवीय तथा अन्य पदाधिकारियों प्राचार्य विनोद कुमार चंद्रवंशी एवं छात्रों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

# सफाई व्यवस्थाओं में नगर फिसड्डी, स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान पर उठे सवाल

**आरोन।** नगर में सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। नगर परिषद आरोन के वार्ड क्रमांक 10 अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी टॉकीज के पास मंगलवार को गंदगी का नजारा देखने को मिला। ऐसे में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। उनका कहना है कि नगर की अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के संज्ञान में मामला होने के बावजूद व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नजर नहीं आ रहा है। वहीं, नगर परिषद के सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के जिले से आवागमन करने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि अधिकारी की नियमित मौजूदगी और निगरानी के अभाव का असर नगर की सफाई व्यवस्था सहित अन्य गतिविधियों पर दिखाई दे रहा है। वार्डवासियों ने सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यदि समय पर सफाई और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तो स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर की स्थिति बेहतर हो सकती है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक/जल शाखा/2026/ 2714 शाजापुर, दिनांकः- 24/8/26

//ई-निविदा आमंत्रण-सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित को जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_53142_1 21-08-2026 | निकाय की पानी की टंकियों की सफाई कार्य कराये जाने बाबत। | 01. 730 दिन 02. 20.00 (लाख) | 01. 2,000.00 02. 15,000.00 | 19.09.2026 05:30 PM |

प्रेन जेन, अध्यया, नगर पालिका परिषद शाजापुर
प.सतोषा जोली, उपवाखा, नगर पालिका परिषद शाजापुर
प्रेन यदिय, समापति, जल शाखा, नगर पालिका परिषद शाजापुर
भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृतक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

क्रमांक/जल शाखा/2026/ 2715
प्रतिलिपिः-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर
शाजापुर, दिनांकः- 24/8/26



## In The Court Of District and Session Judge, District Court, Ujjain

**Presiding Officer: श्री पूरनचंद्र गुप्ता**

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (MCA /0000054/2026)**

**सूरज सुनहरे......................वादी**

**विरूद्ध**

**लक्ष्मी बरबेले...............प्रतिवादी**

**Process Id-/2026**

**पेशी दिनांक-10/09/2026**

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण यह कि प्रार्थी क्रं. 1 सूरज सुनहरे पिता स्व. मनोज सुनहरे, आयु-25 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-1/1 कंचनपुरा कालिदास मार्ग उज्जैन म प्र आदि-4 की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 388 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन अपीलार्थीगण स्व. मनोज सुनहरे के पुत्र व पुत्री है। स्व. मनोज सुनहरे यूको बैंक शाखा घोंसला जिला उज्जैन में चपरासी के पद पर कार्यरत होने के दौरान बीमारी के कारण उनकी मृत्यु हो गई थी तथा स्व. मनोज के नाम से यूको बैंक में दो एफ डी क्रमशः 12850310005286 रुपये 132000/- एवं एफ डी क्रमांक 12850310006986 रुपये 128000/- है जिनमें नामिनी के तौर पर अपीलार्थी क्रं. 1 का नाम दर्ज है एवं स्व. मनोज के करंट खाते में राशि रुपये 951621/- रुपये जमा है जिसे उत्तराधिकारी के तौर पर अपीलार्थीगण प्राप्त करने के अधिकारी है एवं अपीलार्थीगणों द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाकर विचारण न्यायालय का निर्णय दिनांक 12/02/2026 एवं दिनांक 29/04/2026 निरस्त किया जाने एवं अपीलार्थीगणों को मृतक स्व. मनोज सुनहरे का विधिक उत्तराधिकारी घोषित करते हुए अपीलार्थीगणों के हित में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में आपके विरूद्ध एमसीए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दे- यदि किसी कारण वस अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**पीसी गुप्ता**
**प्रधान जिला न्यायाधीश उज्जैन**



## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्रीमती चंद्रकांता बाई चौहान पति स्व. श्री प्रेमचंद जी चौहान ने ई सेकण्ड 423 अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन में स्थित उक्त भुखंड को क्रय करने का सौदा श्रीमती सावित्री बाई पति चिमनलाल जी चौहान निवासी 22 पुष्पांजली नगर आगर रोड उज्जैन से किया है। उक्त भुखंड को अब क्रय विक्रय नही किया जा सकता है। इसमें अगर किसी को कोई आपत्ती हो तो मेरे पक्षकार को आज दिनांक से 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ती प्रस्तुत कर सकते है।

**श्रीमती चंद्रकांता बाई चौहान**
**मो.नं. 8435775088**



## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि विक्रेतागण विकास पिता स्व. श्री रामचंद्र, कोमल पिता स्व. श्री रामचंद्र, कल्पना पिता स्व. श्री रामचंद्र, कल्पना पिता स्व. श्री रामचंद्र, तेजूबाई पति स्व. श्री रामचंद्र, निवासीगण 143, ग्राम किटिक पोस्ट धाराखेडा जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर सर्वे क्रमांक 385/1/1 रकबा 2.00 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 385/1/2 रकबा 0.50 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 324/1/2 रकबा 1.990 हेक्टर भूमि मेसे 0.550 हेक्टर भूमि, सर्वे क्रमांक 324/1/1 रकबा 0.61 हेक्टर भूमि मेसे 0.20 हेक्टर भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 3.25 हेक्टर भूमि ग्राम किटिया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है। को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा करके अनुबंधपत्र का संपादन कर लिया है। उक्त का भूमि का निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो । दिनांक 25/08/2026

**पीयुष शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**पता-51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मो. 90094-38990**



## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती सोनू जैन पति श्री राजू जैन निवासी-22 ए, जनता कॉलोनी, आगर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 29 का पूर्व दिशा वाला भाग, जिसका कुल क्षेत्रफ ल 46.82 वर्गमीटर स्थित रिद्धी विहार कॉलोनी मालनवासा सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भवन क्रमांक 23, पश्चिम में-भवन क्रमांक 29 का शेष भाग, उश्रर में-सड़क कॉलोनी की एवं दक्षिण में भवन क्रमांक 30 है, को बंधक रखकर ऋ ण सुविधा की मांग की गयी है, भूखण्ड क्रमांक 29 जिसका कुल क्षेत्रफ ल 153.52 वर्गमीटर को अथर्व डेवकॉन प्रायवेट लिमिटेड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 6182 दिनांक 22.03.2013 के द्वारा रमेश कुमार बलवानी पिता लालूमल जी बलवानी को विक्रय किया गया तथा उनके द्वारा भूखण्ड क्रमांक 29 का पूर्व दिशा वाला भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 46.82 वर्गमीटर को संजय जैन पिता श्री रमणलाल जैन को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022018 ए 1379051 दिनांक 01.06.2018 को विक्रय कर दिया गया तथा उनके द्वारा भूखण्ड भाग नरेन्द्रसिंह देवड़ा पिता गोवर्धन सिंह देवड़ा को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022019ए1407687 दिनांक 14.06.2019 के द्वारा विक्रय कर दिया गया तथा उनके द्वारा भूखण्ड भाग को श्रीमती सोनू जैन पति श्री राजू जैन को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022022ए 11103829 दिनांक 07.11.2022 के द्वारा विक्रय किया गया है । उक्त दस्तावेज में से मूल पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022019ए 1407687 दिनांक 14.06.2019 कहीं गुम हो गया है, जो काफी ढूंढने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो रहा है, उक्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रदान की गई है तथा पुलिस थाना उज्जैन में एक आवेदन भी दस्तावेज गुम होने के संबंध में दिया है, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाने का कथन किया है । उक्त संपश्रि को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋ ण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को एल आय सी हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-25.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**


# पूर्व मंत्री सिसोदिया के प्रयासों से फतेहगढ़ में बालिका छात्रावास स्वीकृत



**गुना।** पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के प्रयासों से बमौरी विधानसभा क्षेत्र में फतेहगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास को स्वीकृति मिली है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी पत्र के अनुसार फतेहगढ़ में बनने वाले इस सौ सीट वाले आवासीय छात्रावास की कुल लागत चार करोड़ रुपए होगी। छात्रावास के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के आदेश जारी किए गए हैं।बता दें राज्य सरकार ने बालिकाओं को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास बनाये जा जाते हैं जो कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर, पिछड़े और वंचित वर्गों की लड़कियों के लिए सरकार द्वारा संचालित एक आवासीय छात्रावास योजना है। इन छात्रावासों में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन और बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। इस छात्रावास की स्वीकृति मिलने पर समस्त बमौरी क्षेत्र के नागरिकों की ओर से पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है।

# कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**गुना।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार जी का जन्मदिन कांग्रेस गायत्री मंदिर के सामने सम्पर्क कार्यालय पर कांग्रेस जनों हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बधाईयों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर सभी साथियों ने भगवान सिंह को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सुखी एवं उज्वल भविष्य की कामना की। भगवान सिंह को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मेहरबान सिंह धाकड़ पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस, ओमप्रकाश शर्मा, पंकज कनेरिया जिला संगठन महामंत्री, आलोक नायक, आशिष छोटू शिमला, आर. के देलबार जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग कांग्रेस, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी शहर गुना तरुण सेन पार्षद, बृजेश भार्गव मंडल अध्यक्ष, वनवारीलाल ओझा मंडल अध्यक्ष, राकेश बाल्मीकि, भगवानलाल बरेले ब्लॉक सचिव, नरेंद्रसिंह कुशवाह सेवा निवृत्ति शिक्षक, नकल दामले, गोलू कुशवाह उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, सहदेव बाल्मीकि जिला महामंत्री युवा कांग्रेस, ज्ञानी धाकड़ आदि उपस्थित रहे।


## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. श्रीमती अपर्णा पुस्तके पति स्व.श्री अभय पुस्तके निवासी बी-20/12, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.) 2. श्रीमती यामिनी पुस्तके भालेराओ पुत्री स्व.श्री अभय पुस्तके पति श्री श्रेयस भालेराओ निवासी बी-7/1, महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.) 3.दामिनी पुस्तके पुत्री स्व. श्री अभय पुस्तके निवासी एन 0307, मधुसूदन दत्ता रोड़, अद्वित्य मिशन स्कूल के पास, बारासात, नबपल्ली, नॉर्थ 24, परगनास, वेस्ट बंगाल से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक ब-20/12 श्रेणी सर. मिग जो महानंदा नगर योजना, उज्जैन (म.प्र) में स्थित है जो एक मंजिला पक्का आर.सी.सी. की छत का निर्मित है जिसकी पैमाईश-सामने 14.40 मीटर, पीछे 17.40 मीटर, एक बाजू 17.50 मीटर, दूसरी बाजू 17.50 मीटर के माप की होकर भवन का कुल क्षेत्रफल 278.25 वर्गमीटर होकर जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक बी-20/13 पश्चिम में 9.00 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक बी-20/11 का पूर्ण भाग एवं ब-20/10 का अर्द्ध भाग व दक्षिण में मुख्य सड़क मिली है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि, उक्त संपत्ति में कोई अपना । स्वत्व या हिस्सा रखता हो या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक 25/08/2026 उज्जैन
कार्यालयीन समय- सुबह 11-00 से 6-00 बजे तक

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**



## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी गोपी पिता अम्बाराम जी, सजनबाई पति स्वं. अम्बाराम जी, भावना पिता अम्बाराम जी जाति जाट निवासी उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 919 रकबा 0.28 आरे सर्वे नंबर 924/1 रकबा 0.09 आरे सर्वे नंबर 925 रकबा 0.05 आरे सर्वे नंबर 958 रकबा 0.79 आरे सर्वे नंबर 959/1 रकबा 0.64 आरे सर्वे नंबर 965 रकबा 0.53 आरे सर्वे नंबर 968/1/2 रकबा 1.00 हेक्टर सर्वे नंबर 973/2 रकबा 0.67 आरे कुल किता 08 कुल विक्रित रकबा 4.05 हेक्टर लगानी स्थित बकानिया तहसील उज्जैन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । दिनांकः 24-08-2026

**कमलसिंह यादव (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय के सामने बस स्टेंड आफिंस**
**नंबर 08 घटिया, जिला उज्जैन मो. 9424814613**

## न्यूज-कॉलम

### युवा संगम रोजगार मेले में 72 युवाओं का प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा शासकीय आईटीआई मंदसौर में आयोजित युवा संगम रोजगार मेले में 72 युवाओं को रोजगार के लिए प्राथमिक रूप से चयनित किया गया है। मेले में कुल 110 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया था। रोजगार मेले में अपोलो टायर्स, एलआईसी, ब्लीकिट, चौकमेट और माइक्रो फाइनेंस सहित पांच प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। जिला रोजगार अधिकारी मुकेश मौर्य ने बताया कि निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ऐसे मेलों का आयोजन लगातार किया जा रहा है और आगामी मेलों में भी अधिक से अधिक युवाओं से भाग लेने की अपील की गई है।

### मंदसौर में 27 अगस्त को आयोजित होगा खेलो इंडिया संवाद

**मन्दसौर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर युवाओं को खेल, फिटनेस और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से मंदसौर में खेलो इंडिया संवाद - खेल की बात प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 27 अगस्त को सुबह 10.30 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से युवाओं और खिलाड़ियों को संबोधित करेंगे। माय भारत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिय भागीदारी से आयोजित इस कार्यक्रम में खेल सुविधाओं, प्रतिभा पहचान और युवा नेतृत्व जैसे विषयों पर परिचर्चा होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर युवाओं के लिए माय भारत पंजीकरण और सुझाव देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### बहिन की रसोई आरोग्यदायिनी अभियान

**जीरन ।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरन में आरोग्य भारती के तत्वाधान में बहिन की रसोई आरोग्यदायिनी अभियान अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरोग्य भारती मालवा प्रांत अध्यक्ष डॉ विष्णुसेन कछावा ने आरोग्य भारती के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए, किचन गार्डन का उपयोग तथा विविध लाभों को समझाया। मुख्य वक्ता श्री पारस जैन आरोग्य भारती नीमच नगर अध्यक्ष ने बहिनों की रसोई में उपयोग होने वाले औषधीय पौधों की उपादेयता पर व्याख्यान दिया जिसमें रसोई घर में पौष्टिक स्वास्थ्यवर्धक भोजन बनाने हेतु विविध तकनीकों पर समझाया। उक्त अवसर पर प्राचार्य श्री भोपाल सिंह चौहान ने स्वागत उद्बोधन कर इस अभियान को सार्थक बताते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण मित्र तथा स्वस्थ बने रहने का संदेश दिया।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में 30 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पर जुटेंगे मंदसौर के शिक्षक, अध्यादेश लाने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

मंदसौर के दशपुर कुंज उद्यान में अध्यापक शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा जिला मंदसौर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले भर से आए 300 से अधिक अध्यापक-शिक्षक साथियों ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व मोर्चा जिलाध्यक्ष गजराज सिंह सिसोदिया ने की।

बैठक में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2009 से पूर्व नियुक्त अध्यापकों और शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा थोपे जाने का सर्वसम्मति से कड़ा विरोध किया गया। शिक्षक नेताओं ने कहा कि



जो शिक्षक 1995, 1998, 2001, 2005 और 2008 में शासन के सभी नियमों व अर्हताओं को पूरा करके नियुक्त हुए थे, उनसे सेवा के 20-25 वर्षों बाद और उम्र के इस पड़ाव (50 से 55 वर्ष) में प्रतियोगी परीक्षा लेना सरासर अन्यायपूर्ण है। आरटीई एक्ट 2009 में लागू हुआ था, इसलिए 2009 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को इससे मुक्त रखा जाना चाहिए।

संघर्ष मोर्चा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि मंदसौर जिले सहित पूरे प्रदेश का कोई भी अध्यापक-शिक्षक 30 अगस्त तक टीईटी परीक्षा का फॉर्म नहीं भरेगा। देश भर के 25 लाख शिक्षकों को इस परीक्षा से निजात दिलाने के लिए मंदसौर से हजारों शिक्षक 30 अगस्त को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुँचेंगे। शिक्षक माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करेंगे कि भारत सरकार अध्यादेश लाकर 2009 से पूर्व सेवारत शिक्षकों को टीईटी से स्थायी मुक्ति प्रदान करे।

बैठक में महिला मोर्चा प्रभारी शबाना मंसूरी ने भी दिल्ली आंदोलन में महिलाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी का आश्वासन दिया। मोर्चा के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 30 अगस्त तक मांगें नहीं मानी गईं, तो 1 सितंबर से चरणबद्ध तरीके से सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में शासकीय अध्यापक संगठन के संभागीय अध्यक्ष रोहित सिंह चौहान, म.प्र. शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रोशन नीलगर, गुरुजी संघ के जिलाध्यक्ष सुरेश भेंसावल, संविदा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय सदस्य पी. एल. सूर्यवंशी, आम अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वरलाल बामनिया, पीएमयूएम संगठन के जिला प्रवक्ता लक्ष्मीनारायण पाटीदार, रास जिला प्रभारी विजय सोमानी, जिला महासचिव चंद्रप्रकाश जैन, एनएमओपीएस के जिला संयोजक अनिल सांखला सहित विभिन्न संगठनों के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी तथा अध्यापक-शिक्षक साथी उपस्थित थे। बैठक का संचालन मोर्चा जिला सचिव हेमंत सुथार ने किया।

# रतलाम में पुलिस ने नाकाबंदी कर कार से 2 किलो 495 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम।

पुलिस ने जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कालूखेड़ा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक हुंडई क्रेटा कार से 2 किलो 495 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त एमडी ड्रग्स की कीमत लगभग 2.50 करोड़ आंकी गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 20 लाख कीमत की कार समेत पुलिस ने कुल 2.70 करोड़ का मशरूका बरामद किया है।

मावता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश राठौर को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि आरोपी लखन मीणा अपने तीन साथियों के साथ काले रंग की हुंडई क्रेटा कार में भारी मात्रा में रूछ ड्रग्स लेकर बेहपुर-मंदसौर की तरफ से रियावन की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रानीगांव फंटे पर घेराबंदी की।

तेज रफ्तार क्रेटा कार को जब पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो चालक ने गाड़ी भगा दी। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी कार को बिलंदपुर-चिपिया के कच्चे रास्ते पर ले गए और उबड़-खाबड़ जंगल क्षेत्र में वाहन छोड़कर झाड़ियों व अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में लावारिस हालत में मिली कार की तलाशी ली। ड्राइवर सीट के नीचे एक हरे रंग की कपड़े की थैली में तीन पारदर्शी पैकेट मिले, जिनमें हल्के भूरे रंग का क्रिस्टलनुमा पदार्थ भरा था। जांच में इसकी पुष्टि रूछ ड्रग्स के रूप में हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तोलने पर कुल वजन 2.495 किलोग्राम निकला।

पुलिस ने मुख्य आरोपी लखन पिता भेरुलाल मीणा (निवासी भाकरखेड़ी), कार चालक और दो अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। साथ ही ड्रग्स के सप्लायर और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पड़ताल जारी है। इस पूरी कार्रवाई में कालूखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक शंकरसिंह चौहान, चौकी प्रभारी दिनेश राठौर सहित मावता पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।




# संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर।

संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार एवं उनके उत्थान के लिए, मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 25 अगस्त से प्रत्येक विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसके अंतर्गत गरोठ में जिला संस्कृत प्रशिक्षण में सबसे संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। श्रीमती अर्चना दवे ने प्रशिक्षण का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर कुंदन सांखला ने संस्कृत भाषा का अपने संपूर्ण जीवन में महत्व बताया एवं विभिन्न विभक्तियों का पाठ प्रशिक्षणार्थियों को करवाया।

गोपाल पांडे विभिन्न पुस्तकों का उदाहरण देते हुए और मेघदूत ग्रंथ का महत्व बताते हुए संस्कृत के महत्व को बताया। ब्लूम टैक्सनॉमी के बारे में जानकारी दी। रवि कुमार शर्मा ने परख टैक्सनॉमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षण मेंरंगलाल लोहिया, जितेंद्र कुमार शर्मा, संगीता धाकड़, महावीर जंगम, मनोज कुमार शर्मा, कोमल भटनागर आदि 62 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## न्यूज कालम



### भक्तिभाव से आयोजित की गई प्रथम सुदी 11 सामायिक

**मन्दसौर।** बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई मंदसौर के नवीन कार्यकाल की प्रथम सुदी 11 सामायिक का आयोजन रूपचंद आराधना भवन में श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में महिला इकाई की उपाध्यक्ष शालू दुग्गड़ ने अपने सामायिक के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामायिक केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को समता, शांति और आत्म-निरीक्षण की ओर ले जाने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने के लिए प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें कार्यक्रम का संचालन कर रही शशि मारू ने सुंदर धार्मिक कहानी के माध्यम से प्रश्न पूछे जिसमें उपस्थित सभी महिलाओं ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य लाभार्थी प्रभा चौरडिया रहीं। इस अवसर पर नेहा दुग्गड़, अनीता मुरडिया, राखी डांगी, शशि मारू, बिंदिया मारू एवं मीना पारीख सहित बड़ी संख्या में धर्मनिष्ठ महिलाएँ उपस्थित रहीं।

### बॉडीबिल्डिंग की साधारण सभा में नवीन कार्यकारिणी का गठन



**मन्दसौर।** इंदौर में आयोजित मध्य प्रदेश बॉडीबिल्डिंग की साधारण सभा में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें मंदसौर बॉडीबिल्डिंग खेल संस्था के पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह को सर्वानुमति से प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में मंदसौर के शैलेंद्र सिसौदिया को प्रदेश सहसचिव, कीर्तिश जैन को ऑर्गनाइजिंग प्रदेश सेक्रेटरी तथा संदीप मेहता व प्रवीण खत्री को प्रदेश सदस्य समिति में शामिल किया गया। इस अवसर पर संस्था की आधिकारिक वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया तथा आगामी वर्ष में 6 राज्य स्तरीय और एक राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# नीमच में जश्ने मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

**नीमच।** मुस्लिम समाज द्वारा पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा की पैदाइश के मुबारक अवसर पर जश्ने मिलादुन्नबी का पर्व इस वर्ष भी हर्षोल्लास, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर अंजुमन मिल्लते इस्लाम के तत्वाधान में जुलूस शुरू होगा जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः जामा मस्जिद पर समाप्त होगा ।आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां की जा रही हैं। अंजुमन मिल्लत इस्लाम के जनरल सेक्रेटरी ने बताया कि जश्ने मिलाद के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में समाजजन इसमें शामिल होकर पैगंबर-ए-इस्लाम की शिक्षाओं और उनके बताए अमन, मोहब्बत, इंसानियत तथा भाईचारे के संदेश को आमजन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि जश्ने मिलादुन्नबी केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी सौहार्द, एकता और सद्भावना को मजबूत करने का अवसर भी है। आयोजन के दौरान शहर में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये।

### जनसुनवाई में बच्ची के निःशुल्क इलाज के दिये निर्देश

**मन्दसौर।** कलेक्टेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने 89 आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान सुवासरा की 2 वर्षीय गंभीर बीमार बालिका काव्या और उनकी माता का शासन की आरबीएसके योजना के तहत निशुल्क इलाज कराने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए।

# ट्रेनों के ठहराव व रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर समिति का प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी

यात्री ट्रेनों के ठहराव सहित पिपलिया स्टेशन पर विभिन्न रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मंगलवार को रेल सुविधा विस्तार समिति के बैनर तले क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया।



समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा व संरक्षक रमेश तेलकार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी एवं नागरिक स्टेशन पहुंचे। यहां मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) रतलाम के नाम स्टेशन अधीक्षक चंद्रशेखर गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने रेल्वे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए, जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने से पूर्व समिति पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक सुबह करीब १०.३० बजे स्टेशन स्थित बालाजी मंदिर पहुंचे। यहां हनुमानजी की पूजा-अर्चना की गई तथा रेलवे प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। समिति सदस्यों ने कहा कि लंबे समय से मांगें रखने के बावजूद रेलवे प्रशासन द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इसके बाद सभी लोग नारेबाजी करते हुए स्टेशन पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन का वाचन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश भूत ने कहा कि पिपलिया स्टेशन तहसील मल्हारगढ़ सहित आसपास के सैकड़ों गांवों और कस्बों के लिए प्रमुख रेल संपर्क का माध्यम है। क्षेत्र कृषि प्रधान होने के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियों का भी बड़ा केंद्र है।

### नीमच में बोहरा समाज ने मिलादुन्नबी पर जुलूस निकला




**नीमच।** दाऊदी बोहरा समाज नीमच द्वारा रविवार को ढोल धमाके और या हुसैन के सुमधुर नारे के साथ जुलूस निकाला गया। आगे बोहरा युवा कमेटी के बैंड व मधुर धुन के साथ चल रहे थे उनके पीछे समूचा समाज के वरिष्ठ जन्य वेशभूषा में चल रहे थे शहर के बोरा गली स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर टैगोर मार्ग से यह जुलूस शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस में शामिल बोहरा समुदाय को कई मुख्य चौराहे जगह जगह पुष्प वर्षा व मुबारकबाद दी गई।

### ईद मिलादुन्नबी पर आज निकलेगा जुलूस

**मन्दसौर।** पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा बुधवार को भव्य जुलूस निकाला जाएगा। इससे पूर्व मंगलवार को मदारपुरा से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग दोपहिया वाहनों और पैदल शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।


कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-रश्मि पति स्व. सुरेश कालरा क्रेता-गीतांजलि पति ऋतुराज समदानी वार्ड क्र. 57 पता-15 पुराना 21 व 71 प्र.क्र. जूजर एन्कलेव सिख मोहल्ला इन्दौर पिन-1000889389 संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3
नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-दया वर्ल्ड वाईड प्रलि. क्रेता-हंसमुख पिता स्व. चंदूभाई ठक्कर वार्ड क्र. 56 पता-31/2 यूनिट 47न्यू सियागंज काछी मोहल्ला इन्दौर पिन- 1000877969 संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3
नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-हरी पिता सीताराम अग्रवाल क्रेता- सीमा पति शरद कुमार रावत वार्ड क्र. 56 पता-51/2 यूनिट नं. एम-2 न्यू सियागंज काछी मोहल्ला इन्दौर पिन- 1000878284 संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-देवीदास पिता स्व. नानकराम भावसार क्रेता- मोहन पिता नारायण गौड़, रेणु पति मोहन गौड वार्ड क्र. 58 पता-15/1 मराठी मोहल्ला इन्दौर पिन- 1000897061 संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3
नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- अरुण कपूर निशता कपूर पता-86, सिंधु नगर भगवती रेसीडेंसी फ्लेट 401 इन्दौर पिन- 2000320326 वार्ड-4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- भावना अडवानी पता-86, सिंधु नगर भगवती रेसीडेंसी फ्लेट 302 इन्दौर पिन- 2000320326 वार्ड-4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर परिषद डिकेन जिला नीमच (मप्र0)
Ph- 07420257532 Email ID- cmodiken@mpurban.gov.in
क्रमांक— 2126 / शौचालय / निर्माण / 2026 डिकेन दिनांक 21.08.2026
// प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //
एतद् द्वारा समस्त केन्द्रीकृत प्रणाली संबंधित पंजीकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट mptenders.gov.in/mpurban.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD 531806_1 | Construction of APT Toilet | 03 माह 25.71 लाख | 5,000/- 19,282/- | 23-09-2026 17:30 |

निविदा शर्ते :— निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन mptenders.gov.in/ mpurban.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
(श्रवण कुमार पाटीदार) अध्यक्ष न.प.डीकेन
(रोहित केशवाश) उपाध्यक्ष न.प.डीकेन
(जे.एल. पाटीदार) मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद् डिकेन

## बिजली का पोल वाहन के ऊपर गिरा

**मक्सी।** औद्योगिक क्षेत्र मक्सी के दूसरे फेस स्थित पवन चक्की प्लांट के समीप सोमवार दोपहर को दर्दनाक हादसा हो गया। एक वाहन के बिजली के पोल से टकराने के बाद पोल वाहन के ऊपर जा गिरा। रास्ते से झरनेश्वर मंदिर जा रही तीन महिलाओं में से एक महिला इस हादसे का शिकार हो गई जबकि दो महिलाएं घायल हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में श्यामूबाई पति ईश्वरलाल मालवीय (60), निवासी बरंडवा की मौके पर मौत हो गई। वहीं राधाबाई पति बाबूलाल (65), निवासी बरंडवा तथा कलाबाई पति सीताराम मालवीय (50), निवासी बरांडवा घायल हुई हैं। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया।

## मोड़ी से तारकेश्वर महादेव तक निकली कांवड़ यात्रा

**सुसनेर।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रीबालाजी कांवड़ यात्रा के तत्वावधान में ग्राम मोड़ी से श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर, त्रिवेणी संगम ताखला तक विशाल कांवड़ एवं कलश यात्रा ग्रामीणों निकाली गई। कांवड़ यात्रा प्रातः 9 बजे नलखेड़ा रोड स्थित श्री खेड़ापति बालाजी सरकार धाम मंदिर से आरंभ होकर नगर में भ्रमण करते हुए 5 किलोमीटर दूर स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर, ताखला पहुंची। जहां श्रद्धालुओं द्वारा भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया। कांवड़ यात्रा के साथ-साथ गांव की महिला मंडल द्वारा भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई।

## पीएम स्कूल मलावर में 8 अतिरिक्त कक्षों का होगा निर्माण

**राजगढ़।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मलावर में विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार करते हुए 85.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 8 अतिरिक्त कक्षों का भूमिपूजन शनिवार को प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पंवार ने विद्यार्थियों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने बच्चों से सहज एवं आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर अब स्थानीय स्तर पर तैयार होगा टेक होम राशन

**राजगढ़।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्रों में दर्ज 06 माह से 03 वर्ष के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा आकांक्षी जिलों में 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को पूर्व में जारी टेक होम राशन वितरण की व्यवस्था में बदलाव करते हुए टेक होम राशन के हितग्राहियों को पूरक पोषण आहार के निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 01 अगस्त, 2026 से अंतरिम वैकल्पिक व्यवस्था तीन माह की अवधि के लिए प्रारंभ कर जिलों को निर्देश जारी किये गये हैं। नवीन व्यवस्था अंतर्गत वर्तमान में आंगनवाड़ी केंद्रों में नाश्ता एवं गर्म पका भोजन (एच सी एम) प्रदाय कर रहे समूहों के माध्यम से ही स्थानीय स्तर पर तैयार टी एच आर प्रदाय कराया जायेगा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवास एक माह में पूर्ण कराने के निर्देश

**राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा जिले में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन के क्रम में शनिवार को संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) हृदयेश श्रीवास्तव द्वारा जनपद पंचायत खिलचीपुर की ग्राम पंचायत शेरपुरा, अभयपुर एवं लक्ष्मणपुरा का शासकीय भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लंबित सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की गई।

### राज्यमंत्री टेटवाल, कलेक्टर-एसपी और नपाध्यक्ष ने की अगवानी, शाही सवारी में उमड़ा आस्था का सैलाब

# राजाधिराज महादेव निकले प्रजा का हाल जानने, हर-हर महादेव से गूंजा सारंगपुर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर





श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कपिलमुनि की नगरी सारंगपुर पूरी तरह शिवमय नजर आई। कालीसिंध नदी के मथुरा घाट से बाबा वटकेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी निकली तो हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित राजाधिराज के दर्शन के लिए शहर के विभिन्न मार्गों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ढोल-नगाड़ों, बैंड और ताशों की गूंज के बीच भक्त हर-हर महादेव और जय श्रीमहाकाल के जयकारे लगाते हुए झूमते रहे।

महादेव मित्र मंडल के तत्वावधान में निकली शाही सवारी में बाबा वटकेश्वर महादेव को पालकी में विराजित किया गया। सैकड़ों केसरिया ध्वजों के साथ भक्त पालकी के पीछे चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत मंच लगाकर पुष्पवर्षा की और फल, खीर व फलाहारी खिचड़ी सहित प्रसादी वितरित की। यात्रा देर शाम नगर भ्रमण करते हुए गांधी चौक स्थित प्राचीन वटकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

शाही सवारी के मथुरा घाट पहुंचने पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, पृथ्वीराज टेट वाल, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, संयुक्त कलेक्टर जय सोलंकी, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, करनवास थाना प्रभारी संगीता शर्मा और नपा सीएमओ दीपक रानवे, पटवारी शहजाद खान, अतुल सक्सेना सहित अन्य अतिथियों ने बाबा वटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इसके बाद कालीसिंध मैया की आरती कर चुनरी अर्पित की गई। पुलिस के गार्ड ने बाबा को सलामी देकर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

शाही सवारी में भगवा ध्वज लेकर घोड़े पर सवार श्रद्धालु पालकी के आगे चल रहे थे। बैंड पार्टी, ताशा पार्टी और कड़ाबीन की धुन के साथ भोले की बारात में भूत-प्रेत, देवता और दानवों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सैकड़ों महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर कतारबद्ध चलीं। विशेष आमंत्रित टीम हरे रामा हरे कृष्णा का संकीर्तन करते हुए चल रही थी। ग्रामीण क्षेत्रों से आई भजन मंडलियों ने भी पूरे मार्ग में सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

### दर्जनों मंचों से हुआ बाबा का स्वागत

शाही सवारी का विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। सद्भावना विकास मंच, बालाजी परिवार, भय्याजी मित्र मंडल, सार्वजनिक नीलकंठेश्वर मंदिर समिति, ऑटो यूनियन, मैजिक यूनियन पड़ाना, पाटीदार समाज युवा संगठन, बस स्टैंड व्यापारी एसोसिएशन, हिंदू उत्सव समिति, वाल्मीकि समाज, टेट वाल परिवार, भाजपा-कांग्रेस कमेटी, संस्था तुलादान, प्रभु स्मरण ग्रुप, जय श्री मंच, नगर पालिका परिषद, सब्जी मंडी एसोसिएशन, सकल जैन समाज, दिगंबर जैन सकल समाज नवयुवक राठौर समाज, खेड़ापति सरकार युवा मंच, हरिहर मिलन समिति, महाराणा प्रताप समिति, सर्व ब्राह्मण समाज, स्वर्णकार समाज, ड्राइवर यूनियन और श्री राम सेना सहित विभिन्न संगठनों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर प्रसादी वितरित की।

### सामुदायिक भवन, कृषि मंडी एवं मंदिर मार्ग की मिली सौगात

# सुठालिया-ब्यावरा में 1.42 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़।



क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना के विस्तार की दिशा में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग ने सुठालिया एवं ब्यावरा में लगभग एक करोड़ 42 लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को सामुदायिक सुविधाओं, कृषि अधोसंरचना एवं धार्मिक स्थलों तक सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी।

सुठालिया के परलापुरा क्षेत्र में 17 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सामाजिक, धार्मिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।

इसी क्रम में कृषि उपज मंडी, ब्यावरा परिसर में 80 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भी भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों से मंडी परिसर की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं में सुधार होगा और किसानों तथा कृषि उपज से जुड़े लोगों को बेहतर अधोसंरचना का लाभ मिलेगा। वहीं सुठालिया स्थित प्रसिद्ध श्याम खो महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए 47 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। सीसी रोड के निर्माण से मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर शिक्षा, सड़क, कृषि, सामुदायिक सुविधाओं और धार्मिक स्थलों से जुड़ी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को मजबूत करना है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा प्रस्तावित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत शासन द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थलों की यात्रा निकाली जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा द्वारा बताया गया है कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनान्तर्गत अयोध्या-काशी, हरिद्वार-ऋषिकेश तथा काशी-गया जी तीर्थ हेतु तीर्थ यात्रा का आयोजन आगामी दिनों में किया जावेगा। जो भी इच्छुक नागरिक शासन की योजना का लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, वह कार्यालय नगर पालिका में कार्यालयीन समय में प्रभारी योगेश शर्मा से जानकारी प्राप्त कर आवेदन जमा कर सकते हैं।

शासन द्वारा अयोध्या-काशी यात्रा, हरिद्वार-ऋषिकेश यात्रा तथा काशी-गया जी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में 60 वर्ष के पुरुष व 58 वर्ष तक की महिलाएं आवेदन कर तीर्थ दर्शन का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अयोध्या-काशी तीर्थ की यात्रा की आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 1 सितम्बर है, हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ की यात्रा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 9 सितम्बर हैं तथा काशी-गया जी यात्रा हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितम्बर हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष भरावा द्वारा नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पात्र इच्छुक नागरिक यात्रा हेतु आवेदन करें तथा शासन की इस महत्ती योजना का लाभ प्राप्त कर तीर्थों के दर्शन का लाभ प्राप्त करें।

## कलेक्टर ने की वीडियो कॉन्फ्रेंस से कार्यों की समीक्षा

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा राजस्व अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिले में शेष किसानों की फार्मर आईडी बनाए जाने की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण

**राजगढ़।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 अंतर्गत विकासखंड ब्यावरा के सुठालिया नगर परिषद में शिविर के आयोजन अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय सुठालिया का निरीक्षण कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यालय निरीक्षण में परियोजना अधिकारी को परियोजना अंतर्गत आने वाले ऐसे आंगनवाडी केन्द्र जो किराये के भवन में संचालित हैं की जानकारी न होने से नाराजगी व्यक्त की। साथ ही किराये के भवनों में संचालित आंगनवाडी भवनों के केन्द्र का किराया भुगतान न किये जाने का कारण पूछने पर परियोजना अधिकारी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया।

## चाकूबाजी और लूट का 10 हजार का इनामी आरोपी जम्मू से गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

चाकू से हमला कर 85 हजार रुपए लूटने के मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी गोविन्द शर्मा को सुसनेर पुलिस ने आखिरकार जम्मू से गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसकी तलाश करते हुए त्रिकुटा नगर, जम्मू से आरोपी को गिरफ्तार किया। 23 अगस्त को न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार 2 जून 2026 को ग्राम लोंगड़ी निवासी गोविन्द शर्मा ने ग्राम खेरिया निवासी राहुल यादव पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया था। इसी दौरान 85 हजार रुपए लूटने की घटना भी सामने आई थी। मामले में फरियादी प्रेमनारायण यादव की रिपोर्ट पर अपराध प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक आगर-मालवा द्वारा 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया। कई दिनों तक तलाश के बाद पुलिस को आरोपी की लोकेशन जम्मू में मिली थी।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मेले की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

# चौथे सोमवार पर बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



श्रावण माह के चौथे सोमवार के अवसर पर नरसिंहगढ़ नगर स्थित बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में भव्य श्रावण मेले का आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगर पालिका द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर पालिका द्वारा मेले में साफ-सफाई, पेयजल, सीसीटीवी कैमरे, खोया-पाया केंद्र, साउंड सिस्टम, एलईडी स्क्रीन, टेंट सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। वहीं पुलिस विभाग द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई।

श्रावण माह के चौथे सोमवार के अवसर पर बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर से भव्य पालकी यात्रा भी निकाली गई। पालकी यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए। पालकी यात्रा नगर भ्रमण के उपरांत पुनः बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरसिंहगढ़ के निर्देश एवं मार्गदर्शन में प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा मेले एवं पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु आवागमन के लिए समन्वित रूप से व्यवस्थाएं की गईं। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालुओं को दर्शन, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं में किसी प्रकार की असुविधा न हो। श्रावण मेले के दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा की गई समुचित व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं ने सहज एवं सुरक्षित वातावरण में बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन कर धार्मिक आयोजन का लाभ लिया।



## सावन माह की अंतिम सवारी निकली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद

नगर के प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर सावन सोमवार भक्तों का पूजन अभीषेक का ताता लग गया। प्रातः से ही श्रद्धालु अधिक संख्या में भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया गया। सावन की दूसरी सवारी पर भगवान श्री नीलकंठ को लहरिया पाग से अलकृत किया गया। चांदी की प्रतिमा स्वरूप को चंद्र ओर नाग को आकर्षक रूप से सजाया गया। भक्तों द्वारा पालकी को विद्युत श्रृंगार किया गया। सवारी में डोल डीजे के साथ ध्वज, आकर्षक पात्र स्वरूप नो कन्या, भेरू बाबा, नरसिंह भगवान, गौरिला, आदि से सज धज के निकले। सवारी का पूजन आरती के पश्चात मंदिर परिसर से निकली। सवारी मार्ग के परंपरागत रूट से निकली। सभी स्थानों पर सवारी का पूजन आरती प्रसादी वितरण किया गया। सावन माह के अंतिम सोमवार पर मंदिर में आकर्षक मावे का श्रृंगार में सावरिया सेठ का स्वरुप बनाया गया। भक्तों ने शाम को मंदिर पर भगवान का दर्शन किया गया।




## जनकल्याण संबल योजना के तहत 94 श्रमिक परिवारों को 2.18 करोड़ का हितलाभ वितरण

**ब्यावरा।** म.प्र.के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत प्रदेश के 19 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 203 करोड़ रुपये का हितलाभ सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किया गया, इसी क्रम में राजगढ़ जिले के 94 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपये का हितलाभ प्रदान किया गया हितलाभ की राशि मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। जिले के समस्त नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम एनआईसी कक्ष, कलेक्ट्रेट राजगढ़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रमिक हितग्राहियों सहित श्रम निरीक्षक मनोज कुमार चौहान तथा जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्राप्त सहायता के लिए आभार व्यक्त किया।

## जीवनधारा नमामि गंगे फाउंडेशन ने वन महोत्सव अभियान के तहत किया वृहद पौधारोपण



**सुसनेर।** जीवनधारा नमामि गंगे फाउंडेशन के तत्वावधान में चलाए जा रहे वन महोत्सव अभियान के तहत पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास परिसर में एक पौधा पुत्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं छात्रावास स्टाफ ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पौधारोपण के दौरान अशोक, कदम्ब, तुलसी, आंवला, बेलपत्र, आम, जामुन, नीम, पीपल एवं गुड़हल सहित अनेक छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती रोमिका जैन, वैभव जैन एवं छात्रावास स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं जीवनधारा नमामि गंगे फाउंडेशन की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक पाण्डे, जिला अध्यक्ष अमित शर्मा (चंकी भैया), अंकित जैन, महिला विंग से श्रीमती मधु कुशवाह, एडवोकेट कुलदीप प्रजापत, गिरिलाल पुष्पद, प्रेम बिल्लौरे, महेश राठौर, योगेंद्र जादमें, मुकेश खटीक, पत्रकार नरेश राठौर, मुकेश जैन, आयुष शुक्ला एवं गोविंद पाटीदार सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संस्था के पदाधिकारियों ने एक पौधा—प्रकृति के नाम और एक संकल्प—स्वच्छ एवं हरित भारत के नाम का संदेश देते हुए आमजन से पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।

## नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर फरियाली खिचड़ी और केले का भंडारा, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद



**मक्सी।** सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर मक्सी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा नीलेश लोधी एवं विपिन टेलर द्वारा रखा गया, जिसमें करीब 2 क्विंटल फरियाली खिचड़ी एवं केले का प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मोडसिंह लोधी, पार्षद दिलीप लोधी एवं माधव लोधी सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार पर भगवान महादेव के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई थी। भंडारे में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

## बैंक ऑफ इंडिया प्रबंधन ने बैंक उपभोक्ताओं को कस्टमर मीट का आयोजन कर दी जानकारी




**महिदपुर रोड।** बैंक ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा द्वारा सोमवार की शाम को कस्टमर मीट का आयोजन कर अपने बैंक खातेदारों को खाता संचालन से संबंधित विभिन्न सावधानियां रखने के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक विनय शाक्य ने बैक उपभोक्ताओं को बैंक द्वारा उनके बैंक खातों पर विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी सहायक प्रबंधक संजय ने बैंक खातेदारों से समय-समय पर जाल साजों द्वारा ओटीपी की जानकारी शेयर कर उनके खाते से जमा राशि से ट्रांजैक्शन करने के कुटिल प्रयासों के बारे में बताया बैंक के बीमा विभाग के नदीम ने बैंक खातों पर समयावधि में उत्तराधिकारी का नामांकन करवाने तथा सावधि जमा पर होने वाले लाभांशों होम लोन व्हीकल लोन बीमा आदि के करवाने के बारे में बताया। इस दौरान नगर के व्यापारी अवतार सिंह गुर, कुबेर सिंह पंवार, जसप्रीत सिंह, मक्कड़ आशीष परमार पत्रकार दिनेश मंडोवरा गोपाल उपाध्याय मांगीलाल सौलंकी बीसी प्रह्लाद कारा मुकेश जायसवाल शिक्षिका हेमलता उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# बाल बढ़ाने के लिए करी पत्ता का उपयोग कैसे करें?



**बालों की ग्रोथ के लिए करी पत्ता का उपयोग कई तरीकों से किया जा सकता है। यहां एक्सपर्ट से जानिए, करी पत्ते को तेल, हेयर पैक या अन्य तरीकों से लगाने का तरीका और इससे जुड़ी जरूरी सावधानियां।**

बाल लंबे करने की कोशिश करते हुए अगर आपके बाल बीच से टूटने लगें, लगातार झड़ें या पहले के मुकाबले पतले नजर आने लगें, तो चिंता होना स्वाभाविक है। मेवाड़ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर एवं प्राकृतिक चिकित्सालय बापू नगर, जयपुर की वरिष्ठ चिकित्सक योग, प्राकृतिक चिकित्सा पोषण और आयुर्वेद विशेषज्ञ के अनुसार, बालों के लिए करी पत्ता का उपयोग फायदेमंद साबित हो सकता है। करी पत्ते में कई तरह के ऐसे तत्व होते हैं जो बालों को मजबूत बनाने और अंदर से पोषण देने में मदद कर सकते हैं। अगर आप भी बालों को लंबा, मजबूत और हेल्दी बनाने के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो इसके अलग-अलग तरीकों और जरूरी सावधानियों को जानना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।



### बाल बढ़ाने के लिए करी पत्ता का उपयोग कैसे करें?

आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता के अनुसार, करी पत्ता जिसे कुछ लोग कड़ी पत्ता भी कहते हैं बालों की देखभाल के लिए लंबे समय से घरेलू और पारंपरिक नुस्खों में इस्तेमाल किया जाता है। इसमें कई नेचुरल यौगिक और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो बालों और स्कैल्प की देखभाल में मदद कर सकते हैं।

### करी पत्ता लगाते समय इन बातों का रखें ध्यान

आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता सलाह देती हैं कि पहली बार करी पत्ते का तेल या हेयर पैक इस्तेमाल करने से पहले स्किन के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना बेहतर रहता है। खुजली, लालिमा, जलन या दाने दिखाई दें तो इसका इस्तेमाल बंद कर दें। साथ ही, अगर बाल अचानक बहुत ज्यादा झड़ रहे हैं, सिर की स्किन पर घाव या तेज खुजली है या बाल तेजी से पतले हो रहे हैं, तो केवल घरेलू नुस्खों पर निर्भर न रहें

### 1. करी पत्ते का तेल

आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता बताती हैं कि बालों के लिए करी पत्ते का इस्तेमाल करने का सबसे फेमस तरीका करी पत्ते का तेल बनाना है। इसके लिए एक मुट्ठी ताजे करी पत्ते धोकर सुखा लें। करी पत्ते को नारियल या तिल के तेल में पकाकर करी पत्ते का तेल तैयार करें और तेल ठंडा होने के बाद इसे छानकर बालों की जड़ों में हल्के हाथों से लगाएं। पारंपरिक रूप से इस तरह के तेल से सिर की मालिश बालों को सॉफ्ट और सिर की स्किन को नम बनाए रखने के लिए की जाती है।

### 2. करी पत्ते और दही का हेयर मास्क

करी पत्ते को पीसकर उसमें थोड़ा सादा दही मिलाकर घर में नेचुरल हेयर मास्क तैयार किया जा सकता है। डॉक्टर किरण गुप्ता सलाह देती हैं कि इसे स्कैल्प और बालों पर कुछ समय करीब 30 से 40 मिनट के लिए लगाया जा सकता है और फिर अच्छी तरह धो लें। दही बालों को नमी देने में मदद कर सकता है, जबकि करी पत्ते का उपयोग स्कैल्प को हेल्दी बनाने में सहायक होता है, जिससे बालों की ग्रोथ अच्छी होती है।


### 3. करी पत्ते का पानी

आयुर्वेदिक डॉक्टर किरण गुप्ता बताती हैं कि करी पत्ते का पानी बनाने के लिए करी पत्तों को पानी में उबालकर ठंडा करें और छान लें। बाल धोने के बाद इस पानी से सिर और बालों को धोया जा सकता है। यह घरेलू उपाय बालों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसे बालों की बढ़ोतरी इलाज समझने के बजाय नॉर्मल हेयर केयर का हिस्सा मानना बेहतर है।

### 4. करी पत्ते को डाइट में शामिल करें

बालों की अच्छी हेल्थ के लिए बैलेंस डाइट पर भी ध्यान देना जरूरी है। करी पत्ते को दाल, सब्जी, चटनी या अन्य तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो अंदर से बालों को हेल्दी बनाने में सहायक हो सकते हैं।

# क्या सनस्क्रीन लगाने से वाकई टैनिंग नहीं होती?



सनस्क्रीन का इस्तेमाल आज की जरूरत बन चुकी है। जिस तरह का आजकल हमारा वातावरण है जहां प्रदूषण हर तरह है और मौसमी बदलाव से लोग परेशान रहते हैं वहां स्किन की खास देखभाल करना जरूरी है। इस देखभाल का एक जरूरी हिस्सा सन प्रोटेक्शन है जिसके लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल मददगार है लेकिन सवाल ये है कि क्या सनस्क्रीन टैनिंग कम करने में भी मददगार है? अगर आप रोज सनस्क्रीन लगाते हैं तो क्या इससे आपकी टैनिंग भी कम हो सकती है। सूरज की वश किरणें ही स्किन टैनिंग की मुख्य वजह होती हैं। जब आपकी स्किन सूरज की इन हानिकारक किरणों के संपर्क में आती है तो हमारी स्किन खुद को नुकसान से बचाने के लिए नैचुरली मेलेनिन का प्रोडक्शन बढ़ा देती है इससे चेहरे पर टैनिंग हो जाती है। लंबे समय तक अगर यही हाल रहता है तो टैनिंग और गहराने लगता है और चेहरे पर कालेपन के रूप में नजर आने लगता है। ऐसे मे बचाव के लिए सबसे पहले सनस्क्रीन लगाना चाहिए जिससे टैनिंग कम करने में भी मदद मिलती है।

### कोजिक एसिड

कोजिक एसिड स्किन हाइपरपिग्मेंटेशन को कम करने में मददगार है। शोध के अनुसार कोजिक एसिड टायरोसिनेज की गतिविधि को रोकता है, जो शरीर को मेलानिन बनाने के लिए जरूरी एक एंजाइम है। ये त्वचा का रंग एक जैसा करता है। ये पिगमेंट बनने की प्रक्रिया को शुरू में ही धीमा करके, यह धूप के कारण पड़ने वाले दाग-धब्बों, उम्र के साथ होने वाले दागों और मेलास्मा को कम करने में मदद करता है।

### नियासिनमाइड

नियासिनमाइड जो कि विटामिन इ3 ही है और मेलेनिन को बनने से रोकता है। रिपोर्ट की मानें तो नियासिनमाइड स्किन की टैनिंग कम करने में बेहद कारगर तरीके से मददगार है। यह मेलानोसाइट्स से स्किन सेल्स तक मेलानिन के ट्रांसफर प्रोसेस को रोकती है। इससे स्किन पिग्मेंटेशन में कमी आती है। धीरे-धीरे आपका रंग साफ होने लगता है क्योंकि पुरानी, ज्यादा पिगमेंट वाली सेल्स नेचुरली हट जाती है।

### क्या सनस्क्रीन रोज लगा सकते हैं?

डॉक्टरों का कहना है कि आप इस क्रीम को घर से निकलने से पहले रोज लगाएं। इसके अलावा आप जब भी धूप में जा रहे हों बिना भूले इसे लगाकर जाएं। इससे टैनिंग से बचाव होगा और आपकी स्किन सुरक्षित रहेगी। हालांकि, कभी कभी आप इसे बिना लगाए भी जा सकते हैं।

## Sport

**कोलंबो टेस्ट में श्रीलंका पर फॉलोऑन का खतरा, स्कोर 265/8**

# बारिश के कारण तीसरे दिन जल्दी स्टंप्स हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कोलंबो टेस्ट में श्रीलंका पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। टीम को इसे टालने के लिए 37 रन और बनाने हैं। श्रीलंका ने भारत के खिलाफ पहली पारी में 265 रन पर 8 विकेट गंवा दिए हैं। भारत ने पहली पारी में 503 रन बनाए थे।

बारिश के कारण मंगलवार को तीसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त हो गया। सोनल दिनूषा 85 और लाहिरू कुमारा 8 रन पर नाबाद लौटे। पसिंदु सूरियाबंडारा ने 80 रन की पारी खेली। उन्हें रवींद्र जडेजा ने बोल्ड कर दिया। भारत की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने 3-3 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज को एक-एक विकेट मिला। 82 ओवर का खेल पूरा होने के बाद अंपायर अहसान रजा ने रोशनी की स्थिति जांची। कुमारा ने संकेत दिया कि उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद साफ दिखाई नहीं दे रही थी। इस वजह से कुछ देर के लिए खेल रोका गया। भारतीय कप्तान ने बाद में सारांश जैन को गेंदबाजी पर लगाया क्योंकि, अंपायर ने कम रोशनी में एक्सप्रेस फास्ट बॉलर्स से गेंदबाजी नहीं कराने को कहा था।

श्रीलंकाई पारी में 80 ओवर का खेल होने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने दूसरी नई बॉल ली। इसी ओवर में सारांश जैन की बॉल लाहिरू कुमारा के बैट और पैड पर लगी। अपील पर अंपायर ने आउट भी दे दिया। लेकिन, श्रीलंकाई बैटर रिव्यू लेकर बच गया।




### जडेजा ने पसिंदु को बोल्ड किया

रवींद्र जडेजा ने पसिंदु सूरियाबंडारा को 80 रन पर बोल्ड कर दिया। जडेजा की ऑफ स्टंप के पास फुलर गेंद पर सूरियाबंडारा ने डिफेंस करने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा। गेंद उनके पिछले पैर से टकराकर स्टंप्स पर जा लगी। सूरियाबंडारा ने 133 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 80 रन बनाए।

# बाबर आजम के लॉर्ड्स टेस्ट में खेलने पर सस्पेंस कायम

एजेंसी ▸▸ लंदन

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के लॉर्ड्स टेस्ट खेलने पर भी सस्पेंस है। ढळक ने टीम के करीब सूत्र के हवाले से लिखा है- बाबर की उंगली में चोट है। सूजन के कारण उन्हें बल्ला पकड़ने में परेशानी हो रही है।' वहीं, क्रिकेट वेबसाइट क्रिकइंफो ने लिखा कि वे दूसरा टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं।

हालांकि, बाबर गुरुवार से शुरू हो रहे इस मैच में खेलेंगे या नहीं। इसका फैसला मैच से ठीक पहले चोट की कंडीशन पर लिया जाएगा। बाबर वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बैटिंग करते समय चोटिल हुए थे। केंट में काउंटीज-11 के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान उनकी चोट दोबारा चोट लगने से उनकी परेशानी बढ़ गई। बाबर इस चोट के कारण लीड्स में हुआ पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। पाकिस्तान यह मैच तीन दिन के अंदर पारी और 103 रन से हार गया था। उनकी जगह में सलमान अली आगा ने कप्तानी की थी।

सूत्र ने कहा, ह्यटीम मैनेजमेंट बुधवार को नेट्स में देखेगा कि बाबर बल्लेबाजी करने में सहज हैं या नहीं। यह ऐसी चोट है, जिसमें अंतिम फैसला खुद खिलाड़ी को ही लेना होगा।ह्व

पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट लॉर्ड्स टेस्ट में दोनों स्पिनर्स अली उस्मान और साजिद खान को खिलाने पर विचार कर रहा है। टीम को लगता है कि पिच धीमी होगी और इससे स्पिन गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पहले टेस्ट में पाकिस्तान के तीन तेज गेंदबाजों मुहम्मद अब्बास, खुर्रम शहजाद और मुहम्मद अली का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। सूत्र के अनुसार, बाबर और हेड कोच सरफराज अहमद सीरीज बराबर करने के लिए स्पिनर्स पर भरोसा करने के पक्ष में हैं।

## नैनो न्यूज

- **प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस फाइनल में** – आर. प्रज्ञानानंदा ने विन्सेंट कीमर को हराकर ग्रैंड चेस टूर फाइनल में जगह बनाई।
- **भारत की हॉकी टीम बाहर** – अर्जेंटीना से 3-5 की हार के बाद भारतीय पुरुष टीम विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई।
- **भारत की पारी 503/9 घोषित** – श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ध्रुव जुरेल और देवदत्त पडिक्कल के शतकों से भारत ने 503 रन बनाए।
- **राहुल द्रविड़ का बड़ा बयान** – द्रविड़ ने माना कि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ में थोड़ा पीछे हुआ है, लेकिन उम्मीदें कायम हैं।
- **रोहन बोपन्ना नाराज** – एशियन गेम्स के लिए टेनिस टीम घटाने के फैसले पर बोपन्ना ने चयन में प्रदर्शन और योग्यता को प्राथमिकता देने की मांग की।
- **श्रीजेश ने उठाए सवाल** – हॉकी विश्व कप में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने हॉकी प्रबंधन पर तीखी टिप्पणी की।
- **मुंबई सिटी पर संकट** – मुंबई फुटबॉल एरिना का किराया 250 प्रतिशत बढ़ने से मुंबई सिटी एफसी को आगामी आईएसएल सीजन के लिए नया घरेलू मैदान तलाशना पड़ सकता है।
- **प्रसिद्ध कृष्णा ने बताया आक्रामकता का मतलब** – श्रीलंका सीरीज के बीच भारतीय तेज गेंदबाज ने अपनी गेंदबाजी में आक्रामक रवैये को लेकर अपनी सोच बताई।

# वैभव सूर्यवंशी ने 4 गेंद में 2 विकेट लिए, दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन की तरफ से गेंदबाजी की

## वैभव ने जर्सी नंबर पर टेप लगाया, सिर्फ नंबर-3 दिखा

एजेंसी ▸▸ बैंगलुरु

दलीप ट्रॉफी 2026 के क्वार्टर फाइनल में 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 4 बॉल में 2 विकेट ले लिए। ईस्ट जोन की ओर से खेल रहे वैभव ने नॉर्थ ईस्ट जोन की दूसरी पारी में एक ही ओवर में 2 विकेट हासिल किए। उन्होंने अपने दूसरे ओवर की दूसरी गेंद पर किशन लिंगदोह और पांचवीं गेंद पर इमलीवाती लेमटूर को आउट किया।

वैभव ने कुल 3 ओवर गेंदबाजी की और 11 रन देकर 2 विकेट लिए। वे बैटिंग में 8 रन ही बना पाए थे। ईस्ट जोन ने इस मुकाबले में नॉर्थ ईस्ट जोन को पारी और 210 रन से हराया। अब टीम सेमीफाइनल में सेंट्रल जोन से 30 अगस्त को खेलेगी।



वैभव ने नॉर्थ ईस्ट जोन की दूसरी पारी के 28वें ओवर में गेंदबाजी की। ओवर की दूसरी गेंद पर किशन लिंगदोह ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले का सही संपर्क नहीं ले सकी। सब्स्टीट्यूट फील्डर दानिश दास ने कैच पकड़कर लिंगदोह की पारी खत्म कर दी। लिंगदोह के आउट होने के बाद इमलीवाती लेमटूर क्रीज पर आए। उन्होंने पहली ही गेंद पर चौका लगाया, लेकिन वैभव ने पांचवीं गेंद पर उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। लेमटूर का कैच विकेटकीपर ईशान किशन ने पकड़ा। इस तरह वैभव ने सिर्फ 4 गेंद के अंदर 2 विकेट हासिल किए।

वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन की जर्सी पर टेप लगाकर अपना पसंदीदा नंबर-3 दिखाते नजर आए। हालांकि, वे 8 रन बनाकर आउट हुए थे। उन्होंने लगातार दो चौके लगाए, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर गली में कैच दे बैठे।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है। साईज - 10x11 हाईट- 15 फीट
मोबाइल 8518800456 9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें 940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन फोन: 7869850570 9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें पीसी राजपूत रीयल एस्टेट 9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय 10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### लोकतंत्र के लिए लड़ने वाले डॉ. ओम सोनी का निधन

**धार।** धार जिले के बरमंडल निवासी लोकतंत्र सेनानी डॉ. ओम सोनी (हरि ओम) का सोमवार रात निधन हो गया। मंगलवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें अंतिम विदाई दी। डॉ. ओम सोनी का जन्म 1953 में अलीराजपुर जिले के खड्डाली गांव में हुआ था। आपातकाल के दौरान उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया था। इस दौरान उन्हें 19 महीने जेल में रहना पड़ा। वर्ष 1982 में वे बरमंडल आए और यहीं के निवासी बन गए। उनके गृह निवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। प्रशासन की ओर से एसडीएम अजमेर सिंह गौड़, एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार और राजौद टीआई आरएस बर्डे ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।


### धामनोद में महिला के फोन-पे से सवा लाख हड़प

**धामनोद।** धामनोद थाना क्षेत्र के ग्राम चिक्टियावड में एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने बैंक खाता बंद होने का झांसा देकर महिला से 1 लाख 24 हजार रुपए ठग लिए। पीड़िता रूबी कुशवाहा (32 वर्ष) ने इस संबंध में धामनोद थाना प्रभारी को शिकायत दी थी। मंगलवार को ऑनलाइन शिकायत के बाद थाने में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता रूबी कुशवाहा, जो मूल रूप से दतिया जिले के सिकरी गांव की निवासी हैं और वर्तमान में चिक्टियावड में रहती हैं, ने अपनी शिकायत में बताया कि 14 अगस्त 2026 को दोपहर 3:30 बजे उनके मोबाइल नंबर पर दो अज्ञात नंबरों से कॉल आया।

### रानापुर के मुख्य बाजार में दो दुकानों से कैश चोरी

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के रानापुर में मंगलवार तड़के अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाया। शहर के व्यस्त क्षेत्र पुराने बस स्टैंड के पास स्थित किराना और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का शटर उचकाकर चोर गल्ले में रखी नकदी लेकर चंपत हो गए। चोरी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। तड़के करीब 3:45 बजे चोरों ने सबसे पहले किराना व्यापारी नरेंद्र पगारिया की दुकान का शटर उचकाया और गल्ले से लगभग 10 से 15 हजार रुपए निकाल लिए। इसके बाद चोरों ने थोड़ी दूरी पर स्थित विश्वास पोरवाल की इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान का शटर उचकाकर गल्ले में रखे करीब 18 हजार रुपए चुरा लिए।

### पेटलावद में निकली आठवीं समरसता कांवड़ यात्रा



हजारों कावड़ियों सहित श्रद्धालु हुए शामिल भोलेनाथ का किया जलाभिषेक

**झाबुआ।** श्रावण माह के अंतिम सोमवार को पेटलावद में आठवीं समरसता कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। रमेश सोलंकी मित्र मंडल के तत्वाधान में आयोजित इस यात्रा में हजारों शिवभक्त शामिल हुए। सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और हर तरफ 'हर-हर महादेव' तथा 'बोल बम' के जयकारे गूंजते रहे। यात्रा की शुरूआत ग्राम रामगढ़ स्थित लाड़की नदी के तट से हुई। यहां से कांवड़िए पवित्र जल लेकर पैदल पेटलावद के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना हुए। हजारों शिवभक्तों ने भगवा वस्त्र धारण कर हाथों में कांवड़ उठाई। ढोल-ढमाके, डीजे और धार्मिक नारों से पूरा मार्ग भक्तिमय हो गया। स्वांगधारी कांवड़िए भी इस दौरान आकर्षण का केंद्र रहे। पेटलावद पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ के पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की भारी भीड़ रही, जहां सभी ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। प्रसिद्ध गुजराती गायक विक्रम चौहान ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे धार्मिक माहौल और जीवंत हो उठा। यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह जलपान की व्यवस्थाएं भी की गईं।

## नैनो न्यूज

- **शेयर बाजार में गिरावट-** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को सेंसेक्स 200 अंकों से अधिक टूटा और निफ्टी भी 24,200 के नीचे कारोबार करता दिखा।
- **चांदी कीमतों में हलचल-** इंदौर सराफा बाजार में चांदी के भाव ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं। निवेशक और कारोबारी अंतरराष्ट्रीय बाजार की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं।
- **आज बैंक रहेंगे बंद-** 26 अगस्त को ईद-ए-मिलाद के कारण मध्यप्रदेश में बैंक अवकाश रहेगा।
- **शेयर बाजार खुला रहेगा-** 26 अगस्त को बैंक बंद रहने के बावजूद बीएसई और एनएसई में सामान्य ट्रेडिंग जारी रहेगी, हालांकि क्लियरिंग और सेटलमेंट प्रक्रिया स्थगित रहेगी।
- **आईपीओ बाजार में तेजी-** इस सप्ताह प्राथमिक बाजार में 10 नए इश्यू आने की तैयारी है। कंपनियां 3,500 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाने की कोशिश करेंगी।
- **ऑगमोंट आईपीओ अंतिम दिन-** ऑगमोंट एंटरप्राइजेज आईपीओ में निवेश का सोमवार अंतिम दिन रहा। इश्यू को अब तक 15 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन मिलने की खबर है।

प्रशासन पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाया, कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली

# भोजशाला विवाद पर धार में आधे दिन का बंद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

धार भोजशाला मामले को लेकर हिंदू समाज के आह्वान पर मंगलवार आधे दिन के लिए धार जिले में बंद रखा गया। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों और व्यापारिक क्षेत्रों में अधिकांश दुकानें बंद रहीं। इससे सामान्य दिनों की तुलना में बाजारों में सन्नाटा नजर आया। बंद को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई।

हिंदू समाज ने कहा कि भोजशाला मामले में हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रशासन की ओर से अपेक्षित तरीके से पालन नहीं कराया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर समाज ने बंद का आह्वान किया था। संगठनों ने व्यापारियों और आम लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की थी। दोपहर 12 बजे के बाद हिंदू समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए लालबाग से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। हिंदू समाज के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के बाहर भारी बैरिकेडिंग की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रदर्शनकारियों को कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। प्रशासन की ओर से बैरिकेडिंग के बाहर ही ज्ञापन लेने की व्यवस्था की गई। हिंदू समाज के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर ही प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। रैली को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास पुलिस बल भी तैनात किया गया।






- **कलेक्टर बोले- मामला न्यायालयीन प्रक्रिया में-** वहीं, इस पूरे मामले पर धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि भोजशाला से संबंधित मामला न्यायालयीन प्रक्रिया के अंतर्गत है। सर्वे नंबर 596 और 612 को लेकर उठाए गए विवाद के संबंध में उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेश के पालन के लिए कई विकल्प हो सकते हैं और इन्हीं विकल्पों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मामले में न्यायालयीन प्रक्रिया और संबंधित आदेशों के अनुरूप ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।
- **हिंदू संगठन के लोग बाजारों में पहुंचे-** सुबह शहर बंद के दौरान हिंदू संगठनों से जुड़े लोग शहर के बाजारों में पहुंचे और व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का अनुरोध किया। कुछ स्थानों पर दुकानें खुली मिलने पर उनसे भी बंद में सहयोग करने की अपील की गई। बंद का असर शहर में दिखाई दिया। हालांकि स्कूल-कॉलेज, पेट्रोल पंप, मेडिकल स्टोर और अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़ी दुकानें खुली रहीं। जरूरी सेवाओं को बंद से अलग रखा गया है, जिससे लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी न हो।

### कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

ज्ञापन में हिंदू संगठनों ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सर्वे नंबर 596 पर मुस्लिम समुदाय को अस्थायी रूप से नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है, जबकि प्रशासन द्वारा प्रत्येक शुक्रवार भोजशाला के नजदीक सर्वे नंबर 612 पर नमाज अदा कराई जा रही है। संगठनों ने इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताते हुए कहा कि इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। संगठनों ने प्रशासन से मांग की कि धार शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी मांग को लेकर उन्होंने धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपा। बंद को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिसकर्मी लगातार निगरानी करते रहे। प्रशासन की ओर से भी स्थिति पर नजर रखी गई, ताकि बंद के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

# मां ने नाबालिग बेटी को 50,000 रुपए में बेचा

## आरोपी ने दो महीने तक किया दुष्कर्म, कैद से भागी तो गुजरात में मिला मददगार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

धारः जिले के धामनोद थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां पर अपनी ही नाबालिग बेटी को 50 हजार रुपये में एक अधेड़ व्यक्ति के हाथों बेचने का आरोप लगा है। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने बच्ची को करीब दो महीने तक अपने घर में बंधक बनाकर रखा और इस दौरान उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया।

**भागकर गुजरात पहुंची पीड़िता-** पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर भागी और बाद में गुजरात पहुंची। वहां एक युवक ने उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में मदद की। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

धार पुलिस के अनुसार घटना 26 अप्रैल की बताई जा रही है। आरोप है कि नाबालिग की मां उसे बहला-फुसलाकर धामनोद की मीठा कॉलोनी स्थित पुरुषोत्तम के घर लेकर गई थी। वहां मां ने कथित तौर पर अपनी बेटी का सौदा 50 हजार रुपये में किया और उसे पुरुषोत्तम के हवाले कर दिया। इसके बाद वह वहां से चली गई।



### दो महीने रही गुजरात में

26 जून 2026 की सुबह करीब 11 बजे पीड़िता मौका पाकर आरोपी के घर से भागने में सफल रही। वह सीधे बस स्टैंड पहुंची, जहां उसे संदीप नामक व्यक्ति मिला। पीड़िता संदीप के साथ बस में बैठकर गुजरात के चोटिला गांव चली गई। इसकी गुमशुदगी पुलिस में कायम हुई तो पुलिकस उसे 23 अगस्त को तलाश करके लाई जहां ये मामला सामने आया। थाने पर पीड़िता की बरामदगी और बयान दर्ज करने के बाद, धामनोद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों - मां और खरीदार पुरुषोत्तम (पिता भागीरथ पाटीदार, निवासी धामनोद) के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# बदमाश मुख्तियार की 4 करोड़ की संपत्ति सीज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने जमीन मालिकों से अवैध कब्जे छोड़ने के बदले रुपए मांगने के मामले में गिरफ्तार बदमाश मुख्तियार की करीब 4 करोड़ रुपए की संपत्ति सीज की है। सोमवार को क्राइम ब्रांच की टीम टीआई जितेंद्र यादव के नेतृत्व में मुख्तियार को लेकर उसके घर पहुंची थी। जांच के दौरान अवैध शेड में बने गोदाम और दुकानों से जुड़े दस्तावेज मिले।

क्राइम ब्रांच ने मुख्तियार से इन संपत्तियों की खरीदी और मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज मांगे। संतोषजनक जानकारी नहीं मिलने के बाद टीम ने उससे जुड़ी संपत्तियों का मौके पर निरीक्षण किया और उन्हें सीज करने की कार्रवाई की।

मुख्तियार के खिलाफ वर्ष 2018 में विजयनगर पुलिस ने कार्रवाई की थी। उस समय एक नाबालिग को धमकाने और टॉयलेट शीट चटवाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद जमीन विवाद से जुड़े कई पीड़ित सामने आए। पुलिस के मुताबिक मुख्तियार के खिलाफ अब तक करीब 35 अपराध दर्ज हो चुके हैं।

# मिस्त्री ने लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

एमआईजी इलाके में रहने वाले एक मिस्त्री ने सोमवार रात में फांसी लगाकर जान दे दी। उसकी पत्नी ढाई साल से मायके में थी। दो दिन पहले उसे घर लेकर आने को लेकर साले से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। मिस्त्री ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें पत्नी और साले पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने बताया कि बलराम (37) पुत्र मांगीलाल कीर निवासी कृष्णबाग कॉलोनी ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने उसे फंदे पर देखा, इसके बाद पुलिस को मामले की सूचना दी। बलराम के कपड़ों से एक चिट्ठी मिली है, जिसमें उसने अपने साले भीम और पत्नी दीपिका पर धमकाने का आरोप लगाया है। बलराम ने उसमें लिखा है कि दो दिन पहले पत्नी से मोबाइल पर बात कर रहा था, तब उन्होंने झूठे प्रकरण दर्ज कराने को लेकर धमकाया और अपशब्द कहे थे। इसके बाद वह काफी तनाव में था। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।

# भागीरथपुरा कांड की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इंदौर हाईकोर्ट का इनकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई 36 मौत की जांच को लेकर मंगलवार को हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। पीड़ितों की ओर से दायर जनहित याचिका में एडवोकेट ने कोर्ट से 600 से ज्यादा पेज की जांच रिपोर्ट अध्ययन के लिए उपलब्ध कराने की मांग की।

कोर्ट ने कहा कि रिपोर्ट को सार्वजनिक रूप से जाहिर नहीं किया जा सकता। रिपोर्ट हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को सौंप दी गई है। संबंधित एडवोकेट रजिस्ट्रार के पास जाकर रिपोर्ट का अध्ययन कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान भागीरथपुरा त्रासदी के साथ इंदौर में अब भी सामने आ रहे दूषित पानी के मामलों का मुद्दा भी उठा।

याचिकाकर्ता के एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि शहर में अब भी दूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। निगम की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। भागीरथपुरा में 26 दिसंबर 2025 से 25 फरवरी 2026 के बीच दूषित पानी से 36 लोगों की मौत हुई थी। करीब छह महीने बाद इस मामले की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट के सामने है। इसी सुनवाई में शहर में दूषित पानी को लेकर सामने आ रही शिकायतों का मुद्दा उठने से यह मामला केवल पुरानी त्रासदी की जिम्मेदारी तय करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। हाईकोर्ट ने 27 जनवरी 2026 को रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया था। आयोग ने दूषित पानी के कारण, अधिकारियों की भूमिका, प्रभावित लोगों को राहत और मुआवजे समेत विभिन्न पहलुओं की जांच की है।

जंगल से वापस लौट आई नागिन, रेस्क्यू के बाद भी नहीं छोड़ी जगह

# 11 दिन से एक स्थान पर बैठे होने का दावा, पूजा शुरू, मंदिर बनाने की तैयारी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

एमपी में धार जिले के साली गांव में एक नागिन का लगातार एक ही जगह पर बने रहना आस्था और कौतूहल का विषय बन गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, वन विभाग के रेस्क्यू के बाद जंगल में छोड़े जाने के बावजूद नागिन कुछ ही समय में उसी जगह लौट आई। इसके बाद नागपंचमी पर यहां हजारों लोगों की भीड़ जुट गई और लोग इसे भगवान भीलट देव से जोड़कर देखने लगे।

धार जिले के गंधवानी क्षेत्र का छोटा सा गांव साली इन दिनों एक नागिन के कारण चर्चा में है। गांव में सड़क किनारे एक जगह पर लगातार कई दिनों से नागिन दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के मुताबिक, शुरूआत में जब नागिन नजर आई तो वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रेस्क्यू किया और गांव से दूर जंगल में छोड़ दिया। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने ग्रामीणों की उत्सुकता बढ़ा दी।

### जंगल में छोड़ा और कुछ घंटे बाद फिर वहीं दिखी

स्थानीय लोगों का दावा है कि जंगल में छोड़े जाने के कुछ घंटे बाद नागिन दोबारा उसी स्थान पर दिखाई दी। इसके बाद उसने वहां से हटने का नाम नहीं लिया। ग्रामीण शंकर निगवाल के अनुसार, नागिन दिन-रात लगभग उसी स्थान के आसपास दिखाई देती है। इसी वजह से लोगों का ध्यान लगातार उसकी ओर आकर्षित हो रहा है।



















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com